आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
भ. महावीर स्वामी जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 74 | उज्जैन, मंगलवार 31 मार्च, 2026 | चैत्र शुक्ल 13 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### बस्तर से लाल आतंक खत्म, कांग्रेस ने भोले-भाले आदिवासियों को अंधेरे में रखा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नक्सलमुक्त भारत के लिए सरकार के प्रयासों पर लोकसभा में जवाब दे रहे थे। शाह ने कहा- आदिवासी सालों से चाहते थे कि उनकी परेशानी उजागर हो लेकिन कई सालों तक इसका मौका नहीं दिया गया। शाह ने कहा- 1970 से 2026 तक चले नक्सलवाद के घटनाक्रम की आज संसद में चर्चा हो रही है। जो लोग नक्सलवाद की वकालात करते हैं उनसे पूछना चाहता हूं ये सब 1970 से अबतक क्यों नहीं हुआ था। गृह मंत्री ने कहा- मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि 75 साल में 60 साल तो राज आपने किया तो आदिवासी विकास से क्यों बच गए। 60 साल तक घर, स्कूल, मोबाइल टॉवर नहीं पहुंचने दिया और अब हिसाब मांग रहे हो। अपने गिरेबान में झांककर देखिए।

### केवल आरएसएस को ही विदेशी फंड मिलेगा : राहुल

**कोलकाता/गुवाहाटी।** देश के 5 राज्यों में अप्रैल में चुनाव हैं। सभी राज्यों में पार्टियों की जनसभा, रैली और प्रत्याशियों का जनसंपर्क जारी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज केरल दौरे पर हैं। उन्होंने कोट्टायम में कहा- विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम में संशोधन विधेयक लाया जाना है। जिसमें गंभीर बात है, क्योंकि इसके तहत केवल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ही विदेशी फंड प्राप्त कर सकेगा, जबकि अन्य संगठनों पर रोक लगा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आरएसएस में ऐसी क्या खास बात है कि उनके लिए अलग नियम हैं? वे नफरत फैलाते हैं और लोगों को बांटते हैं। भाजपा इसी तरह काम करती है। इससे पहले पतनमतिट्टा में राहुल ने कहा था कि नरेंद्र मोदी, डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में हैं।

### तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग

### बॉलीवुड फिल्म बनी धुरंधर 2



महज 11 दिनों में वर्ल्डवाइड कमाए 1350 करोड़
आमिर की दंगल को भी कर सकती है पीछे

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधरः द रिवेंज बॉलीवुड की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म का इंडियन कलेक्शन 846.87 करोड़ हो चुका है, जबकि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1350 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, 29 मार्च यानी रिलीज के दूसरे रविवार को फिल्म ने 68.10 करोड़ रुपए कमाए, जबकि 28 मार्च (शनिवार) को 62.85 करोड़ कमाए थे। ऐसे में 11 दिनों में फिल्म ने भारत में 846.87 करोड़ और वर्ल्डवाइड 1350 करोड़ कमा लिए। इस कलेक्शन के साथ धुरंधर 2 तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन गई है। यह फिल्म पिछले पार्ट धुरंधर के 1428 करोड़ के ऑल टाइम कलेक्शन को पार करने के करीब है, जो बॉलीवुड की दूसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म है। फिलहाल आमिर खान की दंगल पहले नंबर पर है। बॉलीवुड की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म धुरंधरः द रिवेंज, सभी भाषाओं में भारत की 5वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। यह आरआरआर और केजीएफ चैप्टर 2 का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है, लेकिन अब भी पुष्पा-2 और बाहुबली 2 से पीछे है। दंगल भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है, लेकिन भारत में इसका कलेक्शन सिर्फ 511 करोड़ था और ज्यादातर कमाई ओवरसीज से हुई। भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में बाहुबली 2 पहले स्थान पर है, जिसने 1429 करोड़ कमाए। दूसरे नंबर पर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 और तीसरे पर धुरंधर है।

### बूढ़े मां-बाप को बेसहारा छोड़ने वालों की खैर नहीं

**हैदराबाद।** अगर आप भी नौकरीपेशा हैं और अपने बूढ़े माता-पिता की देखभाल करने से कतराते हैं, तो यह खबर आपके लिए एक बड़ा अलर्ट है। तेलंगाना सरकार ने बुजुर्गों की अनदेखी करने वाले बच्चों पर नकेल कसने के लिए एक बेहद सख्त और ऐतिहासिक कानून पास किया है। इस नए नियम के तहत, अगर कोई भी कर्मचारी अपने माता-पिता को बेसहारा छोड़ता है, तो उसके वेतन से सीधा पैसा काटकर उसके मां-बाप के बैंक खाते में भेज दिया जाएगा। तेजी से बदलती लाइफस्टाइल के बीच बुजुर्गों के लिए यह कानून एक बड़ी संजीवनी माना जा रहा है। इस कड़े कानून का मुख्य मकसद उन लापरवाह कर्मचारियों को जवाबदेह बनाना है जो अपने माता-पिता को उनके हाल पर छोड़ देते हैं।

### युद्ध के बीच ईरान में 30 दिन से इंटरनेट ब्लैकआउट

**तेहरान।** मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट का संकट गहराता जा रहा है। नेटब्लॉक्स के अनुसार, देश में इंटरनेट बंदी का आज 30वां दिन है, जिसके चलते लाखों नहीं बल्कि करोड़ों लोग वैश्विक डिजिटल दुनिया से पूरी तरह कट चुके हैं। यह स्थिति उस समय पैदा हुई है जब यूएस और इजराइल के साथ जारी युद्ध जैसे हालातों ने पहले ही आम जीवन को प्रभावित कर रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 696 घंटे से अधिक समय से जारी इस ब्लैकआउट ने संचार, व्यापार और सूचना के आदान-प्रदान को गंभीर रूप से बाधित कर दिया है। हालांकि देश का घरेलू इंट्रानेट सिस्टम अभी भी काम कर रहा है, जिसके जरिए स्थानीय मैसेजिंग ऐप, बैंकिंग सेवाएं और कुछ सरकारी प्लेटफॉर्म संचालित हो रहे हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट तक पहुंच लगभग पूरी तरह बंद कर दी गई है।

---

रुपया डॉलर के मुकाबले सबसे कमजोर, पहली बार 1 डॉलर 95.58 का हुआ

# मोबाइल, सोना, तेल, विदेशी सामान खरीदना हुआ महंगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 30 मार्च को पहली बार 95 के पार पहुंच गया है। रुपया 88 पैसे कमजोर होकर 95.58 पर आ गया है। अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से रुपए में ये गिरावट आई है।

एक महीने में रुपया करीब 4% गिरा है। वहीं इस वित्त वर्ष में रुपया 10% से ज्यादा टूट चुका है। रुपए की कमजोरी का असर आम आदमी पर भी होगा। इससे विदेशों से इम्पोर्ट होने वाले सामान जैसे मोबाइल, सोना-चांदी, कच्चा तेल खरीदना महंगा हो जाएगा। इससे महंगाई बढ़ेगी।



डॉलर के मजबूत होने से कच्चे तेल की कीमतों में आया उछाल है। खाड़ी देशों के एनर्जी ठिकानों पर ईरान के हमलों के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार चली गई थी। भारत को डॉलर में भुगतान करना पड़ता है। तेल महंगा होने से डॉलर की मांग बढ़ी और रुपया कमजोर होता चला गया। विदेशी निवेशकों ने मार्च महीने में भारतीय शेयर बाजार से लगभग 12.3 अरब डॉलर निकाल लिए हैं। ग्लोबल अनिश्चितता और युद्ध के डर से विदेशी निवेशक भारत के बाजारों से अपना पैसा निकालकर सुरक्षित ठिकानों जैसे अमेरिकी बॉन्ड्स में लगा रहे हैं।

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से दुनिया का 20% और भारत का लगभग आधा तेल गुजरता है। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के कारण रूट बंद है। जब तक जंग होगी तब तक रुपए में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। एनर्जी की ऊंची कीमतें भारत की विकास दर को कम कर सकती हैं।

### रुपए में इस ऐतिहासिक गिरावट की सबसे बड़ी वजह क्या है?

इसकी सबसे बड़ी वजह कच्चे तेल की कीमतों में आया उछाल है। खाड़ी देशों के एनर्जी ठिकानों पर ईरान के हमलों के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गई थी। भारत अपनी जरूरत का 85% तेल आयात करता है, जिसके लिए हमें डॉलर में भुगतान करना पड़ता है। तेल महंगा होने से डॉलर की मांग बढ़ी और रुपया कमजोर हो गया।

### विदेशी निवेशकों का इसमें क्या रोल है?

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मार्च महीने में अब तक भारतीय शेयर बाजार से लगभग 12.3 अरब डॉलर (करीब 1.15 लाख करोड़ रुपए) निकाल लिए हैं। ग्लोबल अनिश्चितता और युद्ध के डर से विदेशी निवेशक भारत जैसे उभरते बाजारों से अपना पैसा निकालकर सुरक्षित ठिकानों जैसे अमेरिकी बॉन्ड्स में लगा रहे हैं। इतनी भारी बिकवाली से रुपए पर दबाव बहुत बढ़ गया है।

### सेंसेक्स 1636 अंक गिरकर 71,948 पर बंद

30 मार्च को सेंसेक्स करीब 1636 अंक (2.22%) की गिरावट के साथ 71,948 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 488 अंक (2.14%) की गिरावट रही, ये 22,331 के स्तर पर बंद हुआ। आज बैंकिंग, रियल्टी और ऑटो शेयरों में ज्यादा बिकवाली रही। आज कच्चे तेल के दाम में 2% की तेजी है, ये बढ़कर 116 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। 28 फरवरी को ईरान जंग शुरू होने से पहले कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर प्रति बैरल के आस-पास थे।



---

रीवा में महिला की हत्या, पुलिस को घाटनास्थल से मिला सिर्फ धड़

# सिर काटकर ले गए आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रीवा

प्रदेश के रीवा जिले में सोमवार को एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। महिला का शव घर के पीछे हिस्से में क्षत-विक्षत हालत में मिला, जबकि सिर धड़ से अलग था और अब तक बरामद नहीं हो सका है। मामला बिछिया थाना क्षेत्र के लोही गांव का है।

मृतक की पहचान लीलावती पटेल (60) के रूप में हुई है। वह घर में अकेली रहती थीं। गांव के लोगों ने उनकी बेटी को हत्या की सूचना दी, जिसके बाद उनकी बेटी नीता पटेल मौके पर पहुंचीं और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

नीता पटेल ने बताया कि उनकी मां की बेरहमी से हत्या की गई है और शरीर पर कई जगह गंभीर घाव हैं। उनका कहना है कि आरोपियों ने क्रूरता की हद पार करते हुए उनकी मां का सिर काटकर अपने साथ ले गए। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी मां की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी, ऐसे में हत्या का कारण समझ से परे है।



### पुलिस ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन

वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इसके साथ ही आसपास के करीब दो किलोमीटर के दायरे में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### डॉग स्क्वॉड की टीम सिर को कर रही तलाश

एसपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि फिलहाल किसी आरोपी को हिरासत में नहीं लिया गया है और महिला का सिर अब भी गायब है। डॉग स्क्वॉड की टीम भी जांच में जुटी हुई है। पुलिस संभावित सुराग इकट्ठा कर रही है और जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

### पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा केंद्र का फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने फैसला लिया है कि अब राशन की दुकानों के साथ-साथ पेट्रोल पंप पर भी केरोसिन मिल सकेगा। अब सरकारी तेल कंपनियां तय किए गए पेट्रोल पंपों से भी केरोसिन रख और बांट सकेंगी। हर जिले में राज्य सरकार या केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन अधिकतम 2 पेट्रोल पंप चुनेंगे, जहां यह सुविधा दी जाएगी। इन पेट्रोल पंपों पर अधिकतम 5 हजार लीटर तक केरोसिन रखा जा सकेगा। सरकार ने सप्लाई आसान बनाने के लिए 60 दिनों के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के नियमों में ढील दी है, ताकि जरूरतमंद परिवारों तक तेल समय पर पहुंच सके। सरकार ने ये फैसला अमेरिका-इजराइल के ईरान संघर्ष के कारण लिया गया है। मिडिल ईस्ट में जारी जंग के कारण भारत में गैस, पेट्रोल-डीजल की कमी है।

युवा विधायकों के सम्मेलन में बोले सीएम यादव

# राजनीति में मर्यादा और अनुशासन जरूरी



दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा में चल रहे युवा विधायक सम्मेलन में 3 राज्यों के 45 एमएलए मौजूद रहे। इनको संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- जनता के बीच बने रहने के लिए विनम्रता बनाए रखें। इलाके की अच्छाई के साथ कमजोरी को भी समझें। राजनीति में मर्यादा और अनुशासन जरूरी है। आज के दौर में दुनिया हमारी तरफ देख रही है कि भारत किस तरह 2047 के अमृत काल की तरफ बढ़ रहा है।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अपनी बात रखते हुए छात्र संघ चुनाव कराने की मांग रखी। उन्होंने कहा- हमारे यहां छात्र संघ चुनाव बंद हो गए। नेतृत्व की शुरूआत कॉलेज से होती है। कॉलेज के समय युवाओं के अंदर आग होती है सिस्टम से लड़ने की। वहां से शुरूआत होती है सोचविचार की और सिस्टम से लड़ने की। लोकतंत्र की जड़ें तभी मजबूत होंगी, जब इस देश में डेमोक्रेसी मजबूत रहेगी।

### दिल्ली पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी शब्बीर को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकी को गिरफ्तार किया है। आतंकी की पहचान शब्बीर अहमद लोन के रूप में हुई है। आरोपी हाल ही में मेट्रो पोस्टर केस में पकड़े गए लश्कर-ए-तैयबा मॉड्यूल का हैंडलर था। जांच में सामने आया है कि वह बांग्लादेश में बैठकर भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। यह पूरा नेटवर्क पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर संचालित हो रहा था।

### ईरान ने इजरायल के केमिकल प्लांट पर दागी मिसाइल

एजेंसी ▶▶ तेहरान

मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच इजरायल और ईरान के बीच सैन्य गतिविधियां तेज हो गई हैं। दक्षिणी इजरायल के एक औद्योगिक क्षेत्र में बड़ा हादसा हुआ है। ईरान द्वारा दागी गई एक मिसाइल का टुकड़ा एक केमिकल फैक्ट्री से टकरा गया जिसके बाद भीषण आग लग गई।

महाराष्ट्र में बड़ा हादसा : स्कॉर्पियो में थे 16 लोग सवार

# बस से टक्कर में 6 की मौके पर ही मौत, 5 गंभीर

एजेंसी ▶▶ गढ़चिरोली

महाराष्ट्र में गढ़चिरोली जिले के चामोरशी रोड पर एक भीषण दुर्घटना हुई। शादी समारोह से लौट रहे दूल्हों की स्कॉर्पियो कार को सामने से आ रही बस ने टक्कर मार दी। इस भयावह दुर्घटना में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है और 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जाता है कि स्कॉर्पियों में 16 लोग सवार थे।



स्कॉर्पियो एक शादी समारोह संपन्न होने के बाद रामपुर से भदभिड़ी मोकासा जा रही थी। इस वाहन में कुल 16 यात्री सवार थे। गढ़चिरोली-चामोरशी मार्ग पर तलोधी (मोकासा) गांव के पास एक खतरनाक मोड़ पर, विपरीत दिशा से आ रही एक यात्री बस ने स्कॉर्पियो को बुरी तरह टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो चकनाचूर हो गई। दुर्घटना की आवाज सुनते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को बचाने के लिए बचाव कार्य शुरू कर दिया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सभी यात्रियों को तुरंत गढ़चिरोली स्थित जिला अस्पताल ले जाया गया।

# नेवी कर्मचारी ने प्रेमिका के 3 टुकड़े कर सिर को जलाया

## शरीर का दूसरा हिस्सा बेड के नीचे, तीसरा फ्रिज में छिपाया, थाने पहुंचकर अपराध कबूला

एजेंसी ▶▶ विशाखापट्टनम

आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में एक शादीशुदा नेवी कर्मचारी ने रविवार को अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी। फिर उसके शव के कई टुकड़े कर दिए। इसके बाद खुद पुलिस स्टेशन गया और अपना अपराध को कबूल कर लिया।

मृतक की पहचान 31 साल की मोनिका के रूप में हुई है। वहीं आरोपी 35 साल का चिंतादा रविंद्र है। शुरूआती जांच के अनुसार, आरोपी ने प्रेमिका का सिर, हाथ और पैर को धड़ से अलग किया। पैरों और कूल्हे के हिस्से को ट्रॉली बैग में छिपा दिया। धड़ को फ्रिज में रखा।

सिर और हाथों को सुनसान इलाके में ले जाकर जलाने की कोशिश की। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो घर और फ्रिज में शव के टुकड़े मिले। मोनिका का सिर गायब था। पुलिस को शक है कि रविंद्र ने उसे किसी दूसरी जगह पर ठिकाने लगाया।

### पत्नी मायके गई थी, प्रेमिका को मिलने बुलाया था



पुलिस के मुताबिक, आरोपी इंडियन नेवल शिप डेगा में तैनात एक टेक्निशियन है। रविंद्र और मोनिका 2021 में मिंगल नामक डेटिंग ऐप पर मिले थे। इसके बाद दोनों अक्सर विशाखापट्टनम के अलग-अलग स्थानों जैसे पार्क और थिएटर में मिलते थे। धीरे-धीरे उनके बीच प्रेम संबंध बन गया। 2024 में रविंद्र ने दूसरी लड़की से शादी कर ली। आरोपी के अनुसार, शादी के बाद से मोनिका अक्सर उसकी पत्नी को सब कुछ बताने की धमकी देती थी। आरोपी ने दावा किया कि मोनिका ने उससे 3.5 लाख रुपये लिए थे। इसी वजह से दोनों के बीच लगातार झगड़े भी होते थे। कुछ हफ्ते पहले आरोपी की पत्नी अपने मायके विजयनगरम चली गई थी। इसका फायदा उठाकर आरोपी ने प्रेमिका को अपने घर पर समय बिताने के लिए बुलाया था।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## छोटे साहबों का जलवा...!




प्रशासनिक अधिकारी आमजन के साथ समन्वय की भूमिका अदा करें न करें लेकिन चौथा स्तंभ के साथ समन्वय की भूमिका में ही होते हैं। उसके पीछे कारण यही होता है कि निंदक की भूमिका वाला चौथा स्तंभ कभी भी उनकी सेवा को लेकर सवाल खडा कर सकता है। प्रशासनिक सुविधा में जन सामान्य से समन्वय,संपर्क एवं संवाद का भी पैसा सरकार इन्हें अदा करती है। इन दिनों जिले में जमकर यह बात जारी है कि बडे साहब तो आमजन और मिडिया के साथ समन्वय,संपर्क और संवाद के लिए तत्पर हैं लेकिन दो नंबर वाले छोटे साहबों का जलवा इतना तगडा है कि आमजन हो या चौथा स्तंभ वे किसी को भाव नहीं देते हैं। एक छोटे वाले साहब अतिरिक्त का दर्जा भी रखते हैं। तो अन्य छोटे वाले साहबों की स्थिति भी इनसे परे नहीं है। जैसे खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है वैसे ही हाल दिन प्रति दिन यहां भी हो रहे हैं। खास तो यह है कि इन छोटे वाले साहबों की स्थिति यह है कि सरकार से प्रतिमाह इन्हें मोबाईल रिचार्ज का पैसा दिया जाता है और वह भी अच्छे खासे प्लान वाला। जिसमें तीन माह की कालिंग फ्री और नेट तो भरपूर आ जाए लेकिन उसके बाद भी आमजन के टेक्स से पैसा लेने वाले छोटे वाले साहबों की गुस्ताखी देखें की वे जिसके टेक्स से सब कुछ पा रहे हैं उसे ही धकिया रहे हैं। एक के बाद एक ऐसे छोटे वाले साहब नित नए आ रहे हैं और घंटों उनके मोबाईल या तो व्यस्त रहते हैं या फिर आमजन के कालिंग के समय वे जादुई रूप से उसे मैसेज पर डाल देते हैं। खुसूर-फुसूर है कि व्यवस्थागत रूप से ही यहां जनतंत्र के मालिक को पूरे पौने 5 साल नौकर की भूमिका निभाना पडती है और मात्र तीन माह का मालिक रहता है। इसकी अपेक्षा 30 साला नौकर यहां मालिक बना रहता है और राजसी अंदाज में मालिक से बात ही नहीं करता उसके साथ हर वो व्यवहार करता है जो कदापि वाजिब नहीं कहा जा सकता है। एक नहीं अनेकों अजब गजब कथा है छोटे साहबों की ।

## निगम मुख्यालय में हुआ सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान समारोह



**उज्जैन।** नगर निगम परिवार में अपना सेवाकाल पूर्ण कर चुके कर्मचारियों का नगर निगम द्वारा सेवानिवृत सम्मान समारोह सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में आयोजित करते हुए सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों का एमआईसी सदस्य डॉ योगेश्वरी राठौर, उपायुक्त मनोज मौर्य द्वारा शाल, श्रीफल, भगवत गीता, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर नगर निगम में दीर्घ एवं गौरवशाली सेवाकाल पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी रविंद्र पिता केवल राम त्रिवेदी सहायक वर्ग 3 राजस्व विभाग, इब्राहिम पिता छोटिया श्रमिक शिल्पज्ञ विभाग, श्रीमती फातमा पति कासिम सफाई संरक्षण स्वास्थ्य विभाग, रफीक पिता बाबू सफाई संरक्षण स्वास्थ्य विभाग, बालकिशन परमार वायरमैन पीएचई विभाग, मदन लाल चौहान बागवान पीएचई विभाग, सुरेंद्र राठौर ड्राइवर पीएचई विभाग का सम्मान किया गया।

इस दौरान सहायक यंत्री डीएस परिहार, राकेश वास्कले, झोनल अधिकारी, श्याम शर्मा, कर्मचारी संघ से डॉ पवन व्यास, मनसुख मेहरवाल, शैलेश नागर, रमेश रघुवंशी एवं निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नगर निगम के एक और मार्केट पर उठी अंगुली,8.50 लाख कीमत की एक दुकान

# नया मछली मार्केट के निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

### ऐसा निर्माण की फर्श के नीचे मात्र चूरी ही निकल रही, सीमेंट जमीन खा गई...!

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



खाद्य ठिए के करोडों के सब्जी मार्केट के फ्लाप शो के बाद नया फ्लाप शो फाजलपुरा नगर कोट मंदिर के पास का मछली मार्केट सामने आया है। नगर निगम ने करीब 4 साल पहले ही इसका निर्माण पूर्ण कर दुकानें विक्रय की थी। नए नकोर मछली मार्केट के निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। मार्केट के तल की फर्श के नीचे मात्र चुरी ही रखी गई है। संभवतः ठेकेदार सीमेंट रखना भूल गया या सीमेंट जमीन खा गई।

नगर निगम ने फाजलपुरा में नगरकोट के पास में मछली मार्केट का निर्माण किया है। 4 वर्ष पूर्व इस मार्केट का उद्घाटन किया गया था। इसमें दो तल पर दुकानें बनाई गई है। भूतल पर 12 दुकानें हैं एवं उपरी तल पर करीब 20 से अधिक दुकानें बनाई गई है। इन दुकानों की कीमत 8.50 लाख है। करीब पौने तीन करोड से अधिक राशि में इस मार्केट का निर्माण किया गया था।मार्केट में तल की सभी दुकानें बिकी हुई बताई जा रही है जबकि उपरी सिरे की दुकानों में से कई खाली पडी है। लागत ज्यादा होने से इनके खरीददार सामने नहीं आ रहे हैं। इसकी पूरी लागत की मांग 4 माह होन से भी व्यापारी घबरा रहे हैं। वर्ष 2021-22 से ही मार्केट का संचालन शुरू हुआ है।

### हाथ से उठाने पर फर्श उठ रहा

नए नकोर मछली बाजार में फर्श की स्थिति ऐसी है कि उसे हाथ से ही उठाया जा सकता है। फर्श के नीचे चूरी ही बिछी दिखती है सीमेंट सिरे से गायब है। कई स्थानों से फर्श चटक गया है। उपरी छोर की दुकानों में काफी कुछ टूट फूट कर दी गई है। यहां असामाजिक तत्वों की बैठक होने से ऐसा होना सामने आ रहा है। बाजार नया होने के बावजूद अभी से ऐसा नजर आने लगा है जैसे एक दशक से अधिक पुराना हो। निर्माण की गुणवत्ता पर भी इससे सवाल खडे हो रहे हैं।

### फर्श टूटने पर उठे सवाल

नया मार्केट के फर्श टूटने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि क्षमता से अधिक भार के वाहन यहां लाए जा रहे हैं। इस पर व्यापारियों का कहना है कि भूतल स्तर के फर्श पर ऐसा सवाल नगर निगम की कार्यप्रणाली पर ही सवाल खडा कर रहा है। दुकानों में भंडारण के लिए वाहनों का आना तय था। ऐसे में नगर निगम ने मार्केट निर्माण के पूर्व योजना में इस पर विचार नहीं किया था क्या। इसके अलग फर्श के नीचे मात्र चूरी और रेती ही रखी हुई सामने आ रही है। फर्श को हाथ से उठाने पर ही वह उठ रही है। निर्माण एवं उद्घाटन के लिए दो फर्श के बीच में सीमेंट लगी होने से मात्र कुछ समय ही वह टीक सकी है। अब उससे असलियत सामने उजागर हो रही है।

### मार्च में चौथी बार मौसम ने पलटा खाया, आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि का खतरा मंडराया, अगले तीन दिन मौसम के हालात ऐसे ही बने रहने की संभावना प्रबल

# पहले आसमान लाल हुआ फिर बरसे बादल बाद में ओलावृष्टि

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



सप्ताह की शुरूआत में ही मौसम ने पलटा खाया है। दिन भर की कडी धूप के बाद अपरांह में एक दम से आसमान में बादल लाल हो गए और उसके कुछ देर बाद लाल बादलों से बारिश की बडी-बडी बूंदों ने धरती को गिला कर दिया। देर शाम तक जारी बारिश के दौरान रात में करीब 10 मिनट तक ओलावृष्टि हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में आंधी के साथ बारिश ओलावृष्टि होने की जानकारी सामने आ रही है। ओलावृष्टि से साईड मिरर एव वाहनों के कांच फूटने की बात भी सामने आ रही है।

मौसम की एकदम करवट ने किसानों को चिंता में ला दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में गेंहु की फसल की कटाई का अंतिम दौर चल रहा है। ऐसे में गेंहु के गिले होने के आसार बने हुए हैं। कुछ स्थानों पर फसल अंतिम दौर में सूखने पर है। ऐसे स्थानों पर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें देखी जा रही है। मौसम का यह बदलाव मार्च माह में चौथी बार देखा जा रहा है।

### 10 मिनट के लिए ओलावृष्टि

उज्जैन शहरी क्षेत्र में रात 8.20 बजे के लगभग बारिश की बडी-बडी बूंदों के साथ आकस्मिक रूप से आसमान से आफत भी बरसने लगी। ओलावृष्टि से सडकें सफेद छेद सी दिखाई देने लगी थी। करीब 10 मिनट की ओलावृष्टि में घरों पर लगे पतरों से जोरदार आवाज आने लगी और वाहनों से भी आवाजें आ रही थी। सडकों पर चने के आकार से अधिक बडे ओले देखे गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारिश के साथ ओलावृष्टि की सूचना समाचार लिखे जाने तक सामने आ रही थी। इस दौरान कुछ लोगों ने वाहनों में साईड मिरर एवं वाहनों के कांच फूटने का दावा भी किया है।

### रविवार से ही बदला

रविवार से मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। प्रदेश में अगले चार दिन तक आंधी-बारिश का दौर बने रहने के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ और ट्रफ लाइन की सक्रियता के चलते यह बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार 30 और 31 मार्च को इसका असर सबसे ज्यादा रहेगा, जब कई हिस्सों में तेज गतिविधि दर्ज की जाएगी। शनिवार को प्रदेश के पूर्वी हिस्से में सक्रिय रहे मौसम सिस्टम अब आगे बढ़ रहे हैं, जिससे रविवार से इसका प्रभाव व्यापक होगा। आने वाले 24 घंटे में ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग में बारिश के साथ तेज हवाएं चलने का अनुमान है। हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

### कल से कमजोर होगा सिस्टम

मौसम विभाग का कहना है कि 30 मार्च से सिस्टम ज्यादा असर दिखाएगा। भोपाल, इंदौर,ग्वालियर, चंबल, उज्जैन, सागर और रीवा संभाग के कई जिलों में आंधी, बारिश और गरज-चमक का असर रहेगा। 31 मार्च को भी हालात ऐसे ही बने रहेंगे। 1 अप्रैल से सिस्टम कमजोर पड़ने लगेगा, लेकिन इसके बावजूद 20 से ज्यादा जिलों में हल्की बारिश होने के संकेत हैं।

### गिरेगा दिन का तापमान

आंधी-बारिश के चलते दिन के तापमान में गिरावट दर्ज होगी, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिलेगी। फिलहाल अधिकांश शहरों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस या उससे ज्यादा बना हुआ है। मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट का अनुमान जताया है।

### उज्जैन में 12 किमी की हवाएं चली

मौसम के करवट बदलने के साथ ही सोमवार अपरांह से उज्जैन में 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाओं ने गति पकड ली है। शाम को बारिश भी दर्ज की गई है। शहरी क्षेत्र के अलग झअलग हिस्सों में बारिश रही। इसके अलावा आसपास के अंचल में भी बारिश की स्थिति देखी गई है। शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार सोमवार को न्यूनतम तापमान 19.5 एवं अधिकतम 37 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। सुबह आर्द्रता 75 एवं शाम को 49 प्रतिशत दर्ज की गई है ।सुबह के समय हवाओं की गति शुन्य थी जो शाम को 12 किलोमीटर प्रति घंटे से चल रही थी।

# प्रति यूनिट खपत के आधार पर उपभोक्ताओं से वसूला जाएगा स्मार्ट मीटर लगाने का खर्च

### स्मार्ट मीटरों की संख्या बढने के साथ ही उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ बढ़ेगा, जिससे बिजली की दरें बढ़ेंगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन में भी भले ही स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जारी हो लेकिन इस मीटर को लगाने का खर्च अर्थात इस्टालेशन, मेंटेनेंस, ऑपरेशन आदि जैसे खर्च बिजली बिलों के माध्यम से उपभोक्ताओं से ही वसूला जाएगा।

जो जानकारी प्राप्त हुई है उसके अनुसार विद्युत विनियामक आयोग के हालिया टैरिफ के अनुसार, स्मार्ट मीटरों की संख्या बढने के साथ ही उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ बढ़ेगा, जिससे बिजली की दरें बढ़ेंगी। अब स्मार्ट मीटर का खर्च प्रति यूनिट खपत के आधार पर बिजली बिलों में शामिल कर वसूला जाएगा। इस बीच, सरकार स्मार्ट प्रीपेड मीटर इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को 25 पैसे प्रति यूनिट की अतिरिक्त छूट और सोलर आवर (सुबह 9 से शाम 5 बजे) में 20 प्रतिशत की छूट दे रही है।

गौरतलब है कि मप्र विद्युत विनियामक आयोग के हालिया टैरिफ आदेश में खुलासा हुआ है कि बिजली वितरण कंपनियां वित्तीय वर्ष 2026-27 में उपभोक्ताओं से कुल 513.62 करोड़ का लीज चार्ज वसूलेंगी। यह राशि सीधे बिल में अलग से नहीं दिखाई देगी, बल्कि बिजली दरों (टैरिफ) में शामिल कर धीरे-धीरे वसूली जाएगी। गौरतलब है कि स्मार्ट मीटर परियोजना को केंद्र सरकार की आरडीएस योजना के तहत लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बिजली आपूर्ति को अधिक पारदर्शी विश्वसनीय और कुशल बनाना है। स्मार्ट मीटर से रियल-टाइम डेटा मिलने से बिलिंग में गड़बड़ी कम होगी, बिजली चोरी पर अंकुश लगेगा और लाइन लॉस घटाने में मदद मिलेगी। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीकी सुधार के साथ-साथ इसका आर्थिक असर भी उपभोक्ताओं को झेलना पड़ेगा। चूंकि यह खर्च टैरिफ में जोड़ा जाएगा, इसलिए आने वाले समय में बिजली बिलों में बढ़ोतरी का असर साफ दिखाई दे सकता है। उल्लेखनीय है कि उज्जैन सहित प्रदेश में कुल 1,41,44,119 स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। पहले चरण में 58,65,372 और दूसरे चरण 82,78,747 स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के लिए आयोग ने बिजली कंपनियों को 31 मार्च 2028 तक का समय दिया है। स्मार्ट मीटर टोटेक्स मॉडल पर लगाए जा रहे हैं। इस मॉडल में मीटर लगाने, संचालन और रखरखाव का पूरा खर्च एक निजी एजेंसी उठाती है और बिजली कंपनियां उसे किस्तों के रूप में भुगतान करती हैं। यह लागत अंततः उपभोक्ताओं से वसूली जाती है। आयोग ने इस मंजूरी को पूरी तरह अंतिम नहीं माना है, बल्कि इसे अस्थायी रूप से स्वीकृत किया है। भविष्य में टू-अप प्रक्रिया के दौरान कंपनियों के वास्तविक खर्च और प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी। यदि कंपनियां तय लक्ष्यों-जैसे समय पर स्मार्ट मीटर लगाना, सही बिलिंग और सेवाएं देना-पूरा नहीं कर पाती हैं, तो इस राशि में कटौती भी की जा सकती है।

### शॉर्ट रूट बनाने की प्रक्रिया शुरू

# रतलाम -उज्जैन के बीच दूरी घटकर रह जाएगी मात्र 74 किमी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मप्र सरकार द्वारा उज्जैन और रतलाम के बीच नया शॉर्ट रूट बनाने की योजना को मंजूरी देने के बाद विभाग द्वारा इस कार्य को धरातल पर लाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दोनों शहरों के बीच शॉर्ट रूट निर्धारित होने से सबसे अधिक लाभ ग्रामीण क्षेत्रों और सिंहस्थ में श्रद्धालुओं को मिलेगा।

रतलाम और उज्जैन शहर के बीच बनने जा रहे शॉर्ट रूट को मंजूरी दिए जाने के बाद अब इस प्रोजेक्ट को पूर्ण करने हेतु प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दोनों शहरों के बीच शॉर्ट रूट का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद दूरी 115 किलोमीटर से घटकर मात्र 74 किलोमीटर रह जाएगी। सरकार के इस प्रोजेक्ट को रतलाम जिले के लिए औद्योगिक विकास के रूप में भी काफी अहम माना जा रहा है। इसके अलावा सरकार रतलाम-खाचरोद फोरलेन हाईवे का नागदा तक विस्तार करने की योजना भी बना रही है।

### ग्रामीण क्षेत्रों और सिंहस्थ में उपयोगी होगा

मप्र सरकार द्वारा उज्जैन और रतलाम के बीच नया शॉर्ट रूट बनाने की योजना को मंजूरी देने के बाद विभाग द्वारा इस कार्य को धरातल पर लाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दोनों शहरों के बीच शॉर्ट रूट निर्धारित होने से सबसे अधिक लाभ ग्रामीण क्षेत्रों और सिंहस्थ श्रद्धालुओं को मिलेगा। प्रदेश सरकार की राज्य में सड़क संपर्क को बेहतर बनाने के लिए रतलाम से उज्जैन के बीच नई शॉर्ट रूट परियोजना से रतलाम और उज्जैन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की रफ्तार तेज होगी। इसके अलावा रतलाम और उज्जैन के बीच नया शॉर्ट रूट बनने से सिंहस्थ महापर्व के दौरान प्रदेश के लाखों श्रद्धालुओं को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और समय की भी बचत होगी। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद विभाग द्वारा इस रोड के निर्माण हेतु प्रारंभिक सर्वे पुर्ण कर लिया गया है। अब आने वाले समय में जल्द ही रतलाम और उज्जैन के बीच बनने जा रहे शॉर्ट रूट के निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी।

## आज आखिरी मौका.. संपत्तिकर-जलकर पर सरचार्ज में बड़ी छूट, कल से खत्म होगी राहत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम द्वारा बकाया संपत्तिकर और जलकर पर दी जा रही सरचार्ज छूट का आज (31 मार्च) अंतिम दिन है। शासन के निदेर्शानुसार नेशनल लोक अदालत के तहत यह विशेष छूट दी जा रही है, जिसके बाद करदाताओं को पूरा अधिभार चुकाना पड़ेगा।

### किसे कितनी राहत, संपत्तिकर पर छूट..

• 50 हजार रुपये तक बकायाः 100% सरचार्ज माफ • 50 हजार से 1 लाख तकः 50% छूट • 1 लाख से अधिकः 25% छूट • जलकर/उपभोक्ता प्रभार पर छूटः • 10 हजार रुपये तकः 100% छूट • 10 हजार से 50 हजार तकः 75% छूट • 50 हजार से अधिकः 50% छूट • यह छूट केवल एक बार के लिए लागू है।

### निगम की रणनीति: राजस्व बढ़ाने पर फोकस

नगर निगम की यह पहल बकाया कर वसूली को बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। आमतौर पर बड़ी संख्या में करदाता सरचार्ज के कारण भुगतान टालते हैं, ऐसे में छूट देकर लंबित राशि वसूलने की कोशिश की जा रही है।

### अपील: आज ही जमा करें बकाया

महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव और आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा सहित निगम अधिकारियों ने करदाताओं से अपील की है कि वे अंतिम दिन का लाभ उठाकर अपना बकाया कर जमा करें और शहर के विकास में योगदान दें।

# बिजली दर वृद्धि और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

### 1 अप्रैल से पहले निर्णय की मांग, 1 अप्रैल से प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि रोकने की मांग.. गैस-ईंधन संकट और गेहूं खरीदी में देरी को लेकर सरकारों पर निशाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने महंगाई, बिजली दरों में बढ़ोतरी और आवश्यक वस्तुओं की कथित कमी के विरोध में प्रदर्शन कर कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने इन मुद्दों को आम जनता और किसानों से जुड़ा बताते हुए त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और पेट्रोल-डीजल की कमी से आम लोगों का खर्च बढ़ा है। कांग्रेस का आरोप है कि इन परिस्थितियों में आम उपभोक्ता का मासिक बजट प्रभावित हो रहा है और जीवन यापन कठिन होता जा रहा है।




### बिजली दर बढ़ोतरी पर आपत्ति

ज्ञापन में 1 अप्रैल 2026 से प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि का विरोध करते हुए कहा गया कि पहले से बढ़ी महंगाई के बीच बिजली महंगी करना उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालेगा। पार्टी ने इस फैसले को वापस लेने की मांग की है।

### गेहूं खरीदी में देरी पर सवाल

कांग्रेस ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख 1 अप्रैल से बढ़ाकर 10 अप्रैल किए जाने को किसानों के लिए नुकसानदायक बताया। पार्टी का कहना है कि इस देरी से किसानों को कम कीमत पर फसल बेचने की मजबूरी हो सकती है।

### आपूर्ति व्यवस्था सुधारने की मांग

ज्ञापन में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। कांग्रेस ने राज्यपाल से आग्रह किया कि केंद्र और राज्य सरकार को आम जनता को राहत देने के निर्देश दिए जाएं। प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, संगठन महासचिव अजय राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष संचित शर्मा, अभिषेक शर्मा, बबलू खींची, आनंद मीणा, रहीम लाला, चंद्रभान सिंह चंदेल, दुर्गेश धवन, इमरान खान, अर्पित दुबे, देवव्रत यादव, सपना सांखला, प्रेमलता रामी, अनवर खान, छोटेलाल मंडलोई, धीरज यादव, सादिक कुरैशी, चैन सिंह चौधरी, चंदू यादव, बंटी वसीम, भगवान बड़गुर्जर, सुरेश गहलोत, दीपेश जैन, अर्पण राठौर, कृष्णा यादव, शुभम यादव, ललित बम, इमरान शाह, आबिद खान, सोनिया ठाकुर, सीमा पटेल, रश्मि त्रिवेदी, नीलम विश्वास, उषा मालवीय, सबा कुरैशी, अतुल सक्सेना, राहुल लोट, प्रकाश सोलंकी, चुन्नीलाल ध्रेय, गजेंद्र मारोठिया, राहुल गहलोत, संदीप सूर्यवंशी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

दैनिक अवन्तिका 57 since 1968



## न्यूज कॉलम

### महिला क्रिकेट टीम की सदस्य स्नेहा राणा महाकाल मंदिर पहुंचीं

**उज्जैन।** महाकालेश्वर की प्रसिद्ध भस्म आरती में शामिल होने के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्नेहा राणा सोमवार तड़के उज्जैन पहुंचीं। वे सुबह करीब 4 बजे मंदिर पहुंचीं और नंदी हॉल में करीब 2 घंटे बैठकर भगवान महाकाल की आराधना की। उन्होंने भस्म आरती में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद लिया। आरती के बाद स्नेहा राणा ने चांदी द्वार से भगवान महाकाल को जल अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की। बताया जा रहा है कि स्नेहा राणा अपने पारिवारिक मित्रों के साथ उज्जैन आई थीं। इससे पहले भी वह कई बार बाबा महाकाल के दर्शन करने आ चुकी हैं। इस दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से स्नेहा राणा का विधिवत स्वागत एवं सत्कार किया गया।

### सिंहस्थ क्राउड कंट्रोल प्लान प्लेटफॉर्म निर्माण शुरू

**उज्जैन।** सिंहस्थ-2028 के लिए क्राउड कंट्रोल के लिए रेलवे ने पंवासा में नया रेलवे स्टेशन बनाने का निर्णय लिया है। 600 मीटर लंबा हाई लेवल स्थाई प्लेटफॉर्म बनाने के साथ ही यहां टीनशेड लगाकर नया स्टेशन तैयार किया जा रहा है। सिंहस्थ में उज्जैन मुख्य स्टेशन पर ज्यादा लोड आने की स्थिति में भोपाल ट्रैक से आने वाली ट्रेनों को पंवासा स्टेशन पर ही रोक दिया देंगे। नया स्टेशन पंवासा क्षेत्र से निकले गरोठ रोड के पास बनेगा। भोपाल की कंपनी को निर्माण का जिम्मा भी दे दिया और कंपनी ने पक्का निर्माण शुरू कर दिया। कंपनी ने गर्मी के सीजन के 3 माह में प्लेटफॉर्म का ज्यादातर काम पूरा कराने की प्लानिंग से काम शुरू किया है।

### पहली बार क्रिकेटरों की नीलामी आज



**एमपीएल में खिलाड़ी खरीदेंगी टीमें, 12.5 लाख में वेंकटेश अय्यर और 7 लाख में रजत पाटीदार रिटेन**

**इंदौर।** 31 मार्च को पहली बार मध्य प्रदेश क्रिकेट लीग के लिए नीलामी होने जा रही है। यह पहली बार है जब लीग में खिलाड़ियों की आईपीएल की तर्ज पर नीलामी हो रही है। नीलामी में फ्रेंचाइजी टीमें अपनी पसंद के क्रिकेटरों की बोली लगाकर खरीदेंगी। इससे खिलाड़ियों पर धन वर्षा होने की उम्मीद है और प्रतिभाओं को बड़ा मंच मिलेगा। नीलामी में तेज गेंदबाज आवेश खान, कुलदीप सेन, आक्रामक बल्लेबाज आशुतोष शर्मा, अनिकेत वर्मा के अलावा माधव तिवारी जैसे नाम शामिल हैं। वहीं वेंकटेश अय्यर और रजत पाटीदार को रिटेन किया जा चुका है। व्यंक्टेश अय्यर को टीम ने 12.5 लाख रुपए और रजत को 7 लाख रुपए में रिटेन किया गया है। एमपीएल आईपीएल के ठीक बाद खेली जाएगी। नीलामी ब्रिलियंट कंवेशन सेंटर में दोपहर 3 बजे से शुरू होगी। मप्र क्रिकेट लीग के बीते दो संस्करण बेहद सफल रहे हैं और इनसे निकले कई खिलाड़ी आइपीएल में चमक बिखेर रहे हैं। मप्र लीग में खेलने के लिए दूसरे राज्यों की टीम छोड़कर भी कई खिलाड़ी मध्य प्रदेश आए हैं। इनमें अजय रोहेरा, पुनीत दाते, आनंद सिंह बैस के नाम शामिल हैं। तीनों खिलाड़ी पहले मध्य प्रदेश से ही खेला करते थे। पर्याप्त प्रतिनिधित्व न मिलने के चलते पुडुचेरी राज्य का प्रतिनिधित्व करने लगे थे। मप्र लीग में खेलने के लिए अब तीनों ने पुडुचेरी से नाता तोड़ लिया है। आगामी सत्र में यह मप्र टीम में चयन के लिए उपलब्ध होंगे। मध्य प्रदेश से ही खेलने वाले आक्रामक बल्लेबाज आशुतोष शर्मा भी लीग में शामिल होंगे। आशुतोष घरेलू क्रिकेट में रेलवे का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे आइपीएल में दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने रेलवे टीम नहीं छोड़ी है, लेकिन चूंकि रेलवे की अपनी कोई लीग नहीं होती।

### कुर्सी नहीं मिलने से बीजेपी-नेता ने सीएम का कार्यक्रम छोड़ा

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को इंदौर दौरे पर हैं। इंदौर पहुंचते ही उन्होंने एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शुभारंभ किया। इसके बाद वे मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां कई जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। इधर, सीएम संकल्प से समाधान अभियान के तहत दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यनारायण सत्तन को नर्मदा को कार्यक्रम में मंच पर बैठने के लिए कुर्सी नहीं मिली, तो वे कार्यक्रम छोड़कर निकल गए। जानकारी के अनुसार, एमआईसी सदस्य बबलू शर्मा से बैठने को लेकर हुई बातचीत के दौरान उनकी कही बात से नाराज होकर सत्तन वहां से चले गए। वहीं, बबलू शर्मा ने बताया कि सत्तन जी की कुर्सी आगे ही थी, लेकिन उस पर नाम की पर्ची नहीं लगी थी।

### एमएसपी गेहूं खरीदी तिथियों में संशोधन, नई तारीख घोषित


**उज्जैन।** मध्यप्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीदी की तिथियों में संशोधन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार इंदौर संभाग, उज्जैन संभाग, भोपाल संभाग और नर्मदापुरम संभाग में अब समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 10 अप्रैल से शुरू होगा। पूर्व में इन संभागों में खरीदी एक अप्रैल से शुरू किए जाने का प्रस्ताव था, जिसे अब संशोधित कर दिया गया है। वहीं, उपरोक्त चार संभागों को छोड़कर प्रदेश के अन्य सभी संभागों में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 15 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। इंदौर में सुचारू व्यवस्था के लिए कुल 90 उपार्जन केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 65 गोदाम स्तरीय केंद्र, 13 समिति स्तरीय केंद्र, 7 स्टील सायलो स्तरीय केंद्र और 5 मंडी स्तरीय केंद्र शामिल हैं।

## किसानों के हित में कांग्रेस संगठन के किया विरोध प्रदर्शन

# गैस सिलेण्डर की काला बाजारी बंद करें - मुरली मोरवाल

### कोर्ट चौराहा से रैली निकालकर दिया धरना, तहसील कार्यालय पर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन एस.डी.एम. को सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर





प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में व जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष अशोक जाट की मुख्य उपस्थिति में बड़नगर विधानसभा क्षेत्र के किसानों व आमजन कि समस्याओं के संबंध में कोर्ट चौराहा से रैली निकालकर व धरना देकर तहसील कार्यालय पर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन एस.डी.एम. को सौंप कर विभिन्न मांगों को पूर्ण करने के लिए पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने अवगत कराया कि गेंहू पंजीयन में शासन द्वारा देरी से खरीदी करने से किसानों के कृषि लोन जमा करने की तारीख 30 अप्रैल कि जावें, किसानों की गेहूं की फसल का समर्थन मूल्य 2700 किया जावें।

किसानों की गेहूं की फसल का समर्थन मूल्य से नीचे मण्डियों में बिक रही हैं जिस पर शासन द्वारा भावांतर राशि दी जावे, बड़नगर में आम जन को एल.पी.जी. गैस की उपलब्धता नहीं होने से गैस के लिए आमजन परेशान हो रहे हैं तथा गैस एजेन्सी पर भी नम्बर लगाने के बाद भी टंकी सुगमता से नहीं मिल रही हैं। हमारी मांग हैं शादी विवाह व पगड़ी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए भी गैस की उपलब्धता कराई जाई। साथ ही गैस सिलेण्डर की काला बाजारी को भी रोका जावें व ग्रामीण का सिलेण्डर ग्रामीण में व शहर का सिलेण्डर शहर में उपलब्ध कराया जावें तथा गैस सिलेण्डर की समस्या को अतिशीघ्र हल किया जावें, विद्युत मण्डल द्वारा जनता से अवैध बिल के नाम से जबरन वसूली की जा रही हैं, अवैध वसूली रोकी जावें, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष अशोक जाट के खिलाफ झूठा प्रकरण दर्ज किया गया हैं, जिसे निरस्त किया जावें। साथ ही मण्डी में हो रही अव्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि कृषि उपज मण्डी में आये दिन किसानों को अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। साफ-सफाई व पीने के पानी की उचित व्यवस्था हैं व तुलावटी के समय भी समस्या का सामना करना पड़ता हैं।

#### सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस समर्पित कार्यकर्तागण उपस्थित हुए

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत उपाध्याय, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल माली, प्रवीण बिलाला, मनोहरलाल शर्मा, पार्षद फकिर मोहम्मद, जनपद सदस्य राधेश्याम परमार, प्रहलादसिंह देवड़ा, वासिफ काजी, किसान कांग्रेस खरसोदकलां ब्लॉक अध्यक्ष गोविन्द माली, एडव्होकेट राधेश्याम यादव, पूर्व जनपद सदस्य मदमसिंह माथुर, पूर्व युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण मोरवाल, मण्डलम् अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण यादव, उमाशंकर मेहता, मुकेशसिंह देवड़ा, युवा कांग्रेस बड़नगर ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण वड़छा, युवा कांग्रेस इंगोरिया ब्लॉक अध्यक्ष राहुल सोलंकी, बापूसिंह चावड़ा, नवीन सरवटे, रामेश्वर बैरागी, मांगूसिंह पंवार, चेनसिंह पंवार, नारायणसिंह राठोर, दिनेश सनोलिया, सरंपच रंगलाल यादव, दिनेश भट्ट, बालाराम कुण्डेलवती, भानुप्रतापसिंह राठोर, दौलत चौधरी, पूर्व पार्षद सुनिल मकवाना, दिनेश पटेल, रामचन्दर धबाई, हुकुमचंद हारोड़, अनिल जाट, चांद खा, राधेश्याम मालीवय, राहुल मालवीय, अजय दीक्षित, दशरथ पाटीदार, पवन प्रजापत, ज्ञापन का वाचन एडव्होकेट निलेश शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस सर्मर्पित कार्यकर्तागण उपस्थित हुए। उक्त जानकारी पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष मुकेशसिंह देवड़ा ने दी।

## आरटीओं के अनुमान को भी क्रास कर गया वाहन विक्रय

# कमाई 225 करोड़ पार, खरीददारों को भी छूट इतनी ही

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

**सवा माह के विक्रम व्यापार मेले में 41 हजार 538 वाहनों का विक्रय**

लगातार तीसरे वर्ष विक्रम व्यापार मेला ने वाहनों के विक्रय में कीर्तिमान रच दिया है। यह संख्या ग्वालियर व्यापार मेले को भी चुनौती देने वाली है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष मालवीय के अनुमान से भी करीब डेढ़ हजार से अधिक वाहन मेला में विक्रय हुए हैं। मेले में परिवहन विभाग को पंजीयन सहित अन्य करों के रूप में 225 करोड़ से अधिक की कमाई हुई है। देर रात तक यह आंकड़ा और ऊपर जा सकता है। इतनी ही राशि की छूट मेले में वाहन क्रय करने वालों को भी मिली है।



वर्ष 2026 के विक्रम व्यापार मेले में वाहनों के विक्रय को लेकर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने मेले के शुरूआती दौर में करीब 40 हजार वाहनों के विक्रय का अनुमान जताया था। उनके अनुमान को भी इस बार का मेला पार कर गया है। मेले के अंतिम दिन रविवार को ही करीब डेढ़ हजार से अधिक वाहनों का विक्रय हुआ है। इस तरह से सवा माह के मेले में 41 हजार 538 वाहनों का विक्रय हुआ है।

**विक्रय आंकड़ा**

| वाहन का प्रकार | विक्रय संख्या |
|---|---|
| 2 व्हीलर | 6958 |
| 4 व्हीलर | 32548 |
| कमर्शियल | 2032 |
| कुल विक्रय | 41538 |

स्त्रोत-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, उज्जैन

इस वर्ष 16 फरवरी से 19 मार्च के लिए उज्जैन में विक्रम व्यापार मेले का आयोजन किया गया था। बीच में मौसम की गड़बड़ को देखते हुए एवं अन्य कारणों को लेकर मेला अवधि 10 दिन बढ़ाई गई है। इसके चलते मेला 29 मार्च तक मेला रहा। मेला अवधि बढ़ने के कारण अंतिम 10 दिनों में करीब 11 हजार वाहन मेले में विभिन्न कंपनियों ने विक्रय किए हैं। खरीदे गए बाइक, कार एवं अन्य निजी वाहनों जैसे गैर व्यवसायिक परिवहन वाहनों पर मोटरयान कर में 50 प्रतिशत की छूट दी गई है।

**अनुमान पार कर गया विक्रय -** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष मालवीय बताते हैं कि शुरूआत में करीब 40 हजार के लगभग वाहन विक्रय का अनुमान था। इस वर्ष यह अनुमान भी क्रास हो गया है। वर्ष 2025 में कुल 36225 वाहन बिके थे। अनुमान के विरूद्ध वाहनों के विक्रय ने मेले की सफलता को प्रदर्शित किया है।

**इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में दूसरा वर्ष-** मेले में चौपहिया वाहनों की 123 दुकानें, दोपहिया वाहनों की 40 दुकानें और फूड जोन की 60 दुकानें सहित कुल 223 दुकानें हैं। ग्वालियर की तर्ज पर उज्जैन में वाहन विक्रय मेले की शुरूआत वर्ष 2024 में दशहरा मैदान पर हुई थी। कालिदास अकादमी एवं पीजीबीटी के मैदानों सहित तीन हिस्सों में मेला लगा था। वहां जगह की कमी को देखते हुए इसे वर्ष 2025 में इंदौर रोड स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज ग्राउंड पर वाहन मेले की शुरूआत हुई थी। 2024 में पहले साल 23705 वाहन बिके थे। वर्ष 2025 के मेले में 36225 वाहन बिके। इस वर्ष 2026 में 41538 वाहन का विक्रय हुआ है।

## एनएसयूआई इंदौर का विशाल जंगी प्रदर्शन 7 अप्रैल को

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर एनएसयूआई इस बार छात्रों के साथ हो रहे अन्याय को लेकर सीधे आर-पार की लड़ाई के मूड में आ गई है।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष रजत पटेल का कहना है कि हम कई बार शांति पूर्वक डीएवीवी प्रशासन को लिखित में आवेदन और निवेदन भी कर चुके हैं।

इसके बावजूद भी यूनिवर्सिटी प्रशासन छात्रों की समस्याओं से मुंह मोड़ रहा है। हमारे संगठन ने हमेशा से ही पूरे देश में छात्रों पर हो रहे अत्याचार को लेकर आवाज उठाई है। ऐसे में शिक्षा प्रणाली को खराब होने से बचाने के साथ ही छात्रों के भविष्य को भी बचाना बेहद जरूरी है। इसी क्रम में 7 अप्रैल को विशाल जंगी प्रदर्शन डीएवीवी के आरएनटी परिसर में दोपहर 12 बजे किया जाना है। इस बार प्रदर्शन के दौरान अलग अलग मुद्दों की लड़ाई लड़ी जाएगी ।

#### ये रहेंगे विभिन्न मुद्दे

पुराने वाटर कूलर बदले जाए। मूल्यांकन विभाग में संघ और भाजपा से जुड़े प्रोफेसर कार्य कर रहे हैं। उन्हें हटाकर अन्य प्रोफेसरों को मौका दिया जाए। बीएड के रिजल्ट में चल रही धांधलियों को जड़ से खत्म किया जाए। आए दिन किसी ना किसी विभाग द्वारा संघ के कार्यक्रम को अपनी संस्था का कार्यक्रम बताकर उसको करवाया जा रहा है। फ्री में ऑडिटोरियम के साथ अन्य संस्थाओं के हाल में भी संघ मान्यताओं के कार्यक्रम लगातार जारी है। इसको तुरंत रुकवाया जाए या फिर एनएसयूआई को भी इस तरह से कार्यक्रम करने के अधिकार दिए जाए। यूनिवर्सिटी के प्रत्येक ठेके में भ्रष्टाचार हो रहा है। इसको लेकर सख्त कदम उठाए जाए।

# स्कूलों में कंप्यूटर खरीदी और मेंटनेंस के नाम पर घोटाला

### सभी जिले के कलेक्टरों को सौंपी गई जांच की जिम्मेदारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मप्र के स्कूल शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा पिछले तीन वर्षों में जारी किए गए टेंडरों को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि 2023 से 2025 के बीच कंप्यूटर, यूपीएस और इंटरैक्टिव बोर्ड की खरीद में करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है।

इस बीच प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में कंप्यूटर खरीदी और मेंटनेंस के नाम पर बडा घोटाला सामने आया है। स्कूलों में कंप्यूटर खरीदी और मेंटनेंस के नाम पर हुए घोटाले को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त लोक शिक्षण ने कलेक्टरों को मामले की जांच की जिम्मेदारी दी है।

जानकारी के अनुसार, प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में कंप्यूटर खरीदी और मेंटनेंस के नाम पर बड़ा घोटाला हुआ है। विभागीय मंत्री ने इस मामले को लेकर नाराजगी जाहिर की है। इसके बाद आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने एक पत्र सभी जिलों के कलेक्टर को लिखा है कि वे बीते 3 साल में हुए कामों की जांच कर-के प्रतिवेदन भेजें।

इसमें तीन साल के भीतर जो भी बजट आवंटित हुआ है और उसमें जो निर्माण कार्य हुए हैं, उनकी पूरी जांच करना है। हालांकि इसमें इंटरएक्टिव पैनल के मामले को शामिल नहीं किया है, जबकि इसको लेकर भी कई शिकायतें विभागीय मंत्री और अफसरों को हो चुकी हैं। जांच के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की गई है।



#### कलेक्टरों ने बनाई जांच कमेटी

उधर, जिलों में इस पत्र के बाद कलेक्टरों की तरफ से जांच कमेटी बनाई जा रही है, जो कि कलेक्टरों की निगरानी में ही पूरे मामले की जांच करेगी। दरअसल, मप्र में तीन साल में स्कूलों में जमकर मेंटनेंस काम हुआ है। बीते साल ही करीब 149 करोड़ रुपए स्कूलों में मेंटनेंस के लिए भेजे गए थे, लेकिन इसके लिए भोपाल की ही फर्म को काम दे दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी को बायपास करके बीईओ और प्राचार्य स्तर पर काम कराया गया। रीवा, मैहर और सतना जिले में बिना काम के भुगतान करने का मामला सामने आया। जांच में आरोप सही पाए गए। इसके बाद यह मामला विधानसभा में उठाया गया और मंत्री ने इसमें जांच के निर्देश दिए।

#### अभी तक तीन पर गिरी गाज

हालांकि इस पूरे मामले में मंत्री उदय प्रताप सिंह के निर्देश के बाद तीन अफसरों को हटाने की कार्रवाई कर दी गई है। इनमें डीएस कुशवाह संचालक लोक शिक्षण को सीमेट (राज्य शैक्षिक प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान) का संचालक बनाकर भेजा गया है। वहीं प्रमोद कुमार सिंह सीमेट को लोक शिक्षण में संचालक बनाया गया है। साथ ही विभाग में उप सचिव बनाया गया है। इसके अलावा पीके सिंह बघेल जो कि उप संचालक लोक शिक्षण थे को राज्य शिक्षा केंद्र में पदस्थ किया गया है। गौरतलब है कि विभागीय मंत्री ने आईएएस अफसर की निगरानी में कमेटी बनाकर जांच के आदेश दिए थे, लेकिन फिलहाल इस समिति को बनाने का मामला होल्ड हो गया है। कमाल की बात यह है कि इस पूरे मामले में वित्तीय स्वीकृति देने वाले लोक शिक्षण संचालनालय के वित्त अधिकारी राजेश मोर्य व उन फर्म से सवाल-जवाब नहीं हुए, जिनके ऊपर बिना काम किए भुगतान लेने के आरोप हैं। विभागीय अफसरों ने बताया कि कलेक्टरों की रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में कुछ आगे होगा।



## न्यूज कालम



## गैस सिलेंडर पेट्रोल-डीजल की समस्याओं को लेकरकांग्रेस का प्रदर्शन

**बुरहानपुर।** गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम, प्रदेश में बढ़े हुए बिजली बिलों और पेट्रोल-डीजल की अनुपलब्धता से आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। इन जनविरोधी परिस्थितियों के विरोध में आज पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर (ग्रामीण) रविंद्र महाजन के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम तहसीलदार खकनार को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों से आमजन परेशान हैं। गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है, वहीं बिजली बिलों की बढ़ती दरें लोगों को परेशान कर रही हैं। पेट्रोल-डीजल की अनुपलब्धता से परिवहन और अन्य आवश्यक सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल महोदय से मांग की है कि वे सरकार को निर्देश दें कि जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान किया जाए और आमजन को राहत प्रदान की जाए। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी खकनार के ब्लॉक अध्यक्ष अजय महाजन, गजानन पाठक, भास्कर महाजन और समस्त कांग्रेस के साथी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बुरहानपुर में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की धूम



**बुरहानपुर।** जैन धर्म के 24वें तीर्थनकर भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में बुरहानपुर में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 29 मार्च से 31 मार्च तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न मंदिरों में पूजा पाठ, विधान अभिषेक और प्रवचन होंगे। 30 मार्च को श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर राजपुरा में पूजा पाठ और विधान अभिषेक हुआ। 31 मार्च को शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें इरान और इजराइल अमेरिका के मध्य हो रहे युद्ध में शांति स्थापित हो, इसके लिए कमल टाकिज चौराहे पर विश्व शांति हेतु जैन धर्म के महामंत्र का जाप होगा। शोभायात्रा श्री शांतिनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर तिलक चौराहे से प्रारम्भ होकर श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर राजपुरा जाएगी, वहां से पांडूमल चौराहा, कमल टाकिज, गाँधी चौक, सुभाष चौक, सिटी कोतवाली से होते हुए साडी बाजार, फव्वारा चौक, शनि मंदिर रोड, बाई साहब की हवेली, पांडूमल चौराहे से होते हुए श्री आनंद संचेती भवन में धर्म सभा में परिवर्तित होगी।

## जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम उपलई में हुआ जल मंदिर का शुभारंभ



**जावरा ।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवा कुंवर चित्रांश वेलफेयर समिति के तहत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं पंचायत के सहयोग से ग्राम उप्लाई में जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। ब्लॉक समन्वय युवराज सिंह पवार ने कहां की जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जल मंदिर जैसी पहले समाज में सेवा सहयोग और पर्यावरण संरक्षण की भावनाओं को मजबूत करती है। अपने ग्रामीण जनों से कहा कि जल बचाने व जल स्त्रोतों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएं समिति अध्यक्ष महेश गोवरिया ने जल गंगा संवर्धन अभियान की विस्तार से जानकारी देकर अवगत करवाया। इस मौके पर रवि राज सिंह सोलंकी ,बबलू मेहता, प्रभु लाल बोडाना, हरिश परमार, सुमेर सिंह सोलंकी ,रामेश्वर धनोरा, प्रभु लाल नियमावली, गोपाल देवड़ा आदि ग्रामीण जैन उपस्थित थे।

## खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव दो दिन मनाया जाएगा

**सनावद।** नगर प्राचीन श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती का उत्सव दो दिन मनाया जाएगा। धार्मिक आयोजन अनुष्ठान संपन्न होंगे। नगर के आजाद रोड स्थित प्राचीन श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में 1 अप्रैल को सिद्धेश्वर मानस मंडल सुंदरकांड करेगा। 2 अप्रैल को रात 8 बजे आतिशबाजी के साथ आरती होगी।



## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया और उन्हें मोटे अनाज की फूड बास्केट भेंट की। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं, निर्माण कार्यों और प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री श्रीमती उइके ने निर्देश देते हुए कहा कि आंगनवाड़ी बच्चों के भविष्य की नींव होती है, इसलिए उनकी गुणवत्ता बेहतर होना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

### जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर

## भगवान महावीर स्वामी का जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2625 वा जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े ही भक्ति भाव एवम हर्षोल्लास से मनाया गया समाज प्रवक्ता सन्मति जैन काका बताया की भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक सभी समाज जनों ने बड़े ही भक्ति भाव से मनाया जिसके अंतर्गत दो दिवसीय कार्यक्रमों की बेला में एक दिन पूर्व रात्री में नवीन जैन परिसर में सर्वप्रथम कार्यक्रम के प्रारम्भ में भगवान महावीर के चित्र के समकक्ष चांदमल कोचर , इंजी.मनोज जैन, शैलेश लाठिया, आदित्य पंचोलिया, संतोष बाकलीवाल, समिति संयोजक वैभव सराफ, विशाल,चौधरी कुणाल जैन,आशीष जैन के द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया एवं नगर के स्थानीय कलाकार संगीता पाटोदी, प्रदीप पंचोलिया, पंकज जटाले, प्रांशुल पंचोलिया के द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई।



वर्धमान सागर पाठशाला एवं आचार्य वर्धमान सागर बहु मंडल के द्वारा सांस्कृतिक धार्मिक प्रस्तुतियां दी गई एवम मुख्य दिवस गुरुवार को प्रातः सर्वप्रथम पार्श्वनाथ बड़ा मंदिर में श्रीजी का अभिषेक नित्य नियम पूजन तत्पश्चात भगवान महावीर स्वामी को रथ में विराजमान करने का सौभाग्य ऋतिक सुधीर कुमार जैन परिवार को प्राप्त हुआ वही रथ का सारथी बनने का सौभाग्य सुधीर कुमार प्रशांत पुलकित चौधरी परिवार को प्राप्त हुआ वही शोधर्म इंद्र बनने का शौभाग्य सार्थक प्रफुल्ल कुमार जैन को प्राप्त हुआ साथ ही जुलूस में बड़े मन्दिर जी से रथ में श्री जी को विराजमान कर के नगर के मुख्य मार्गो से होते हुवे पुनः बड़े मंदिर जी मे रथ यात्रा का समापन हूवा ।

रथ यात्रा की सभी धर्मावलंबियों ने अपने अपने घरों के सामने श्री जी की आरती उतार मंगल गीत गाए जुलुश का भारतीय जनता पार्टी, नगर पालिका परिषद , काग्रेस पार्टी के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया मंदिर जी में आचार्य श्री कुमुद नंदी जी महाराज एवं मुनि श्री विप्रणत सागर महाराज के सानिध्य में श्री जी का पंचामृत अभिषेक एवं शांति धारा की गई मंदिर जी में आचार्य श्री ने संक्षिप्त उद्‌बोधन में कहा की भगवान महावीर स्वामी के बताये हुवे रास्ते पर चलने वाला व्यक्ति कभी भी अपने धर्म से नही भटकेगा जैन धर्म बहुत ही शाश्वत धर्म है वे अनादी काल से चला आ रहा है ओर आगे भी चलता रहेगा।

कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशांत जैन मोनू ने किया इस अवसर पर इस सफल आयोजन के लिये भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के सदस्यों ने सभी समाजजनों का

## पत्रकारों की कलम से विकास के द्वार खुलते है - श्री डंग



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सुवासरा

होली के रंगों का और पत्रकारिता का गहरा नाता है। इसलिए प्रेस वाले होली मिलन समारोह का आयोजन करते हैं। और पत्रकारों की कलम के माध्यम से की गयी आलोचना का जन प्रतिनिधियों को बुरा नहीं मानना चाहिए। क्योंकि पत्रकार जनता की आवाज होती हैं और विकास के द्वार खोलती हे।

यदि पत्रकार समस्या नहीं बताता है तो समस्या का समाधान नहीं होता है। उक्त विचार क्षेत्रीय विधायक श्री हरदीप सिंह डंग ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में व्यक्त किये। यदि मैं पत्रकारों की तारीफ करूं तो पत्रकारों की नजर में श्रेष्ठ माना जाऊंगा और मैं पत्रकारों की कमियां निकालू तो मुझे पत्रकारों से पंगा लेना पड़ेगा किंतु पंगा लेने की कोई बात नहीं सच को स्वीकार करना ही पड़ेगा। वहीं जिला महिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीमती रूपल संचेती ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकारों का होली मिलन समारोह मनाने का उद्देश्य होता है की होली के अंदर समाज की बुराइयों का दहन हो और होली खेले जिससे प्रेम भाईचारे का सद्भाव बने। और यही संदेश जाना चाहिए पत्रकार सच्चाई लिखते हैं तो राजनेतिक लोगो को बुरा लग जाता है और पत्रकारों को षड्यंत्र में फसाने का प्रयास करते है।

## युवा विधायक को शासक नहीं बल्कि सुविधा प्रदाता की भूमिका निभानी चाहिए -मंजू दादू

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

राजधानी भोपाल में आयोजित दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन में नेपानगर विधायक मंजू दादू ने प्रभावी सहभागिता करते हुए अपने विचारों से मजबूत छाप छोड़ी। सम्मेलन में देश के तीन राज्यों के 63 युवा विधायकों की मौजूदगी में उन्होंने नवाचार और जनभागीदारी को लोकतंत्र की ताकत बताया।

शासक नहीं बल्कि सुविधा प्रदाता की भूमिका निभानी चाहिए विधायक मंजू दादू ने कहा कि एक युवा विधायक को शासक नहीं बल्कि सुविधा प्रदाता की भूमिका निभानी चाहिए। लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब समाज के हर वर्ग, विशेषकर युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो।

**डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दिया जोर**



उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राजनीति को नई दिशा देने के लिए तकनीक, नवाचार और भविष्य उन्मुख सोच को अपनाना आवश्यक है।

जलवायु परिवर्तन, डिजिटल अर्थव्यवस्था और मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों को प्राथमिकता में लाना चाहिए। साथ ही टाउन हॉल मीटिंग, युवा संसद और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिकों की निरंतर भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

विकसित भारत 2047 के संकल्प को सामूहिक राष्ट्रीय अभियान बताया

विधायक मंजू दादू ने विकसित भारत 2047 के संकल्प को सामूहिक राष्ट्रीय अभियान बताते हुए कहा कि इसमें युवा विधायकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। डिजिटल गवर्नेंस, कौशल विकास और स्थानीय आवश्यकताओं के समन्वय से ही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है।

## भाजपा मंडल द्वारा अंबेडकर भवन में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग

भाजपा मंडल द्वारा अंबेडकर भवन में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन रविवार को हुआ 28 मार्च से प्रारंभ इस प्रशिक्षण शिविर में कुल ७ सत्र आयोजित किए गए । जिसमें पार्टी की विचारधारा संगठनात्मक कार्य प्रणाली और सरकार के योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई ।

जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिन्हें साथ सत्रों में संघटनात्मक मार्गदर्शन दिया गया कार्यक्रम में जिले से पदाधिकारियों के अलग-अलग स्त्रो में वक्ता के रूप में मार्गदर्शन दिया इसमें जयदीप पटेल , रमेश धड़ीवाल आनंद पवार , सरदार मेहडा ,ऋषभ पाटनी ,मुकाम किराडे और राधेश्याम यादव शामिल रहे । पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश दाढ़ीवाल ने कहां की भाजपा सत्ता को समाज सेवा का माध्यम मानती है उन्होंने कहा कि पार्टी का मूल उद्देश्य सांस्कृतिक राष्ट्रवाद सामाजिक समरसता सर्वधर्म समभव और अंत्योदय के सिद्धांतों के आधार पर समाज के हर वर्ग का विकास करना है उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचने में सक्रिय भूमिका निभाए ।



प्रशिक्षण वर्ग में मंडल संयोजक श्याम अगाल पर प्रदर्शनी प्रमुख सुरेश रावत मंडल व्यवस्था अंकित झंवर मंडल वर्ग नियंत्रक डॉक्टर प्रकाश पटेल तकनीकी प्रमुख संजय झावा और वेदांता अगाल टोली में शामिल थे वहीं मंडल एवं नगर सहित में मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया बृजमोहन बुब, धनलाल लच्छेटा ,संतोष बाहेती, इंदर सिंह डामोर और अशोक पवार , भेरूलाल धारवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे संचालन प्रकाश शर्मा और तोलाराम गोली ने किया ।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा के साथ संस्कार देना जरूरी



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

निमाड़ क्षेत्र के नौनिहालों के लिए नवनिर्मित आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से लैस एवं व्यक्तित्व निर्माण के केंद्र रेवांचल हाइट्स स्कूल का शुभारंभ सुप्रसिद्ध प्रेरक वक्ता एवं कथावाचिका जया किशोरी जी ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों की संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। जया किशोरी ने अपनी ओजस्वी वाणी में प्रेरक उद्बोधन देते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा पद्धति और नैतिक मूल्यों के बीच संतुलन कायम रहना अत्यंत जरूरी है।

बच्चे स्कूलों में विद्यार्जन करते हैं लेकिन सुसंस्कार तो परिवार से ही मिलते हैं। बच्चों को संस्कारित करना माता पिता की जिम्मेदारी है। जया किशोरी ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा प्रणाली केवल रोजगार पाना और धन कमाना सिखा रही है। लेकिन बच्चों को एक संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक बनना नहीं सिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने समय में डिग्री हासिल करने वाला ज्ञान भले ही कम था, लेकिन बच्चे और युवा बड़ों के प्रति आदर का भाव रखते थे। बच्चों को परिवारों के धार्मिक और नैतिक मूल्यों की प्रेरणा घर और स्कूल दोनों जगह मिलती थी।

जया किशोरी ने अभिभावकों को नसीहत देते हुए कहा कि बच्चों को सुसंस्कारित करने की शुरूआत घर से ही होनी चाहिए। क्योंकि बच्चा वही सीखता है जो वह अपने माता-पिता को करते हुए देखता है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चा गलती करे तो उसे मारने-पीटने के बजाय उसे क्षमा करें और धैर्यपूर्वक विश्वास में लें एवं उसका भय दूर करें।

## भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत ने बाइक रैली निकाली व ज्ञापन सौंपा

**मंडलेश्वर।** भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत की बैठक धरगांव स्थित पाटीदार समाज धर्मशाला में रखी गई। जिसमें बढ़ावाह-महेश्वर - धामनोद फोरलेन स्टेट हाईवे सड़क परियोजना की प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के संबंध में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित हुए। बैठक के उपरांत करीब 200 किसानों ने बाइक रैली निकालकर बाइक रैली के माध्यम से किसान धरगांव से मंडलेश्वर एसडीएम कार्यालय तक नारे लगाते हुए पहुंचे। एसडीएम कार्यालय पहुंचने पर वहां पर ताला लगा हुआ मिला। जिसको देखकर किसान आक्रोशित हो गए और उन्होंने एसडीएम कार्यालय परिसर में जमीन पर बैठकर धरना प्रदर्शन चालू कर दिया। सोमवार को शासकीय अवकाश घोषित किया गया है जिसके कारण कार्यालय पर ताला लगा हुआ था। जबकि किसानों ने बताया तीन दिन पहले एसडीएम कार्यालय में हमारी बात हुई थी।

## 1 अप्रैल से अफीम तौल होगा प्रारम्भ

**नीमच।** जिले के अफीम किसानों की अफीम का तौल 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा। यह 17 अप्रैल तक चरणबद्ध तरीके से संचालित की जाएगी। इस दौरान नीमच, मंदसौर और जावरा क्षेत्र के कुल 9 तौल केंद्रों पर 40 हजार से अधिक किसानों की अफीम उपज की तौल की जाएगी। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो नी. नीमच द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार तौल व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए विस्तृत योजना तैयार की गई है। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और संबंधित केंद्र के अनुसार ही अपनी उपज लेकर पहुंचे, ताकि अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके और तौल प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। नीमच जिले में तीन प्रमुख तौल केंद्र बनाए गए हैं। नीमच-1 केंद्र पर 1 से 17 अप्रैल तक 225 गांवों के 5087 किसानों की अफीम तौली जाएगी। वहीं नीमच-2 केंद्र पर 1 से 10 अप्रैल तक 140 गांवों के 4122 किसान अपनी उपज लेकर पहुंचेंगे। इसके अलावा नीमच-3 केंद्र पर 1 से 11 अप्रैल तक 163 गांवों के 5404 किसानों की अफीम तौल की जाएगी।

## हर पात्र तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना लक्ष्य: मंत्री उइके



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संकल्प से समाधान अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस क्रांतिकारी शहीद छीतू किराड़, आलीराजपुर ऑडिटोरियम में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री उइके ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाना है। उन्होंने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत 106 योजनाओं को शामिल किया गया है और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि पात्र हितग्राहियों तक इनका लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। यह अभियान 12 जनवरी विवेका नंद जयंती से प्रारंभ होकर 31 मार्च तक चार चरणों में संचालित किया गया।

मंत्री उइके ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर से लेकर आंगनबाड़ी कार्यकताओं तक सभी ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और अपने बच्चों, विशेषकर बेटियों की शिक्षा पर ध्यान दें और उन्हें आगे बढ़ाए। उन्होंने कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है।

### महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत

## ज्ञान विज्ञान व धार्मिक अन्ताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा

महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत श्री सयुक्त जैन महावीर जयंती उत्सव समिति द्वारा सागर साधना सदन पर तत्काल भाषण प्रतियोगिता , धार्मिक ज्ञान विज्ञान एवं रोचकता से परिपूर्ण धार्मिक अंताक्षरी एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया ।प्रतियोगिता के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों ने बहुत उत्साह से भाग लिया नन्हे नन्हे बच्चों ने अपने मुखारविंद से धार्मिक विषयों पर तत्काल भाषण प्रस्तुत किया एवं एवं- अपने ज्ञान का परिमार्जन करते हुए आकर्षक माडल बनाऐ।



वही रात्रि मे रोचकता से परिपूर्ण धार्मिक अंताक्षरी का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संयोजिका अर्चना कर्नावट चित्रा ओस्तवाल ने सभी बच्चों को उत्साह के साथ भाग लेने के लिए अभिनंदन किया। श्री सयुक्त जैन महावीर जयंती उत्सव समिति के अध्यक्ष अभय कोठारी ने स्वागत भाषण के साथ सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया । तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता की संयोजिका अंतिमा मेहता प्रीति धारीवाल विद्या काठेड रही। तत्काल भाषण प्रतियोगिता की प्रायोजक कुशल महिला मंडल की अध्यक्ष सपना ढढा एवं सभी सदस्यों ने मंगलाचरण से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। वही धार्मिक अंताक्षरी प्रतियोगिता का संचालन पायल पोखरना, शशि तलेसरा, एवं पल्लवी ओस्तवाल ने किया। प्रतियोगिता में नौ मंडलो की पांच पांच महिलाओं ने भाग लिया कुल 10 राउण्ड के आयोजन मे अष्टापद तीर्थ, शिखर, गिरनार, पालीताना, रणकपुर, चंपापुरी, पावापुरी, कुण्डलपुर, केशरिया जी, रणकपुर की टीमो ने भाग लिया

प्रतियोगिता में अतिथि वत्सला रनवाल ज्योति काठेड तत्काल भाषण प्रतियोगिता की निर्णायक रही । धार्मिक ज्ञान विज्ञान के अतिथि पुखराज सेठी,जन अभियान परिषद के युवराज सिंह डा. सी एम मेहता, प्रदीप सेठिया, सुधा ओस्तवाल, आदि उपस्थित थे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम राघवी में जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ

**उज्जैन।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर जल संरक्षण और संवर्धन के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड महिदपुर की नवांकुर संस्था बागनी, ग्राम शिक्षा एवं जन कल्याण समिति सेक्टर क्रमांक 3 घोसला द्वारा ग्राम राघवी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत दो स्थानों पर जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ घोसला महिदपुर रोड एवं थाना राघवी गेट पर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी श्री शेरपा ढुक्कर, जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद श्री जय दीक्षित, विकासखंड समन्वयक श्रीमती नम्रता तिवारी, ग्राम सरपंच श्री गोवर्धन सिंह के मुख्य आतित्थ में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में आमजन एवं राहगीरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना एवं जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम पश्चात उपस्थित जनों को नवांकुर संस्था अध्यक्ष कैलाश चंद्र मालवीय द्वारा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

## न्यूज -कॉलम

### चार घंटे तलाश के बाद पुलिस को मिला परिवार

**उज्जैन।** महाराष्ट्र के नागपुर से 12 लोगों का परिवार धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आया था। सोमवार को महाकाल मंदिर परिसर में परिवार में शामिल 70 साल की अनिताबाई पति रतनलाल भीड़ की वजह से बिछड़ गई। सुबह 9 बजे से वह बदहवास परिवार की तलाश में भटक रही थी। मामले की जानकारी महाकाल थाना पुलिस को मिली तो थाना प्रभारी गगन बादल ने हमेशा की तरह बुजुर्ग महिला श्रद्धालु को परिवार के मिलवाने की कमान एएसआई चंद्रभानसिंह को सौंपी गई। उन्होने बुजुर्ग महिला श्रद्धालु की महाराष्ट्रीयन भाषा को समझा और परिवार की तलाश में निकल पडे। बुजुर्ग श्रद्धालु को ई-कार्ड से पूरे मंदिर क्षेत्र में घूमाया गया। इस दौरान उन्होने बताया कि वह 2 दिन पहले परिवार के 12 लोगों के साथ वाहन में सवार होकर आये है। एएसआई ने मंदिर के आसपास पार्किंग में महाराष्ट्र पासिंग गाड़ियों की तलाश शुरू की और मंदिर समिति की ओर से अलाउंसमेंट कराया। सोशल मीडिया के माध्यम से भी जानकारी जुटाई गई। करीब 4 घंटे बाद बुजुर्ग महिला श्रद्धालु को तलाश कर रहा परिवार भी महाकाल पुलिस चौकी पहुंच गया। जहां एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान ने श्रद्धालु महिला को नावसे निखिल के सुपुर्द किया। इस दौरान नवासे ने नानी के सुरक्षित मिलने पर उज्जैन पुलिस का आभार माना।

### प्लेजर गाडी पर रखे 2 झोले में भरी मिली अवैध शराब

**उज्जैन।** शहर में शराब पर लगे प्रतिबंध के बाद अवैध कारोबार काफी बड़ गया है। इंदौर-देवास के रास्ते देशी-विदेशी शराब शहर तक लाई जा रही है। यहीं नहीं अब शराब फूड डिलेवरी की तर्ज पर हर क्षेत्र में पहुंचाई जाने लगी है। अवैध शराब मामलों को लेकर पुलिस भी लगातार धरपकड़ अभियान चला रही है। रविवार-सोमवार रात नीलगंगा थाना सूचना मिलने पर सांवराखेड़ी मार्ग पर घेराबंदी कर बंधन मैरिज गार्डन के पास से प्लेजर गाड़ी क्रमांक एमपी 13 एमडी 8828 पर सवार युवक को पकड़ा। उसकी गाडी पर 2 झोले रखे थे। जिसे चैक करने पर उसमें देशी शराब के 340 क्वार्टर भरे होना सामने आये। शराब संबंधित दस्तावेज नहीं होने पर युवक से पूछताछ की गई। उसने अपना नाम मुकेश पिता जगदीश बैंडवाल निवासी दुदर्शी थाना नरवर बताया। उसके पास से बरामद शराब 32 हजार रूपये कीमत की पाई गई। नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील के अनुसार आरोपित युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज कर सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है। शहर में पिछले कुछ दिनों लगातार अवैध देशी-विदेशी शराब बरामद हो रही। पंवासा और माधवनगर थाना पुलिस को डिलेवरी करते समय दो पहिया वाहन सवार युवकों को पकड़ा गया है। आबकारी विभाग की टीम भी गोपालपुरा मक्सीरोड पर एक मकान से दबिश देकर महिला से लाखों की विदेशी शराब बरामद की चुकी है।

### झारड़ा में छात्रा के साथ 2 सहपाठियों ने किया दुष्कर्म

**उज्जैन।** झारड़ा में 11 साल की नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के 2 सहपाठियों ने लंच ब्रेक के दौरान एक मकान में ले जाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। दोनों सहपाठियों का सहयोग 75 साल के भंवरसिंह और 57 साल के नाथुलाल ने किया। वहीं एक 22 साल के युवक राहुल ने छात्रा से दुष्कर्म कर रहे दोनों सहपाठियों के साथ उसका मोबाइल से वीडियो भी बना लिया। छात्रा का काफी भयभीत हो गई थी। तीन दिन बाद 28 मार्च नाबालिग छात्रा ने घटना परिजनों को बताई। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर थाना प्रभारी आनंद भाबोर ने गंभीरता दिखाई और तत्काल छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराकर मामले में दुष्कर्म करने वाले नाबालिगों के साथ वीडियो बनाने और गलत काम में सहयोग करने वाले दोनों वृद्धों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (1), 62 (2) (एम), 65 (1), 75 (1), 127 (2), 351 (3) के साथ पास्को एक्ट की धारा 5 (जी), 5 (एम), 6 और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3 (2) (वी) में प्रकरण दर्ज सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी भाबोर के अनुसार दुष्कर्म करने वाले सहपाठियों को बाल संप्रेक्षणगृह वहीं गलत काम में सहयोग करने वाले आरोपियों को जेल भेजा गया है।

### जहरीला पदार्थ खाने वाली नवविवाहिता की मौत

**उज्जैन।** आगर मालवा के ग्राम ढाबला छतरी की रहने वाली सपना पिता कालूसिंह 20 साल को रविवार रात परिजन उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। सपना की हालत काफी नाजुक बनी हुई थी। परिजनों ने बताया कि आगर मालवा से रैफर किया गया है, 2 साल पहले शादी हुई थी। निजी अस्पताल से मामले की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस महिला के बयान दर्ज करने पहुंची लेकिन हालत गंभीर होने पर बयान दर्ज नहीं किये जा सके। इस बीच रात 3.43 बजे पुलिस को सूचना मिली कि सपना की मौत हो गई है। सोमवार सुबह पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 566-7 | 248-4 |
| मेन बाजार | 347-4 | 234-9 |
| कल्याण नाइट | 250-7 | 236-1 |
| मिलन डे | 289-9 | 480-2 |
| मिलन नाइट | 300-3 | 600-6 |
| मधुर डे | 460-0 | 478-9 |
| मधुर नाइट | 256-3 | 349-6 |
| शुभांक | 1 4 | 0 |

## ठगी के आरोपी को कानपुर से उज्जैन लायेगी पुलिस

# मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के नाम पर ठगे थे 4.50 लाख

## प्रिसिंपल बनकर कॉलेज अकाउंट में ट्रांसफर कराये 25 हजार, शेष राशि अपने खाते में

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बिहार के कटिहार मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी के खिलाफ नीलगंगा थाना पुलिस ने एमआर की शिकायत पर केस दर्ज किया है। ठग पश्चिम बंगाल का रहने वाला है और वर्तमान में कानपुर पुलिस की हिरासत में है। जिसे जल्द पूछताछ के लिये उज्जैन लाया जायेगा।

मंछामन गणेश कालोनी में रहने वाले सतीशचंद्र पित जोरावरसिंह पटेल एमआर है। उन्हे अपने बेटे हर्ष पटेल का एमबीबीएस की पढ़ाई के लिये मेडिकल कॉलेज में एडमिशन करना था। उनके भाई महेश कुमार का पुत्र सतना मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। 15 फरवरी को उसने बताया कि हमारे कॉलेज के प्रोफेसर चंद्रशेखर वाघमारे ने बताया कि बिहार के कटिहार स्थित मेडिकल कॉलेज में सीट खाली है। प्रोफेसर का नम्बर मिलने पर उसने संपर्क किया गया। उन्होने कटिहार मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल आर. बी. गुप्ता का मोबाइल नम्बर दिया। सतीशचंद्र ने चर्चा की तो पता चला कि एक छात्र की मौत होने पर सीट खाली हुई है, जो एनआरआई कोटे की है। उक्त प्रिंसिपल ने ईमेल पर कॉलेज सीट के पैकेज की जानकारी भेजी और 2 बैंक अकाउंट नम्बर के साथ वाट्सएप पर नीट स्कोर कार्ड, आधार कार्ड, मार्कशीट पुत्र की मांगी। एक अकाउंट नम्बर कॉलेज का था। जिसमें 25 हजार रूपये जमा कराये गये, शेष राशि 4.25 लाख दूसरे खाते में जमा किये गये। एडमिशन फीस जमा करने के बाद पटेल परिवार 19 फरवरी को बिहार के कटिहार पहुंचा और प्रिंसिपल आर बी गुप्ता मिले। उन्होने बताया कि कोई सीट खाली नहीं है और ना ही फीस जमा हुई है। उन्होने कॉलेज का बैंक अकाउंट देखा तो उसमें 25 हजार रूपये पटेल परिवार की ओर से भेजना सामने आये। आर. बी. गुप्ता ने कॉलेज अकाउंट में रूपये को लेकर कहा कि कोर्ट में मामला लगाये। कॉलेज अकाउंट में रूपये लौटा दिये जायेगा। अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत सतीशचंद्र ने नीलगंगा थाना पुलि से की। पुलिस ने मामले में खाता धारक जयंत पिता ज्योति सरकार निवासी सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया।

### प्रिंसिपल बनकर पूर्व में कर चुका है ठगी

नीलगंगा थाना एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि कॉलेज अकाउंट में ट्रांसफर हुये 25 हजार को लेकर प्रिंसिपल आर. बी. गुप्ता से संपर्क किया गया। उन्होने बताया कि जिस नम्बर पर सतीशचंद्र की चर्चा हुई वह नम्बर उनका नहीं है। हां कॉलेज अकाउंट में 25 हजार रूपये आये है। उक्त आरोपी पूर्व में भी 4 से 5 बार कॉलेज के नाम से ठगी कर चुका है। उसके द्वारा कॉलेज का अकाउंट सही दिया जाता है लेकिन दिखाने के लिये कॉलेज संबंधित दस्तावेज फर्जी भेजे जाते है। पूर्व में सामने आये धोखाधड़ी के दौरान भी उसने कुछ राशि कॉलेज अकाउंट में ट्रांसफर कराई और शेष राशि खुद के अकाउंट में डलवाई है।

### कानुपर पुलिस की हिरासत में आरोपी

एसआई परिहार ने बताया कि सतीशचंद्र के साथ ठगी करने वाले जयंत सरकार की जानकारी जुटाने पर सामने आया कि पूर्व में हुई ठगी के मामले में उसे 2 दिन पहले ही कानपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिससे कानपुर पुलिस पूछताछ कर रही है। आरोपी को उज्जैन लाने के लिये एक टीम कानपुर भेजी जायेगी।

# थाना ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड सैनिक की गिरने से मौत

## पुलिसकर्मियों दिया सीपीआर, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंड पहुंचे अस्पताल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



चिमनगंज थाना ड्युटी पर तैनात होमगार्ड सैनिक सोमवार सुबह गिरकर बेहोश हो गया। 1 घंटे चले उपचार के बाद सैनिक का निधन हो गया। खबर मिलते ही होमगार्ड/एसडीईआरएफ डिस्ट्रिक्ट कामंडेंट अस्पताल पहुंच गये थे।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि हरीलाल मालवीय 56 साल निवासी पिपलीनाका कई सालों से थाना ड्युटी पर तैनात था। सुबह ड्युटी पर आने के बाद अचानक गश्त खाकर गिर गया। थाना स्टॉफ ने उसे उठाने का प्रयास किया, नहीं उठने पर तत्काल सीपीआर दिया गया, सांस चलने पर सैनिक को चरक अस्पताल ले जाया गया। जहां करीब 1 घंटे चले उपचार के बाद निधन हो गया। थाना प्रभारी के अनुसार सैनिक काफी समय से टीवी की बीमारी से पीडित था। उसके फेफडे भी खराब हो चुके थे। अस्पताल में भर्ती कराने के दौरान सामने आया था कि उसका बीपी कम हुआ था, फेफडे खराब होने पर रिकवर नहीं हो पाया। होमगार्ड सैनिक के निधन की खबर मिलते ही होमगार्ड/एसडीईआरएफ डिस्ट्रिक्ट कामांडेंट संतोष कुमार जाट चरक अस्पताल पहुंच गये थे। उन्होने परिवार को सांत्वना दी और शव को पुलिस की मदद से घर तक पहुंचाया। सैनिक की अंतिम यात्रा में परिवार, रिश्तेदारों के साथ होमगार्ड के कई सैनिक और चिमनगंज थाने का स्टॉफ शामिल हुआ।

### बेटी को मुख्यमंत्री ने किया था सम्मानित

डिस्ट्रिक्ट कामांडेंट ने बताया कि सैनिक 25 सालों से विभाग को अपनी सेवा दे रहा था। दिसंबर माह में विभाग के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही सैनिक को बेटी को मेघावी छात्रा के रूप में सम्मानित किया था। सैनिक का एक बेटा भी है। वहीं चिमनगंज थाना स्टॉफ ने बताया कि हरीलाल अपने बेटी की शादी के लिये रिश्ता भी तलाश कर रहा था। संभवत इसी साल बेटी की शादी की योजना बनाई थी। डिस्ट्रिक्ट कामांडेंट संतोष कुमार जाट के अनुसार सैनिक के निधन पर होमगार्ड विभाग परिवार के साथ है। नियमानुसार परिवार के एक सदस्य को विभाग में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जायेगी। वह लम्बे समय से पुलिस विभाग में अपनी सेवा दे रहा था।

### रात्रिगश्त में घूमता मिला जिलाबदर बदमाश

**उज्जैन।** रात्रि गश्त पर निकली चिमनगंज थाना पुलिस को महाकाल थाना क्षेत्र से जिलाबदर किया गया बदमाश मिल गया। बदमाश को आदेश का उल्लंघन करने पर सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि रविवार-सोमवार रात पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में गश्त की जा रही थी। उसी दौरान सूचना मिली कि महाकाल थाना क्षेत्र से जिलाबदर किया गया बदमाश शहजाद उर्फ शाहरुख उर्फ साबिर उर्फ चकमक पिता रशीद खान 24 साल निवासी महाराजवाडा स्कूल के पीछे बैगमबाग विराटनगर क्षेत्र में घूम रहा है। तत्काल गश्त टीम द्वारा उसे पकडने के लिये घेराबंदी गई और गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार बदमाश को महाकाल थाना पुलिस ने जिलाधीश के आदेश पर 6 माह के लिये नम्बर 2025 में जिलाबदर किया था। बावजूद वह शहरी सीमा में घूमता मिला। बताया यह भी जा रहा है कि बदमाश बेगमबाग क्षेत्र छो?कर विराटनगर में रहने आ गया है। पूर्व में भी उसे पकडा जा चुका था। फिलहाल जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने पर उसे राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा में न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है।

सोमवार को जिला दंडाधिकारी द्वारा जिले के चार आदतन बदमाशों को जिलाबदर किये जाने के आदेश जारी किये। बदमाशों में मोहम्मद शेर पिता मुश्री खान 42 साल निवासी यादव कालोनी चिमनगंज, अजय पिता कैलाश बाजाजिया 27 साल निवासी काला पत्थर नानाखेडा, जुबेर पिता मुन्ना उर्फ अकरुद्दीन 32 साल निवासी शांति नगर बडनगर और अजेरिया उर्फ अन्ना पिता महबूब खान 26 साल निवासी थाना जीवाजीगंज को 6 माह के लिये जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर किया है। आदेश का उल्लंघन करने पर बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### हालत बिगड़ी तो पत्नी से बोला खा लिया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** ससुराल में रहकर मजदूरी करने वाले युवक ने रविवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडने लगी तो पत्नी से बोला कि जहर खा लिया है। पत्नी परिवार की मदद से अस्पताल लेकर पहुंची। जहां कुछ घंटे चले उपचार के बाद युवक की मौत हो गई।

गौतमपुरा का रहने वाला गोविंद पिता सुखराम दायमा 32 साल एक माह पहले अपने ससुराल ग्राम दंगवाडा इंगोरिया आ गया था। यहां रहकर उसने मजदूरी का काम शुरू किया था। रविवार शाम उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद पत्नी मंजू को बोला कि जहर खा लिया है। पति की बिगडती हालत देख पत्नी उसे परिवार की मदद से उज्जैन चरक अस्पताल लेकर आई। डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर गहन चिकित्सा ईकाई में भर्ती किया। लेकिन कुछ घंटे बाद गोविंद की मौत हो गई। सोमवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान जीजा भैरूलाल ने बताया कि गोविंद 2 बच्चों का पिता था। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया समझ नहीं आ रहा है। घर परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या भी नहीं थी। ना गोविंद ने कभी किसी प्रकार परेशानी का जिक्र किया। चौकी पुलिस के अनुसार मामले की जांच इंगोरिया थाना पुलिस द्वारा की जायेगी।

# कचरा प्लांट में लगी आग, दूर तक दिखा धुआ



**उज्जैन।** नगर निगम के कचरा प्लांट में सोमवार शाम आग लग गई। कचरा जलाने पर उठा धुआ दूर तक दिखाई दिया। कुछ देर के लिये प्लांट पर अफरा-तफरी मची, लेकिन दमकलों ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के जंतर-मंतर मार्ग गऊघाट के सामने नगर निगम का कचरा प्लांट बना हुआ है। जहां कचरा गाडियां भी खड़ी रहती है। शाम 5.30 बजे के लगभग प्लांट में रखा सूखा कचरा अचानक सुलग गया, कुछ देर में ही क्षेत्र में धुआ फैल गया और दूर तक दिखाई देने लगा। आग लगने पर वहां मौजूद कर्मचारियों ने कचरा गाडियों का बाहर निकाला, इसी बीच फायर बिग्रेड की 3 से 4 दमकलें भी मौके पर पहुंच गई। आगजनी का पता चलने पर नीलगंगा थाना पुलिस भी पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किये और कुछ देर में आग पूरी तरह से काबू में आ गई। इस बीच बारिश भी शुरू हो गई थी, जिसके चलते आग तेजी के साथ नहीं फैली। पुलिस के अनुसार कोई जनहानि नहीं हुई है। आगजनी की आशंका शार्ट सर्किट माना जा रहा है। निगम की ओर से शिकायत दर्ज कराने पर मामले की जांच की जायेगी। गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ ब?ते तापमान और बिजली का लो? बढ़ते ही आगजनी की घटना सामने आने लगी है। कुछ दिन पहले ही चिमनगंज थान क्षेत्र के सोफा कारखाने के भीषण आग लगी थी और आसपास के 2 दुकाने भी चपेट में आ गई थी। यहीं नहीं रविवार को घट्टिया थाना क्षेत्र के निपानिया गोयल में 8-10 खेतों में लगी आग वेयर हाऊस के पास तक पहुंच गई थी। समय पर दमकलों ने काबू पाया लिया नहीं तो वेयर हाऊस भी आग की चपेट में आ जाता।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार बंधन बैंक लिमिटेड शाखा द्वितीय मंजिल एल.एम. काम्पलेक्स बी-ब्लॉक 34 शंकु मार्ग टॉवर चौक फ्रींगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक बी-71 स्थित विवेकानंद नगर कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 36 उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 139.40 वर्गमीटर है। तथा चर्तुसीमा इस प्रकार है- पूर्व मे - भवन क्रमांक 70, पश्चिम मे - भवन अन्य का, उत्तर मे- रास्ता, दक्षिण मे - 30 फिट रास्ता का स्थित है। उक्त सम्पत्ति चिंतामण पिता शंकर राव आदि ने पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त कि थी तथा चिंतामण आदि से उक्त संपत्ति पप्पु कुमार पिता गंगाराम ने बजर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022024ए1590914 दिनांक 15/05/2024 के माध्मय से क्रय कि है। तथा पप्पु कुमार पिता गंगाराम ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिसक्रमाक 11, भवन क्रमाक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी 01-श्री विनय सोमणी पिता स्व. गंगाधर सोमणी, निवासी-पुणे (महाराष्ट्र) 02-श्रीमती लता सोमणी पति स्व. किशोर सोमणी, 03-पल्लवी मकरंद चौसलकर पुत्री स्व. किशोर सोमणी, 04-श्री पराग सोमणी पिता स्व. किशोर सोमणी, 05-श्रीमती राजश्री सोमणी पति स्व. अरूण सोमणी, 06-श्री वैभव सोमणी पिता स्व. अरूण सोमणी एवं 07-श्री विशाल सोमणी पिता स्व. अरूण सोमणी, समस्त वर्तमान निवासी इन्दौर (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में भवन म्यु. क्रमांक-32 जो कि विवेकानंद कॉलोनी उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भवन वर्तमान में दो मंजिला आर. सी. सी. जीर्ण-शीर्ण बना है। उक्त भवन की पैमाईश में लम्बाई पूर्व से पश्चिम समान-60.00 फीट, चौड़ाई उत्तर से दक्षिण समान-40.00 फीट होकर कुल क्षेत्रफल-2,400.00 वर्गफीट है। भवन की चर्तु:सीमा में पूर्व दिशा में रोड, पश्चिम दिशा में भवन क्रमांक-37. उत्तर दिशा में-भवन क्रमांक-31 एवं दक्षिण दिशा में भवन क्रमांक-33 स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामीयो से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक-30.03.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय -ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259-46659**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड स्वामी श्री पुरुषोत्तम चौहान पिता श्री चतुर्भुज चौहान, निवासी-53/1 मालीपुरा उज्जैन (म. प्र.) एवं परिवार के अन्य सदस्यो के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में भूखण्ड़ जो कि भूमि सर्वे क्रमांक-4142 रकबा 1.7770 हेक्टर का भाग होकर कस्बा उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित हैं। भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 1.740.00 वर्गफीट है। भूखण्ड की चर्तु:सीमा में-पूर्व दिशा में रोड (वैशली नगर), पश्चिम दिशा में अग्रसेन नगर, उत्तर दिशा में अन्य का मकान एवं दक्षिण दिशा में मकान नं.-635 स्थित है। उक्त चर्तु:सीमा के मध्य स्थित भूखण्ड को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूखण्ड स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है तथा भूखण्ड स्वामी के द्वारा अपने हक व हिस्से के मान से विक्रय किया जा रहा है। मेरे पक्षकार के द्वारा शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्र पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भूखण्ड़ पर भूखण्ड स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 05 (पांच) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक-30.03.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन मो. 94259-46659**

# तनाव के बीच हंसना



असली हास्य वही है, जो तनावपूर्ण स्थिति में पैदा हो। हर मुश्किल में बौखला जाना ठीक नहीं है। सबसे पहले तो हमें अस्तित्व का धन्यवाद करना चाहिए कि हम हंस सकते हैं। यह वरदान सिर्फ मनुष्य को मिला है। अगर आप किसी तनावपूर्ण स्थिति में हास्य ढूंढ लें, तो किसी भी संकट से आराम से गुजर सकते हैं। एक बार हवाई अड्डे पर अजीब घटना घटी : लंबी उड़ान के बाद थके-हारे यात्रियों का समूह आखिरकार मंजिल पर पहुंच गया, लेकिन उनका सामान नहीं आया। काफी इंतजार के बाद आखिरकार एक सूटकेस मिला, लेकिन वह क्षतिग्रस्त था और कपड़े व निजी सामान कन्वेयर बेल्ट पर बिखर गए थे। सभी लोग काफी परेशान हो उठे। तभी समूह के एक सदस्य ने कहा- ह्रशांत हो जाओ, यह तो वाकई मजेदार है। कुछ हफ्तों में हम आज रात की कहानियां सुनाएंगे मिर्च-मसाला लगाकर और हंसेंगे। फिर इंतजार क्यों करें? अगर तब मजा आएगा, तो अभी क्यों नहीं आ सकता?ह्र इस टिप्पणी ने उन सबके तनाव को कम किया। हंसी और कहकहे को ह्रइनर जॉगिंगह्र यानी आंतरिक कसरत कहा जाता है। खुलकर हंसने से हमारे चेहरे, कंधे, डायाफ्राम और पेट की मांसपेशियों की अच्छी कसरत होती है। हृदय गति और रक्तचाप अस्थायी रूप से बढ़ जाते हैं, सांसें तेज और गहरी हो जाती हैं और ऑक्सीजन पूरे रक्त में फैल जाती है। एक भरपूर हंसी प्रति घंटे उतनी ही कैलोरी जला सकती है, जितनी तेज चलने से जलती है। शोधकर्ताओं का मानना है, हंसी से एंडोर्फिन नामक हार्मोन निकलता है, जो मस्तिष्क में अफीम की तरह काम करता है। शायद इसी वजह से हंसी से दर्द में भी आराम मिलता है। बचपन में हम दिन में कई बार हंसते थे, लेकिन बड़े होने पर जीवन अधिक गंभीर हो जाता है और हंसी कम ही मिलती है। हालांकि, हंसी और हास्य के अधिक अवसर तलाशकर हम अपने भावनात्मक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं, अपने रिश्तों को मजबूत कर सकते हैं, अधिक खुशी पा सकते हैं, यहां तक कि जीवन में कुछ वर्ष जोड़ भी सकते हैं। अच्छी बात है कि अनमोल औषधि मजेदार, मुफ्त और उपयोग में आसान है। ओशो कहते हैं, तुम कंजूसी से हंसते हो। रोने में तुम बड़े मुक्त-हस्त होते हो। जीवन में तुम्हारे सिवाय दुख के और कुछ भी नहीं है। तुम इतने रोए हो, इतने दुखी हुए हो कि तुम घबराते हो। रोने से तुम्हारा साथ-संग है, पुराना परिचय है; हंसने से तुम्हारा कोई संबंध नहीं। तुम्हारी हंसी कुंआरी नहीं होती; उस पर दाग होते हैं आंसुओं के। इसलिए हंसने की आदत डालो और आंसुओं से संबंध तोड़ दो। इतना भी मान लो कि हंसी तुम्हारे स्वास्थ्य के लिए अच्छी है, तब भी वह बेदाग हो जाएगी।



सम्पादकीय

## पड़ोसी धर्म का निबाह

अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण पूरी दुनिया, खासकर दक्षिण एशिया में ऊर्जा संकट गहरा रहा है और यह बात अब ढकी-छिपी नहीं है। ऐसे में, श्रीलंका, बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों की ओर भारत ने जिस तरह मदद का हाथ बढ़ाया है, उसकी सराहना ही की जाएगी। भारत ने पहले बांग्लादेश को डीजल भेजा और अब उसने श्रीलंका को लगभग 38,000 मीट्रिक टन डीजल व पेट्रोल की आपूर्ति की है। बकौल विदेश मंत्री एस जयशंकर, मालदीव ने भी भारत से ईंधन की मदद मांगी है। यह सहयोग नैतिक आधार पर तो उचित है ही, इसके कूटनीतिक निहतार्थ भी हैं। वैसे भी, भारत की विदेश-नीति हमेशा से वसुधैव कुटुंबकम् के दर्शन से प्रेरित रही है, मगर यह भी सर्वविदित तथ्य है कि चाहे श्रीलंका हो या बांग्लादेश या मालदीव, कुछ वर्षों से ये तीनों देश बीजिंग की गोद में जाते हुए दिख रहे थे। अब उनको शायद ड्रैगन की मूल मंशा समझ में आ गई है, इसलिए वे अपनी नीतियों पर फिर से गौर कर रहे हैं। इन देशों की नई दिल्ली से ईंधन की मांग दरअसल भारत पर उनके भरोसे को दर्शाती है और उचित ही भारत ने उन्हें निराश नहीं किया है।

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्ता-पलट के बाद वहां वजूद में आई अंतरिम सरकार और खासकर इसके मुखिया मोहम्मद यूनुस ने जो भारत-विद्वेषी रुख अपनाया और जिस तरह उन्होंने बीजिंग व इस्लामाबाद के साथ गलबहियां करने की कोशिश की, उससे नई दिल्ली और ढाका के रिश्ते बेहद कटु मोड़ पर आ गए थे। यहां तक कि ट्वंटी-20 क्रिकेट विश्व कप भी इससे अछूता न रहा। हालांकि, यह कटुता सत्ता के स्तर पर अधिक थी। चूंकि यूनुस का अपना कोई राजनीतिक आधार नहीं था, वह अपने देश के कट्टरपंथी तत्वों के प्रभाव में भारत-विरोधी मुद्रा अपनाते रहे। गौरतलब है, बांग्लादेश का कट्टरपंथी तबका शुरू से पाकिस्तान-परस्त रहा है, जबकि आम अवाम भारत से दोस्ताना रिश्ते का हामी है। इसलिए, जब फरवरी में वहां आम चुनाव हुए, तब मतदाताओं ने कट्टरपंथी दल जमात-ए-इस्लामी के बजाय बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को देश की बागडोर सौंपी। बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान भारत से रिश्ते की अहमियत जानते हैं, इसलिए कुर्सी संभालते ही उन्होंने यूनुस प्रशासन के कई गलत फैसलों से किनारा किया और महीनों से ठप पड़ी वीजा सेवाओं को तत्काल बहाल कर नई दिल्ली को सकारात्मक पैगाम भेजा। जाहिर है, भारत की नई मदद से दोनों देशों के रिश्ते को पटरी पर लौटाने में मदद मिलेगी। श्रीलंका में भी पिछली राजपक्षे सरकार बीजिंग के इशारे पर लगातार भारत-विरोधी नीति पर चलती रही, मगर जब 2022 में यह देश दिवालिया हुआ, तब बीजिंग समेत तमाम देशों ने उसकी मदद करने से अपने हाथ खींच लिए, मगर उस मुश्किल दौर में भी भारत उसके साथ खड़ा रहा।

31 मार्च महावीर जयंती पर विशेष

# अहिंसा प्रशिक्षण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव



भगवान महावीर के सिद्धांत आज वैज्ञानिक दृष्टि से सर्वमान्य हो चुके हैं। महावीर द्वारा बताये गये अहिंसक मार्ग पर चलने से स्वस्थ, समृद्ध एवं सुखी समाज का निर्माण संभव है। मानव समाज के विकास के लिए शांति आवश्यक है। सभी वर्गों के परस्पर विकास से अनेक समस्याओं का समाधान संभव है। महावीर की दृष्टि में अभाव और अत्यधिक उपलब्धता दोनों ही हानिकारक हैं। भगवान महावीर की शिक्षाओं से पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों का असंतुलन, युद्ध, आतंकवाद, हिंसा, धार्मिक असहिष्णुता व गरीबों के आर्थिक शोषण जैसी समस्याओं के समाधान प्राप्त किये जा सकते हैं। भगवान् महावीर ने छब्बीस सौ वर्ष पूर्व वैज्ञानिक रूप में एक ऐसी अहिंसक जीवन शैली जीने की शिक्षा दी, जिससे स्वस्थ समाज की संरचना का साकार रूप सामने आया। सही मायने में स्वस्थ समाज की स्थापना के लिए अहिंसा का प्रशिक्षण की ही सर्वमान्य है।

गांधी का दर्शन कहता है, हमें पशु से भिन्न करने में एकमात्र अहिंसा ही है। व्यक्ति हिंसक है, तो फिर वह पशु के समान है। मनुष्य होने या बनने के लिए व्यक्ति में अहिंसा का भाव होना आवश्यक है। गांधी कहते है कि हमारा समाजवाद अथवा साम्यवाद अहिंसा पर आधारित होना चाहिए जिसमें मालिक-मजदूर एवं जमींदार-किसान के मध्य परस्पर सद्भावपूर्ण व्यवहार हो। निःशस्त्र अहिंसा की शक्ति किसी भी परिस्थिति में सशस्त्र शक्ति से श्रेष्ठ ही होगी। व्यक्ति को जीवन में बहादुरी, निर्भीकता, स्पष्टता, सत्यनिष्ठा का इस हद तक विकास कर लेना कि तीर-तलवार उसके आगे तुच्छ जान पड़ें, यही अहिंसा की साधना है। शरीर की नश्वरता को समझते हुए, उसके न रहने का अवसर आने पर विचलित न होना ही अहिंसा है। मन, वचन और कर्म से किसी की हिंसा न करना अहिंसा कहा जाता है। यहाँ तक कि वाणी भी कठोर नहीं होनी चाहिए। फिर भी अहिंसा का इससे कहीं ज्यादा गहरा अर्थ है।

आज के दौर में शांतिप्रिय इंसान भी कहने लगा है कि अहिंसा अब सिर्फ उपदेश की चीज बन गई है। उसमें न तो किसी की आस्था है और न उससे किसी परिवर्तन की उम्मीद की जा सकती है। इस सवाल और सोच में समस्याओं से पलायन की प्रवृत्ति छिपी है। इसमें बुद्ध, महावीर और गांधी के सिद्धांतों पर अविश्वास की छाया भी है, जिन्होंने न केवल अहिंसा को अपना जीवन बनाया था, बल्कि प्रयोगों से साबित भी कर दिया था, कि अहिंसा एक सकारात्मक ताकत का नाम है। कुछ वर्षो पहले जैन संत आचार्य तुलसी ने इस अवधारणा को जन्म दिया था कि अगर हिंसा का प्रशिक्षण दिया जा सकता है, तो अहिंसा का क्यों नहीं? दरअसल हिंसा के लिए हमारा मस्तिष्क बहुत प्रशिक्षित है, इस आधार पर यह मान्यता स्थापित कर दी गई है कि हिंसा समस्या का समाधान है जबकि अहिंसा प्रशिक्षण से व्यक्ति के मानस को बदला जा सकता है।

वर्तमान दौर में लोगों का चिंतन इस ओर विकसित हो रहा है कि हिंसा के बिना कुछ नहीं हो सकता, न कोई सुनता है। आज सरकारों से मांगे मनवाने के लिए भी लोग हिंसा का सहारा लेते हैं तो वहीं सरकारे भी इस स्थिति से निपटने के लिए पुलिस से लाठी-गोली चलाने के लिए मजबूर दिखती हैं, यानी हिंसा एक हथियार है जो अहिंसा को मात देने में लगा है। दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ कहते है कि अहिंसा में हमारी आस्था तो है, मगर उसमें गहराई नहीं है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि अहिंसा में आस्था जगाने वाले प्रशिक्षण की व्यवस्था हो। जैसे पुलिस और सेना की जमात खड़ी की जा रही है, वैसे ही अहिंसक सैनिकों की जमात भी खड़ी की जाए, तभी अहिंसा की चेतना को जन-जन में प्रसारित किया जा सकता है। महाप्रज्ञ कहते है कि हिंसक ताकतों का सामने करने के लिएअहिंसक व्यक्तित्व, अहिंसा प्रशिक्षणके माध्यम से तैयार कर ही इन समस्याओं से निजात पायी जा सकती है।

मन-वचन-काया से किसी भी जीव को किंचित मात्र भी दुःख न हो। जब यह सिद्धांत हमारे निश्चय और जागृति में दृढ़ हो जाएगा, तभी हमअहिंसा के पालक बन सकते हैं। अहिंसा यात्रा के प्रणेता तेरापंथ धर्मसंघ के अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण का मानना है कि शांति केवल अहिंसा से ही संभव है पर अहिंसा का अर्थ इतना ही नहीं है कि किसी जीव की हत्या न की जाये. दूसरों को पीड़ा न पंहुचाना, उनके अधिकारों का हनन करना भी अहिंसा है। इस अहिंसा की पहले भी आवश्यकता थी और आज भी है पर आज विनाशक शस्त्रों के अंबार लगे हुए हैं. गरीबी एवं अभाव के कारण लोग नारकीय जीवन जीने के लिए विवश हैं। सैनिक छावनियों में लाखों-लाख सैनिक प्रतिदिन युद्धाभ्यास करते हैं. हिंसा की इतनी सूक्ष्म जानकारी और प्रशिक्षण दी जा रही है कि वर्षों तक यह क्रम चलता रहता है। हर वर्ष उसकी नयी-नयी तकनीक खोजी जाती है। नये-नये आधुनिक हथियार, नये-नये टैंक सामने आ रहे है। हिंसा के प्रशिक्षण के लिए प्रचार-प्रसार पर मुट्ठी भर निहित स्वार्थी शक्तियों द्वारा अकूत संसाधन लगाये जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में मन में एक विकल्प उठता है कि इतनी ट्रैनिंग दी जाती है, तो क्या अहिंसा प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं है?

निश्चय ही आवश्यकता तो है, पर सवाल यह है कि उसे पूरा कैसे किया जाये? क्या केवल धर्मशास्त्रों के पढ़ने मात्र से अहिंसा जीवन में उतर आयेगी? क्या केवल प्रवचन सुनने मात्र से अहिंसा का जीवन में अवतरण हो जायेगा? नहीं। उसके लिए हमें अहिंसा के प्रशिक्षण पर विचार करना होगा। यह सोचना होगा कि हिंसा के क्या कारण हैं, तथा कैसे उनका निवारण किया जा सकता है। हिंसा के दो कारण हैं-आंतरिक एवं बाहरी। हिंसा के आंतरिक कारण में सबसे बड़ा पोषक कारण है-तनाव। वही आदमी हिंसा करता है, जो तनाव से ग्रस्त रहता है। हिंसा का दूसरा पोषक कारण है-रासायनिक असंतुलन। हिंसा केवल बाहरी कारणों से ही नहीं होती, उसके भीतरी कारण भी होते हैं। हमारी ग्रंथियों में जो रसायन बनते हैं, उन रसायनों में जब असंतुलन पैदा हो जाता है, तब व्यक्ति हिंसक बन जाता है।

**- डॉ वीरेन्द्र भाटी मंगल**

## आवश्यकता है ,महावीर के सिद्धांतों के अनुसरण की..

आज से लगभग 2600 वर्ष और ईसा से लगभग 600 वर्ष पूर्व चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन वैशाली के राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला के घर विलक्षण बालक का जन्म हुआ, जो जैन धर्म के चौबीसवें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी कहलाऐं, परन्तु सारा राजसी वैभव त्याग महावीर ने सत्य की खोज के लिए करीब बारह वर्षों तक कठोर तप किया और कैवल्य ज्ञान प्राप्त किया , कैवल्य ज्ञान प्राप्त करने के बाद उन्होंने लोगों के बीच जीयो और जीने दो के सिद्धांत को प्रतिपादित किया , उनके इस सिद्धांत से कई लोग उनके मार्ग पर चले और आज भी यह सिद्धांत लोग अपना रहे है। आज दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की कगार पर है , किसी राष्ट्र को अपना वर्चस्व दिखाना है,तो किसी को अपनी सीमाएं छोटी लग रही है, कोई दुनिया का धुरंधर बनना चाह रहा है तो किसी राष्ट्र को किसी दूसरे राष्ट्र के तेल,गैस ,खनिजों और संसाधनो को पाने की ललक ने विध्वंसकारी स्थिति पैदा कर दी है , यहां तक की युद्धोन्माद में बड़े -बडे. राष्ट्राध्यक्ष कभी अस्पतालों में कभी स्कूल तो कभी रहवासी इलाकों में निरीह बीमार, बुजुर्गों, बच्चों को ,गर्भवती महिलाओं पर भी हमला कर मार रहे हैं।

महावीर के सिद्धांतों का पालन किया जाएं तो आज भी दुनिया का हर जीव सुखी और खुशहाल हो सकता है वें युद्ध और हिंसा के प्रबल विरोधी रहे ,उनका कहना था कि असली युद्ध बाहरी दुश्मनों से नहीं बल्कि आत्मा के भीतर मौजूद क्रोध,लालच और नफरत से लड़ना चाहिए, उन्होंने जीयो और जीने दो का सिद्धांत दिया जिसमें हर जीव के प्रति दया और करुणा को सर्वोच्च धर्म माना गया , पर आज देखें तो अपने स्वार्थ के लिए ऐसे-ऐसे हथियार बना लिए गए हैं की हजारों किलोमीटर दूर से बैठें -बैठें मिसाइलों और ड्रोनों से किसी बड़े क्षेत्र को नेस्तनाबूद किया जा सकता है महावीर स्वामी के अनुसार जो खुद को जीत लेता है वह उस व्यक्ति से बहुत बड़ा है जो युद्ध में हजारों लोगों को जीतता है , महावीर कहा करते थे कि युद्ध में केवल विनाश और हिंसा ही होती है इसलिए युद्ध के बजाय शांति और क्षमा का मार्ग अपनाना बेहतर है।

**- संजय डागा**

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 31 मार्च 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:24 सूर्यास्त 18:38
चैत्र मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - त्रयोदशी 06:55 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - पूर्वाफाल्गुनी 15:21 उपरांत उत्तराफाल्गुनी
योग - गण्ड 15:40 उपरांत वृद्धि
करण - तैतिल
चन्द्रमा - सिंह में है। 21:33 पर कन्या में प्रवेश करेगा।

**मेष-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ-** किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**मिथुन-** व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे।

**कर्क-** तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह-** आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा।थकान रह सकती है।

**कन्या-** किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा।

**तुला-** प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है।

**वृश्चिक-** जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**धनु-** विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें।

**मकर-** दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें। आत्मसम्मान बना रहेगा।

**कुंभ-** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी।

**मीन-** व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

कविता

## भगवान महावीर स्वामी



जन्मे कुंडलपुर नगरी में, उजियारा लेकर आए,
महावीर स्वामी ज्ञान की, जग में ज्योति जलाए।
सत्य, अहिंसा का संदेश, सबको उन्होंने दिया,
प्रेम और करुणा से जीवन, जीना हमें सिखा दिया।।
नन्हे-नन्हे जीवों में भी, उन्होंने भगवान देखा,
किसी को दुख न पहुँचाओ,यह सुंदर ज्ञान सीखा।
क्रोध को जीतो, मन को जीतो, यही था कहना,
सच्चाई की राह पकड़ो, आगे बढ़ते ही रहना।
त्याग और तपस्या से उन्होंने, ऊँचा मार्ग दिखाया,
धैर्य, दया, और संयम का, दीपक जग में जलाया।
हम भी उनके पथ पर चलें, अच्छा मानव बन जाएँ,
झूठ, द्वेष को दूर भगाकर, सच्चाई को अपनाएँ।।
महावीर स्वामी की वाणी, मीठी जैसे तारा,
अहिंसा का संदेश है, सबसे प्यारा-प्यारा।
नन्हे मन में यह संकल्प, हर दिन हम दोहराएँ,
सत्य, दया, और प्रेम से, दुनिया सुंदर बनाएँ। ।



गोपाल कौशल
(दैनिक अवन्तिका)

## वर्धमान की आवश्यकता है

मानव में कर्मों का क्षय हो रहा है,
ना जाने क्यों हिंसा का दौर चल रहा है,
नफरत क्रोध,माया,लोभ में मनुष्य जल रहा है,
ऐसे में वर्तमान को वर्धमान की आवश्यकता है।
अवसाद, क्रोध, चिंता, उदासी सब बढ़ रहें जीवन में,
अब कोई को भी चिंता नहीं भूखे प्यासें की,
मनुष्य में हिंसा पाप का संचार हो रहा है,
ऐसे में वर्तमान को वर्धमान की आवश्यकता है।
अहंकार के विष से धरती में महापाप बढ़ रहा है,
मन की मलिनता से सुगंध कैसे आयेंगी,
अब हमें त्याग अहिंसा और पांच महाव्रत का समावेश दें दो,
ऐसे में वर्तमान को वर्धमान महावीर की आवश्यकता है।।



हरिसिंह चौहान
(दैनिक अवन्तिका)

# भगवान महावीर के अहिंसा सिद्धांत की दशा- दिशा

भगवान महावीर स्वामी की 2626 वीं जयंती को पावन पर्व के अवसर पर आज महावीर स्वामी के अनुयायी दुनियाभर में मना रहे हैं। भगवान महावीर स्वामी का जन्म लगभग 2626 वर्ष पूर्व राजा सिद्धार्थ व महारानी त्रिशला के यहाँ चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के पावन दिन हुआ था। भगवान महावीर एक क्रान्तिकारी , युगद्दष्टा महापुरुष थे। उन्होंने देखा कि सामाजिक जीवन में न केवल आर्थिक विषमता है, प्रत्युत वर्ग भेद भी इतना अधिक है, कि मानव-मानव के मन में एक-दूसरे के प्रति ममता और सौहार्द के स्थान पर घृणा और ग्लानि कुट-कुट कर घर कर गई है। समाज में स्त्रियों का स्थान अत्यंत नगण्य माना जाता है। दास और दासियों के रूप में मनुष्य स्त्री और बालकों का क्रय-विक्रय ठीक उसी प्रकार किया जाता है, जिस प्रकार भोग और उपभोग की वस्तुओं का करते हैं। इन हालातों को देखते हुए महावीर का स्वामी का चिन्तन दिनों-दिन बढ़ता ही गया। महावीर की इन्हीं चिन्तनशीलता और पारिवारिक जीवन तथा ऐश्वर्य और विलास के प्रति बढ़ते हुए निरपेक्ष भाव को परिजन धीरे-धीरे आँक रहे थे। परिजन का विचार था, महावीर विवाह करके सुखमय जीवन व्यतीत करें। माता-पिता के देहावसान के बाद महावीर ने अपने बड़े भ्राता नंदीवर्धन के समक्ष 28 वर्ष की आयु में प्रवज्या लेने का प्रस्ताव रखा।



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

भगवान महावीर ने 30 वर्ष तक नगर- नगर और ग्राम-ग्राम विहार करते हुए, समवशरण सभाओं में जन- भाषा में जनकल्याण के लिए उपदेश देते रहे। विहार के दौरान जगह-जगह यज्ञ बड़े पैमाने पर होते हुए, देखे गए। यज्ञों में मनो घी- दूध जौ-तिल आदि खाद्यान्न तथा गाय और घोड़े आदि पशु बहुतायत में भस्म किए जाते थे। महावीर ने यज्ञों का विरोध किया । तब जनमानस में यज्ञ विरोध विकसित हुआ । तब भगवान महावीर ने अहिंसा धर्म के उपदेश दिए। महावीर ने कहा संसार में सब जीव जीने की कामना करते हैं, मरना कोई नहीं चाहता है। सब सुख के इच्छुक हैं, दुख के नहीं। महावीर ने कहा सभी जीवों के प्रति समभाव रखना अहिंसा है,* इसके साथ ही राग और द्वेष से मुक्त होना अहिंसा है। यद्यपि भी सभी धर्म में अहिंसा को सर्वोपरि सिद्धांत माना है ,तथापि उनमें जैन धर्म तथा भगवान महावीर का स्थान प्रमुख है। किसी भी धर्म में हिंसा, असत्य, चोरी, दुराचार, परिग्रह, क्रोध, मान ,माया, लोभ असंयम आदि को धर्म नहीं माना गया है।

प्रत्येक प्राणी की आत्मा स्वतंत्र है ,तब आप उसके जीवन के अधिकारों का हनन नही कर सकते। इससे आपके मन में प्रत्येक जीव के प्रति दया एवं करुणा की भावना जाग्रत होगी और इसी के परिणामतः विश्व में शांति एवं सौहार्द की भावना उजागर होगी। जैन धर्म में अहिंसा' का अर्थ के बल मनुष्य की हिंसा करने मात्र तक सीमित नहीं है ,वरन् प्राणी मात्र और यहाँ तक कि पृथ्वी, जलवायु, अग्नि आदि में विद्यमान चर्मचशुओं के दृष्टिगोचर नहीं होने वाले जीवो की हिंसा नहीं करने से है। क्योंकि प्रत्येक प्राणी को अपना जीवन प्रिय है। अतः किसी भी प्राणी को दुख नही पहुँचना चाहिए और न ही किसी के प्रति वैर-विरोध का भाव रखना चाहिए। व्यक्ति को सब जीवों के प्रति मैत्री का भाव रखनी चाहिए।अगर हम महावीर से प्रेम करते हैं , तो अहिंसा को फिर से जीवित करने का संकल्प ले । पर्दों पर अहिंसा के संदेश लिखने की बजाय, जीवन में अहिंसा लाए। अहिंसा के बैनर हाथों में रखना और हिंसा करके हिंसक वस्तुओं का उपयोग करना, हिंसा का व्यापार करना तथा हिंसक वस्तुओं का उपभोग करना कहां का न्याय है ? अतः स्पष्ट है कि वर्तमान में अशांति, आंतकी, भ्रष्ट और हिंसक वातावरण में महावीर की अहिंसा ही शांति प्रदान कर सकती है।

धर्म-आस्था


# आज की दुनिया को भगवान महावीर के 'जियो और जीने दो' के संदेश की जरूरत

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जहाँ अशांति, वैमनस्य और प्रतिस्पर्धा की होड़ मची है, भगवान महावीर का 'जियो और जीने दो' का सिद्धांत मात्र एक धार्मिक नारा नहीं, बल्कि विश्व शांति का एकमात्र व्यावहारिक सूत्र है। आज जब अधिकांश राष्ट्र आपसी द्वेष और युद्ध की विभीषिका में झुलस रहे हैं, तब महावीर का अपरिग्रह और अनेकांतवाद का दर्शन हमें यह सिखाता है कि वैचारिक मतभेदों के बीच भी सामंजस्य कैसे स्थापित किया जाए। उनकी शिक्षाएं हमें सचेत करती हैं कि केवल शस्त्रों की शक्ति से विजय प्राप्त नहीं की जा सकती, बल्कि असली विजय स्वयं के विकारों और क्रोध पर नियंत्रण पाने में है। एक आधुनिक राष्ट्र के निर्माण के लिए यह अनिवार्य है कि हम बाहरी संघर्षों को त्याग कर आंतरिक शांति और नैतिकता की ओर कदम बढ़ाएं।



शुभम दुबे
(दैनिक अवन्तिका)

भगवान महावीर का जीवन चरित्र तप, त्याग और असीम करुणा का सजीव दस्तावेज है। युवा पीढ़ी के लिए उनका जीवन एक ऐसा प्रकाश स्तंभ है, जो भौतिकता की अंधी दौड़ के बीच चरित्र निर्माण की राह दिखाता है। आधुनिक भारत के युवाओं को यह समझने की आवश्यकता है कि शक्ति का अर्थ शोषण नहीं, बल्कि संरक्षण है। महावीर ने सिखाया कि आत्म-अनुशासन ही स्वतंत्रता का उच्चतम रूप है। यदि आज का युवा अपनी ऊर्जा को सकारात्मकता, संयम और सत्य के मार्ग पर नियोजित करे, तो भारत को एक नैतिक और समृद्ध राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। उनके बताए 'पंच महाव्रत'–अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह–आज के भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी समाज की नींव बन सकते हैं।



वैश्विक स्तर पर व्याप्त प्रतिस्पर्धा और 'अधिकारों' की जंग के बीच महावीर स्वामी का 'अपरिग्रह' का सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक हो जाता है। आज संसाधनों की अनियंत्रित लूट और संग्रह की प्रवृत्ति ने ही देशों के बीच संघर्ष को जन्म दिया है। यदि हम अपनी आवश्यकताओं को सीमित करना और दूसरों के प्रति उदारता बरतना सीख लें, तो विश्व की अधिकांश आर्थिक और राजनैतिक समस्याओं का समाधान संभव है। महावीर का दर्शन हमें यह बोध कराता है कि सुख वस्तुओं के संचय में नहीं, बल्कि उनके वितरण और संतोष में है। यह विचार न केवल व्यक्तिगत शांति प्रदान करता है, बल्कि राष्ट्रों के बीच संसाधनों के न्यायपूर्ण बंटवारे की प्रेरणा भी देता है।

'अनेकांतवाद' यानी दूसरों के दृष्टिकोण का सम्मान करना, आज के लोकतंत्र की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जब विश्व में असहिष्णुता बढ़ रही हो, तब महावीर का यह सिद्धांत हमें सिखाता है कि सत्य के कई पहलू हो सकते हैं और हमें दूसरे के विचार को भी धैर्यपूर्वक सुनना चाहिए। भारत जैसे विविधतापूर्ण राष्ट्र में, जहाँ विभिन्न संस्कृतियाँ और मत साथ रहते हैं, महावीर का यह दर्शन राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने का सबसे सशक्त माध्यम है। आपसी संवाद और वैचारिक उदारता ही वह सेतु है, जो राष्ट्र को आंतरिक कलह से बचाकर विकास के पथ पर अग्रसर कर सकता है!

अंततः, महावीर जयंती के इस पावन अवसर पर हमें केवल उत्सव तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके सिद्धांतों को राष्ट्र की धमनियों में प्रवाहित करने का संकल्प लेना चाहिए। एक आधुनिक और सशक्त भारत तभी बनेगा जब विज्ञान के साथ विवेक और तकनीक के साथ त्याग का मेल होगा। भगवान महावीर के दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम एक ऐसे समाज की कल्पना कर सकते हैं जहाँ 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना केवल शब्दों में नहीं, बल्कि आचरण में हो। आइए, हम सब मिलकर सत्य और अहिंसा के उन पदचिह्नों पर चलने का प्रण लें, जो न केवल भारत को बल्कि संपूर्ण विश्व को शांति और बंधुत्व का नया सवेरा दिखा सकें।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,48,900, रवा- 1,48,800 चांदी- टंच- 2,30,500 पाट- 2,29,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## महिदपुर के जवाहर डोसी पीयूष को जैन पत्रकार परिषद से अवार्ड

**महिदपुर।** उज्जैन में पपू आचार्य भगवंत विश्व रत्नसागर सूरीजी मसा की निश्रा में जैन पत्रकार परिषद अवार्ड समारोह का आयोजन हुआ।क्रार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि,शाश्वती ओली के 2000 आराधकों की ओली करवाने वाले ,संपूर्ण उज्जैन के सर्व जैन समाज के महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के स्वामीवात्सल्य के लाभार्थी पुण्यवत शाह बाबूलाल धनराज डोडिया,गांधी परिवार अहमदाबाद द्वारा परमात्मा शांतिनाथ दादा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई।पपू आचार्य भगवंत विश्वरत्न सागर सूरीजी ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज समाज में एकता की सबसे बड़ी जरूरत है।हम हमारे ही त्यौहार एक तिथि को नहीं मना पा रहे हैं। समाज की बड़ी संख्या अपने धर्म पर विश्वास ना करते हुए अन्य धर्मों पर विश्वास कर उस ओर जा रही है जो चिंता का विषय है,इस ओर सभी को ध्यान रखना है।जगह-जगह से आए जैन पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त कर सुझाव रखे।जैन पत्रकार परिषद के संयोजक अवार्ड समारोह के कर्णधार वरिष्ठ पत्रकार दीपक दुग्गड़ ने भी अपना व्यक्तव्य दिया। समारोह में प्रदेशभर आए सभी जैन पत्रकारों का बहुमान लाभार्थी बाबूलाल धनराज डोडिया गांधी एवं प्रदेश पदाधिकारी, राजेश जैन डग द्वारा किया गया। संचालन अभय चौपड़ा द्वारा किया गया। संस्था द्वारा 11 अवार्ड प्रदान किए गए जिनमें प्रदेश भर के पत्रकारों की उपस्थिति में उज्जैन जिले के बड़नगर निवासी विजय गोखरू और महिदपुर निवासी जवाहर डोसी पीयूष को उनकी कलम के माध्यम से की गई श्रेष्ठतम सेवा के उपलक्ष्य में यह गौरवशाली सम्मान प्रदान किया गया।

## एल्डरमेनों की हुई नियुक्ति पर भाजपाइयों में हर्ष का माहौल, किया स्वागत






**भौरासा।** नगर परिषद भौरासा में क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर द्वारा आपसी समन्वय बनाया जिसमें प्रदीप मंत्री नरबत सिंह यादव, मुकेश कुमावत, मुरारीलाल लोधी के साथ बहुत ही अच्छा समीकरण बैठाया जिसमें संपूर्ण नगर में हर्ष का माहौल हुआ। इसी के साथ बाबा भंवरनाथ भाजपा मंडल की कार्यकारणी की भी जल्द नियुक्ति होगी जिसमें विधायक डॉ सोनकर सभी सामाजिक क्षेत्रीय समीकरण का समन्वय बनाकर नियुक्ति की जाएगी। नगर परिषद एल्डरमैन हुई नियुक्ति के उपरांत सभी नवनियुक्त एल्डरमैनो का भाजपा पदाधिकारी ओर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया इस पर क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर,भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव,मंडल अध्यक्ष टीना अनिल चावड़ा का आभार माना,इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा,मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा,मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद अग्रवाल,पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रमोद पालीवाल,नरेंद्र माली, हिम्मत सिंह ठाकुर,कल्लू ठाकुर,पार्षद छोटेलाल लोधी, बद्रीलाल लोधी,गोवर्धन बोडाना,राजेश लोधी,अश्विन जायसवाल, प्रदीप ठाकुर, अजबसिंह धाकड़,राजा वर्मा, के साथ आदि भाजपाई कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर संगठन का आभार माना।

## खेत में लगी भीषण आग, थाना प्रभारी व फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग पर पाया काबू



**सुसनेर।** परसुलिया रोड स्थित एक खेत में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। आग लगते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अक्षय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग की बढ़ती लपटों को देखते हुए फायर ब्रिगेड व पानी के टैंकर को भी बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार आग हाजी अब्दुल सलाम के खेत में लगी थी। समय रहते आग बुझने से बड़ा नुकसान टल गया।

## मोड़ी में बागरी समाज का द्वितीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन 26 अप्रैल को



**सुसनेर।** समीपस्थ ग्राम मोड़ी में अखिल भारतीय चन्द्रवंशी बागरी समाज द्वारा द्वितीय आदर्श सामुहिक विवाह सम्मेलन 26 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में विवाह हेतु वधु की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष वाले योग्य जोड़े 15 अप्रैल 2026 तक अपना पंजीयन सम्मेलन समिति को करवा सकते हैं। उक्त जानकारी सम्मेलन समिति के अध्यक्ष गणपत बागरी ने दी।

ब्यावरा विधानसभा में तीर्थ विकास को नई गति

# मंत्री पंवार ने 1 करोड़ 78 लाख के कार्यों का किया भूमिपूजन, श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सुविधा

### शा.उमावि.मलावर में चल रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।




ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थलों के विकास को नई दिशा देते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने 1 करोड़ 78 लाख 23 हजार रुपये की लागत से विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर 3 सीसी सड़क, 2 सामुदायिक भवन सहित कई महत्वपूर्ण कार्यों की आधारशिला रखी गई, जिससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन और जनसुविधाओं को नया विस्तार मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री पंवार ने भगवान महाकाल के चरणों में नमन करते हुए कहा कि आज का यह पावन दिवस भगवान महाकाल की प्रेरणा से उनके तीर्थ स्थलों के विकास कार्यों को समर्पित है। इन निर्माण कार्यों से श्रद्धालुओं को बेहतर और सुगम मार्ग उपलब्ध होंगे तथा हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने केंद्र एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा संस्कृति संरक्षण और तीर्थ विकास के लिए किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में देश-प्रदेश में विकास और विरासत संरक्षण साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं। मंत्री पंवार ने अपने संबोधन में वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और तनाव के कारण आर्थिक अस्थिरता का माहौल बना हुआ है। इसके बावजूद भारत ने प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर अपनी साख को लगातार मजबूत किया। उन्होंने कहा कि जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, वहीं भारत में संतुलित नीतियों के चलते आमजन को राहत देने का सफल प्रयास किया गया है, जो देश की मजबूत आर्थिक रणनीति का प्रमाण है। इस दौरान मंत्री पंवार ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मलावर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित सरकारी इंजीनियर सुनील मंडलोई की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा गया कि सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और समयसीमा में पूर्ण किए जाएं, अन्यथा संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मंत्री पंवार ने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, स्थानीय स्तर पर आधारभूत संरचना मजबूत होगी और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गिंदौरहाट स्थित घुरेल पहाड़ी पशुपतिनाथ मंदिर में सामुदायिक भवन निर्माण, पीएम रोड से कपिलेश्वर महादेव मंदिर तक सीसी रोड निर्माण, कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सीसी नाली निर्माण, ग्राम पंचायत मऊ में कबिट वाले मंदिर के समीप सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम जेपला में देव नारायण मंदिर से सुठालिया रोड तक सीसी रोड निर्माण, ग्राम पंचायत मऊ में पीएम रोड से महादेव मंदिर तक सीसी सड़क निर्माण, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मलावर में फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी लैब हेतु कक्ष निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी, नारायण सिंह सालरियाखेड़ी मानसिंह, जसवंत गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलवर यादव, बलवान सिंह, गिरराज लववंशी, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, जनपद सीईओ आर.के.मंडल , एसडीओ प्रवीण भील , स्वाती एवं इंजीनियर कार्तिक राजपूत सहित संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## गो सम्मान आह्वान अभियान को लेकर बैठक आयोजित

### 27 अप्रैल को प्रार्थना पत्र सौंपने की अपील

**सुसनेर।** गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत क्षेत्र में जनजागरूकता लगातार बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में शनिवार देर शाम जामुनिया रोड स्थित सुमन मैरिज गार्डन एवं सोयत रोड स्थित चिंताहरण हनुमान मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों से 27 अप्रैल को तहसीलदार के माध्यम से शासन को प्रार्थना पत्र सौंपने के लिए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि गो संरक्षण भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसके संरक्षण और संवर्धन के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। इस दौरान सभी उपस्थितजनों ने गो संरक्षण का संकल्प लेते हुए अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस अभियान को व्यापक समर्थन मिल रहा है। ग्राम कजलास में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग का समर्थन करते हुए अभियान के पक्ष में अपनी सहमति जताई। समर्थकों ने बताया कि आगामी दिनों में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और नगरों में लगातार बैठकें आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाएगा ताकि 27 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में लोग उपस्थित होकर अपनी मांग शासन तक पहुंचा सकें।

# गैस, पेट्रोल, डीजल की कमी एवं गेहूं उपार्जन को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उन्हेल



देशभर में चल रहे गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल की कमी गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि सहित गेहूं उपार्जन में हो रही देरी को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निदेर्शानुसार एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस द्वारा सोमवार को उन्हेल तहसील कार्यालय पर किसानों एवं आमजन को साथ लेकर सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी कर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर पटेल ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा लगातार आमजन एवं किसानों को परेशान किया जा रहा केन्द्र सरकार पिछले 12 सालों से देश की जनता को सिर्फ लाइनों में खड़े कर रही।वर्तमान समय में देशभर में गैस सिलेंडर पेट्रोल डीजल की कमी से जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पंप पर लंबी लंबी कतरे है पर पेट्रोल डीजल की उपलब्धता नहीं किसानों का खेती का काम जोरो पर चल रहा है फसल कट रही है ऐसे में ईंधन की कमी से किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर रहा है सरकार द्वारा गेहूं की एम एस पी 2700 रुपए करने के चुनावी वादा खिलाफी के चुकी है एवं अब लगातार गेहूं उपार्जन की तारीख आगे बढ़ते जा रहे है परन्तु किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड भरने की तिथि आज भी 28 मार्च ही है जिससे कई किसान डिफॉल्टर को जाएंगे,विद्युत विभाग द्वारा भी लगातार किसानों एवं आमजन को बिजली बिल भरने हेतु परेशान किया जा रहा है एवं बिलों में बताशा वृद्धि की जा रही है।सरकार केसीसी एवं सभी घरेलू,सिंचाई बिलों के भुगतान की तिथि 30 अप्रैल करे एवं गैरकानूनी रूप से उपभोक्ताओं से की जा रही वाहन एवं सामानों कुर्की बंद करने के आदेश दे। यह सरकार सिर्फ जनता का शोषण कर रही है जिसका खामियाजा देश की जनता भुगत रही है, इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर पटेल, शहर अध्यक्ष वकील गुड्डू कुरैशी, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश पाटीदार, सुधाकर विपट, किसान नेता बालेश्वर आंजना, मदन सिंह जादौन, मुकेश गुर्जर, मुकेश जायसवाल, राहुल सोलंकी, अक्षय जैन, पार्षद कन्नू शाह, टीकमसिंह देवड़ा, दिलीप पटेल, मुबारिक, बालाराम परिहार, शाकिर भाई, कैलाश नागर, बाबूलाल गाजी, मांगीलाल डाबी, सत्तार पेंटर, जावेद भाई आदि उपस्थित रहें।

डॉक्टर की पिटाई, विरोध में स्टाफ ने काम बंद किया

# नर्स से की झूमाझटकी, विभाग में रखे कम्प्यूटर और दस्तावेजों को नुकसान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



जिला अस्पताल में सोमवार को एक डॉक्टर से मारपीट का मामला सामने आया। सोनोग्राफी विभाग में हुई इस घटना के विरोध में अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों ने कुछ समय के लिए काम बंद कर दिया। हालांकि, आपातकालीन सेवाएं बाद में बहाल कर दी गईं, लेकिन अन्य सेवाओं के प्रभावित होने से कुछ देर के लिए मरीजों को परेशानी हुई। जानकारी के अनुसार, आनंद नगर निवासी अमजद शेख अपनी पत्नी की सोनोग्राफी कराने अस्पताल आए थे। स्टाफ नर्स प्रियंका जोगलेकर ने उन्हें डिलीवरी की तारीख अभी दूर है और 28 अप्रैल 2026 को सोनोग्राफी कराने की सलाह दी। इस पर अमजद शेख भड़क गए और नर्स के साथ अभद्रता व गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने नर्स के साथ झूमाझटकी की और विभाग में रखे कंप्यूटर व दस्तावेजों को भी नुकसान पहुंचाया।

शोर सुनकर रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अजहर उद्दीन शेख ने बीच-बचाव का प्रयास किया। आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे डॉक्टर की हाथ की उंगली, पैर, कमर और चेहरे पर चोटें आईं। अन्य कर्मचारियों ने हस्तक्षेप कर स्थिति को संभाला। आरोपी जाते समय जान से मारने की धमकी देता रहा। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे शांत करवाया।

**स्टाफ ने काम करना किया बंद**

घटना के विरोध में अस्पताल स्टाफ ने मुख्य गेट पर नारेबाजी करते हुए काम बंद कर दिया। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजेश दुबे ने कहा कि जब तक आरोपी पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तब तक काम बंद रहेगा।

सिविल सर्जन डॉ. आरपी परमार ने घटना की निंदा करते हुए अस्पताल में व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की बात कही। कोतवाली थाना प्रभारी श्याम चंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# श्री स्वर्णगिरिराज जी की भव्य परिक्रमा निकली



दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

प्रतिमाह अनुसार इस माह भी शुक्ल पक्ष की एकादशी को श्री स्वर्णगिरिराज जी की भव्य परिक्रमा निकली जिसमें राजस्थान धौलपुर के पूज्य संत श्री बापू गोपाल दास जी महाराज एवं संत महावीर शर्मा मारवाड़ राजस्थान का सानिध्य भक्तजनों को प्राप्त हुआ। प्रात 8.00 बजे स्वर्णगिरिराज का अभिषेक पुजारी प्रेमनारायण शर्मा द्वारा किया गया विशेष श्रृंगार के पश्चात ध्वजारोहण एवं महाआरती हुई इसके पश्चात संतों के आशीर्वचन हुए। हाथों में ध्वज लेकर शंख ध्वनि के साथ करीब 10.30 बजे परिक्रमा स्वर्णगिरी धाम ग्राम चरणमया चिरमिया से निकली जो वीर हनुमान मंदिर आक्याधागा, श्रीराम बालाजी धाम महू, श्री कृष्ण सुदामा धाम नारायणा होते हुए पुनः स्वर्णगिरी धाम पहुंचकर 11 किलोमीटर की परिक्रमा पूर्ण हुई। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीण जनों द्वारा अल्पाहार और जलपान की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर पूर्व में स्वर्णगिरी धाम में श्री राम कथा में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले चंदरसिंह पटेल ,लेकोडा आंजना को समिति द्वारा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अभिषेक एवं ध्वजारोहण के लाभार्थी प्रवीण जगदीश पटेल चंदेसरा एवं दिलीप पटेल ब्रजराज खेड़ी रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने दिया धरना

**तराना।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा गैस सिलेंडर मूल वृद्धि, बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि डीजल पेट्रोल की कमी और किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम ब्रजेश सक्सेना को राज्यपाल के नाम का ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में बताया कि किसानों की फसल खरीदी नहीं जा रही है और बैंकों के ऋण व बिजली बिलों की वसूली गुंडागर्दी के आधार पर किए जा रही है। वसूली की तारीख अप्रैल आखिरी तक बढ़ाया जाए जिससे किसान डिफाल्टर होने से बच सके।उपार्जन केंद्र पर गेहूं खरीदी अब



तक शुरू नहीं हुई है जिससे सरकार का आम जनता किसानों पर ध्यान नहीं है खरीदी की तारीख पर तारीख बढ़ाई जा रही है। आमजन महंगाई से पहले ही परेशान है उसे पर सरकार द्वारा गैस सिलेंडर की मूल्य में वृद्धि कर व राज्य सरकार द्वारा बिजली के दौर में बढ़ोतरी की गई है। जिससे आमजन और परेशान होगा। इस दौरान नप अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपेश परमार,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कप्तान सिंह पवार शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश रावल, पार्षद विनोद सोनी द्वारकाधीश शर्मा, शेख यासीन सूरज चंदन, संजय रावल,पवन गहलोत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## जाहिर सूचना का खण्डन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 17/03/2026 को श्री दिनेश वर्मा सर्विस प्रोवाईडर उपपंजीयक कार्यालय घट्टिया जिला उज्जैन द्वारा मेरे स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 360 रकबा 1.95 हेक्टेयर स्थित ग्राम कालुहेड़ा तह. घट्टिया जिला उज्जैन के भूमि स्वामी जगदीश शर्मा पिता श्री रामलाल शर्मा को बताते हुए जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया था जबकि उक्त भूमि कालूहेड़ा राजघराने की है व वर्तमान में मैं राव पद पर आसिन होने के नाते उक्त भूमि का संरक्षक हूं। उक्त भूमि मेरे पूर्वजों द्वारा पक्की छत्री स्थान की पूजा की ऐवज में सेवा भूमि के रूप में पुजारी जगदीश के पिता रामलाल को पूजन के खर्च एवं भरण पोषण हेतु दी गई थी जिसके एकमात्र स्वामी एवं अधिपति मेरे पूर्वज रहे हैं एवं वर्तमान में मैं हूं। पुजारी जगदीश द्वारा राजस्व रिकार्ड में अपना नाम हमारी जानकारी के बिना कर लिया है। इस प्रकार से त्रुटिपूर्ण राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर लेने से उन्हें उक्त भूमि विक्रय अथवा हस्तांतरण करने का अधिकार नहीं है। जाहिर सूचना का खण्डन प्रकाशित कर सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय, रहन, गिरवी या अन्य प्रकार का कोई संव्यवहार जगदीश शर्मा अथवा उसके प्रतिनिधि से ना करें। खण्डन के प्रकाश के पश्चात भी यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार का कोई सव्यवहार करता है तो ऐसा व्यवहार मुझ पर बंधनकारक नहीं होगा एवं समस्त उत्तरदायित्व संव्यवहारकर्ता का रहेगा। इस संबंध में वैधानिक कार्यवाही भी की जा रही है। सो सूचित हो। इति दिनांक- 31/3/2016

**राव देवेन्द्रसिंह पिता स्व. श्री राजा साहब भेरूसिंह जी**
**निवासी - ग्राम कालूहेड़ा तह. घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाइल नंबर- 94240-15042**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी श्रीमती सागरबाई कुशवाह पति स्व. राजाराम कुशवाह, निवासी-ग्राम जवासिया, तहसील बदनावर, जिला धार से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 26/1, मंगल परिसर ₹बीर₹, जवाहर मार्ग (डायवर्सन रोड़), तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन में स्थित है, जिसकी चौड़ाई पूर्व-पश्चिम 6.40 मीटर तथा लम्बाई उत्तर-दक्षिण 7.62 मीटर होकर कुल क्षेत्रफल 48.76 वर्गमीटर है। उक्त मकान के पूर्व दिशा में भूखण्ड क्रमांक 27, पश्चिम दिशा में भूखण्ड क्रमांक 25/1, उत्तर दिशा में भूखण्ड क्रमांक-26/2 व दक्षिण दिशा में भूखण्ड का निकास व रोड़ है, को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है, अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्ज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इतिः दिनांक-30/03/2026, उज्जैन

**गजेन्द्र सिंह तोमर (एडवोकेट)**
**Office: Gurunanak Market, Opposite Shivalik Bank, Freeganj, Ujjain (M.P.) Mobile No. 9303564779**

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

**शाजापुर।** जल स्त्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से, सोमवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 का आयोजन किया गया। उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकालकर श्रमदान किया और परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। अभियान के प्रथम चरण में स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक किया गया। रैली के पश्चात, एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्थित कुएं के समीप मोर्चा संभाला। यहां सघन स्वच्छता अभियान चलाते हुए स्वयंसेवकों ने कुएं के आसपास मौजूद एकल उपयोग प्लास्टिक (सिंगल यूज प्लास्टिक) और अन्य कचरे को एकत्रित किया। साथ ही, जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार और स्वच्छता के प्रति सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. तिवारी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और युवाओं को जल संवर्धन के इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। वहीं, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जल स्त्रोतों की स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा होनी चाहिए।

## दो अलग-अलग घटनाओं में दो बुजुर्गों की दर्दनाक मौत

**शाजापुर।** जिला अस्पताल में रविवार की रात दो परिवारों के लिए मातम लेकर आई। क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में दो बुजुर्गों की जान चली गई। एक ओर जहां उमिया धाम कॉलोनी में चौकीदारी करने जा रहे एक बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, वहीं दूसरी ओर एक अन्य बुजुर्ग ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ निगल कर अपनी जान दे दी। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पहला मामला बरवाल जोड़ के समीप का है। बरवाल निवासी 73 वर्षीय नारायण पिता बाबरू रविवार रात करीब 9 से 10 बजे के बीच अपनी साइकिल से शाजापुर आ रहे थे। वे शहर की उमिया धाम कॉलोनी में एक निर्माणाधीन मकान पर चौकीदारी का काम करते थे और रविवार रात भी अपनी ड्यूटी पर ही जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल नारायण को तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना टुकराना क्षेत्र की है। यहां रहने वाले कैलाश पिता पर्वत ने रविवार को अज्ञात कारणों के चलते कोई जहरीली दवा पी ली। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही कैलाश ने दम तोड़ दिया। मौत के बाद उनके शव को वापस जिला अस्पताल लाया गया। रविवार रात हुई इन दोनों घटनाओं के बाद शवों को जिला अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया। सोमवार सुबह पुलिस द्वारा पंचनामा व अन्य कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस अब जहां एक ओर टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है, वहीं दूसरी ओर जहरीली दवा पीने के कारणों का भी पता लगा रही है।

## मन की बात में शाजापुर प्रदेश में दूसरी बार अव्वल

**शाजापुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात को लेकर शाजापुर जिले ने पूरे मध्यप्रदेश में एक बार फिर परचम लहराया है। जिले ने इस कार्यक्रम के संदर्भ में प्रदेश में दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में भारी उत्साह है। इस सफलता को संगठन की सक्रियता और जिले के प्रत्येक कार्यकर्ता की समर्पण भावना का परिणाम बताया जा रहा है। उपलब्धि पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की जा रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, डॉ. पांडे के मार्गदर्शन में की गई नियमित बैठकें, सतत जनसंपर्क, वर्चुअल संवाद और संगठनात्मक गतिविधियों के जरिए कार्यकर्ताओं को लगातार सक्रिय और एकजुट रखा गया, जिसका परिणाम आज पूरे प्रदेश के सामने एक मिसाल के रूप में है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए भाजपा के सभी जिला पदाधिकारियों, मंडल पदाधिकारियों, बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं और मन की बात कार्यक्रम के सभी जिला एवं मंडल प्रभारियों को बधाइयां दी गई हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने इस उपलब्धि का पूरा श्रेय पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं, मन की बात कार्यक्रम के प्रभारियों और संगठन की टीम भावना को दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों और अनुशासन से ही यह सफलता संभव हो पाई है। संगठन भविष्य में भी इसी प्रकार नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे ने दी।

## ऑटो चालकों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

**शाजापुर।** गर्मी का असर बढ़ने के साथ ही शहर में आगजनी की घटनाएं भी सामने आने लगी हैं। शहर के व्यस्ततम टंकी चौराहे पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक बाइक में अचानक आग भड़क उठी। गनीमत यह रही कि उसी समय वहां से गुजर रही दमकल की टीम ने तुरंत मोर्चा संभाला और समय रहते आग पर काबू पाकर एक बड़े नुकसान को टाल दिया। जानकारी के अनुसार, सोमवार को टंकी चौराहे पर अज्ञात कारणों के चलते एक दोपहिया वाहन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते वाहन पूरी तरह से आग की लपटों में घिर गया, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई।

# राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 के क्रियान्वयन को गति देने हेतु नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन

**नईदिल्ली।** माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सहकार से समृद्धि के विजन को साकार करने तथा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र को देश के विकास के सशक्त इंजन के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 के कार्यान्वयन पथ एवं आगे की राह विषय पर राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया।

सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार और त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कॉन्क्लेव में देशभर से नीति-निर्माताओं, सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, विशेषज्ञों एवं हितधारकों ने भाग लेते हुए नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए व्यापक विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर, राष्ट्रीय कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि सहकारिता भारत की सामाजिक-आर्थिक संरचना का एक मजबूत स्तंभ रही है, जिसने दशकों से ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि बदलते समय, बढ़ती ग्रामीण आकांक्षाओं और विकसित होती अर्थव्यवस्था के अनुरूप राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 एक व्यापक और दूरदर्शी रोडमैप प्रस्तुत करती है, जो सहकारिता को देश के विकास के दूसरे इंजन के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इस नीति का लक्ष्य सहकारिता के माध्यम से समावेशी विकास को गति देना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान करना और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित करना है।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने कहा कि यह नीति व्यापक परामर्श प्रक्रिया के बाद तैयार की गई है, जिसमें 48 सदस्यीय राष्ट्रीय समिति द्वारा 17 बैठकों और 4 क्षेत्रीय कार्यशालाओं के माध्यम से देशभर के सुझावों को शामिल किया गया। उन्होंने नीति के प्रमुख स्तंभों का उल्लेख करते हुए कहा कि सहकारिता की नींव को सुदृढ़ करना, सहकारी ढांचे का विस्तार, व्यावसायिक इकोसिस्टम का विकास, पारदर्शी एवं पेशेवर प्रबंधन, सदस्य-केंद्रितता को बढ़ावा, नए क्षेत्रों में विस्तार और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना इसके मुख्य आयाम हैं। उन्होंने राज्यों को अपनी सहकारिता नीतियां बनाने के लिए प्रोत्साहित करने की भी जानकारी दी, जिससे सहकारिता आंदोलन को और गति मिल सके। श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 के अनुरूप अनेक परिवर्तनकारी पहलें शुरू की हैं, जिनमें को बहुउद्देशीय आर्थिक इकाइयों में विकसित करना, उन्हें 25 से अधिक गतिविधियों में सक्षम बनाना, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना, श्वेत क्रांति 2.0, राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस, सहकारी रैंकिंग फ्रेमवर्क तथा भारत टैक्सी जैसी अभिनव पहलों का क्रियान्वयन शामिल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कॉन्क्लेव नीति के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगा और सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा प्रदान करेगा।

इस अवसर पर सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने कहा कि देश में 80 हजार से अधिक का कंप्यूटरीकरण किया जा रहा है, जिससे उन्हें बहुउद्देशीय, व्यावसायिक और अधिक उपयोगी इकाइयों में परिवर्तित किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्तर पर भंडारण का विकेंद्रीकरण, किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित करना, फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करना तथा लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाना मंत्रालय की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रधानमंत्री जी की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष प्रो. एस. महेंद्र देव ने अपने विशेष व्याख्यान में सहकारिता क्षेत्र के योगदान को तीन गुना करने की रणनीतियों पर बल देते हुए कहा कि सहकारिता समावेशी और सतत विकास का एक प्रभावशाली माध्यम बन सकती है। इस अवसर पर, भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड के निदेशक श्री सतीश मराठे ने कहा कि अंतिम छोर तक किफायती ऋण उपलब्ध कराने में सहकारिता क्षेत्र की भूमिका सबसे अधिक प्रभावी है। कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न विषयगत सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, PACS को विकास के इंजन के रूप में सशक्त बनाना, सदस्य शिक्षा, युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी, जैविक उत्पाद बाजार में नेतृत्व तथा सहकारी ऋण एवं बैंकिंग जैसे विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। ब्रेकआउट सत्रों और ओपन हाउस चर्चाओं के माध्यम से नीति के क्रियान्वयन हेतु व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए गए।

## विकास को मिली रफ्तार... उज्जैन निगम का बजट बिना विरोध पास

### 22.5 लाख की बचत के साथ सर्वसम्मति से मंजूर बजट.. सड़क, जल, स्वच्छता और शहरी विकास के बड़े प्रोजेक्ट शामिल

**उज्जैन।** नगर निगम उज्जैन के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को सोमवार को आयोजित निगम सम्मेलन में सर्वसम्मति और ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने की, जबकि महापौर मुकेश टटवाल ने बजट भाषण प्रस्तुत किया। इस दौरान निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित पार्षद और अधिकारी मौजूद रहे।

2026-27 का प्रस्तावित बजट अंतर्गत कुल प्रस्तावित आय राशि रूपयें पांच हजार तिहोत्तर करोड़ चौबीस लाख अठावन हजार रूपयें एवं प्रस्तावित व्यय राशि पांच हजार तिहोत्तर करोड़ तीन लाख अठावन हजार रूपयें सहित कुल 21 लाख रूपयें की बचत का बजट मेयर इन काउंसिल के समक्ष प्रस्तावित हुआ था। बजट बैठक में विस्तृत चर्चा उपरांत आय-व्यय में कमी वृद्धित कर उज्जैन शहर की जनता की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए नवीन आवश्यक निर्माण कार्यों को जोड़ते हुए कुल आय राशि रूपयें चार हजार पॉच सौ बानवे करोड़ अठारह लाख तीन हजार रूपयें एवं कुल व्यय चार हजार पॉच सौ इक्यानवे करो? पिन्च्यानवे लाख त्रेपन हजार रूपयें सहित 22.50 लाख रूपयें की बचत की अनुशंसा की गई है।

**सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखकर प्लानिंग-**बजट में आगामी सिंहस्थ महापर्व को केंद्र में रखते हुए बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर जोर दिया गया है। शहर के प्रमुख मार्गों—कोयला फाटक से गोपाल मंदिर, नानाखेड़ा से शांति पैलेस, केडी गेट से बड़ी पुलिया सहित कई रूटों पर चौड़ीकरण और सुधार कार्य जारी हैं। छत्री चौक क्षेत्र में पार्किंग और कॉम्प्लेक्स निर्माण, कपिला गौशाला विकास, लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट, सेंट्रल लाइन डिवाइडर और सड़क चौड़ीकरण

**821 करोड़ की जल आवर्धन परियोजना-**शहर की पेयजल जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हरियाखेड़ी परियोजना के तहत ?821 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन हो चुका है, जिसमें ट्रीटमेंट प्लांट सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सड़क और अधोसंरचना विकास, कायाकल्प योजना: 3.90 करोड़ से 12 सड़कों का निर्माण, मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना ?6.29 करोड़ से 31 सीसी रोड और फुटपाथ, एनकेपी योजना 1.50 करोड़ से पेवर ब्लॉक कार्य



स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन उज्जैन को वर्ष 2024 में सुपर स्वच्छ लीग में स्थान 3-स्टार जीएफसी रेटिंग वॉटर प्लस दर्जा मिला। राष्ट्रपति द्वारा भी शहर की स्वच्छता की सराहना की जा चुकी है। राजस्व और आय के आंकड़े कार्तिक मेला 2025-26 लक्ष्य 1.5 करोड़ के मुकाबले 2.26 करोड़ आय अन्य मदों से आय- 28 फरवरी 2026 तक 21.20 करोड़ 234 विवाह और 117 निकाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 595 मामलों में सहायता राशि (मृत्यु व दुर्घटना) 23,649 हितग्राहियों को पेंशन लाभ 482 लोगों ने तीर्थ दर्शन योजना का लाभ लिया कचरा प्रबंधन और तकनीक 27 नए कचरा वाहन (निधि से) 18 वाहन निगम द्वारा खरीदे गए कुल 105 डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहन सक्रिय। बेहतर समन्वय के लिए 195 वायरलेस सेट्स का उपयोग।

निगम अध्यक्ष ने बताया कि बजट में 200 करोड़ का प्रावधान पीएमवीएचवाई मल्टी प्रोजेक्ट के लिए किया गया है। इसके अलावा चौराहा और उद्यान सौंदर्यीकरण के कई प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। बजट पर पक्ष-विपक्ष दोनों ने विस्तृत चर्चा की। लगभग 30 पूरक प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिन्हें परीक्षण के बाद बजट में शामिल किया जाएगा। बैठक में नेता प्रतिपक्ष सहित कई पार्षदों ने अपने सुझाव दिए।

## सेवानिवृत होने पर ग्रामीणों ने जुलूस निकालकर दी विदाई

**आगर मालवा।** तीन दशक से अधिक समय तक सैंकड़ों छात्रों को प्राथमिक शिक्षा देने वाले ग्राम सूठेली की प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक मोहनलाल मालवीय के सेवानिवृत होने पर ग्रामीणों ने गांव में ढोल धमाकों के साथ शिक्षक का जुलूस निकाला और सेवानिवृति पर सम्मान कर विदाई दी।

शाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यकम में अतिथि के रूप में नरेंद्रसिंह राठौर पूर्व मंडी उपाध्यक्ष, सेवानिवृत शिक्षक बनेसिंह राठौर, अर्जुनसिंह राठौर, लालजीराम मालवीय आदि थे। इस दौरान शाला परिवार ने मोहनलाल मालवीय का शॉल श्रीफल भेंटकर भेंटकर उनके योगदान को याद किया। इसके बाद ग्रामवासियों और अन्य शिक्षकों ने श्री मालवीय का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पंडित नरेन्द्र दुबे, रूपसिंह मामा, शंकरलाल मालवीय, कालुसिंह राठौर, पोपसिंह राठौर, सतीश शर्मा, सुरेंद्रसिंह, प्रेमसिंह चावड़ा, राकेश चौधरी, प्रह्लादसिंह राठौर, निलेश राठौर, अशोकासिंह राठौर, फौजी शिवराजसिंह राठौर, सरिता राठौर , मोहम्मद साजिद खान सहित अनेक गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में यात्रियों की प्यास बुझाएगी रंथभवर की जल सेवा समिति

**शाजापुर।** भीषण गर्मी की दस्तक के साथ ही मानवता की सेवा का संकल्प लेकर विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल के सान्निध्य में ग्राम रंथभवर (मक्सी प्रखंड) की जल सेवा समिति एक बार फिर मैदान में उतर रही है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति द्वारा आगामी 1 अप्रैल 2026 से विशाल शीतल जल सेवा प्रकल्प का भव्य आगाज किया जाएगा, जिससे हजारों रेल यात्रियों को गर्मी में बड़ी राहत मिलेगी। इस पुनीत कार्य का शुभारंभ 1 अप्रैल को दोपहर 12 बजे समिति के सदस्यों और युवाओं द्वारा ट्रेन को भगवा झंडी दिखाकर किया जाएगा। यह सेवा प्रकल्प लगातार चार माह (चतुर्मास) तक अनवरत चलेगा। समिति के सेवाभावी युवा न केवल किशोनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की प्यास बुझाएंगे, बल्कि बोलाई स्टेशन से बेरछा के मध्य चलती ट्रेनों में भी कोच-दर-कोच जाकर मुसाफिरों को ठंडा पानी पिलाएंगे।

**हजारों यात्रियों को मिलेगी राहत-** विश्व हिन्दू परिषद के जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख अजय गोठी ने बताया कि संगठन और युवाओं की इस पहल से तपती दोपहरी में सफर कर रहे हजारों ट्रेन यात्रियों को सुगमता से शीतल जल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने बताया कि जिला शाजापुर के मक्सी प्रखंड के ग्राम रंथभवर में पिछले कई वर्षों से युवाओं द्वारा यह सेवा प्रकल्प चलाया जा रहा है। आमतौर पर यह अभियान मार्च से जून की भीषण गर्मी के बीच चलाया जाता है, जिसे इस वर्ष पुन: मूर्त रूप दिया जा रहा है।

**समिति ने की सहयोग और समर्पण की अपील-** समिति ने क्षेत्र के दानदाताओं, समाजसेवियों और सेवाभावी नागरिकों से इस नेक कार्य में अपनी क्षमतानुसार योगदान देने की अपील की है। अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्लास्टिक ड्रम, बाल्टी और मग, मिट्टी के मटके और वाटर कैंपर, 15 लीटर वाले खाली जार, ठंडे पानी के कवर हेतु लाल कपड़ा, पानी की बोतलें, मिल्क पन्नी और अन्य सहायक सामग्री जो दानदाता सामग्री जुटाने में असमर्थ हैं, वे नकद राशि का सहयोग देकर भी इस पुण्य अभियान का हिस्सा बन सकते हैं। समिति के कार्यकर्ताओं का कहना है कि समाज का सहयोग ही हमारी सफलता का आधार है। दानदाताओं के समर्थन से चिलचिलाती धूप में सेवा करने वाले युवाओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है।

## समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक

**आगर मालवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार सोमवार को समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं अभियानों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत बी.एस. सोलंकी ने संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। आई-गॉट पोर्टल की समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई विभागों द्वारा कर्मचारियों की एंट्री अभी तक नहीं की गई है। इस पर सभी विभागों को कर्मचारियों का पंजीयन एवं आवश्यक प्रविष्टियां शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिले में 19 मार्च से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए सीईओ ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सक्रिय रूप से कार्य करने तथा अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री आर.पी. वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए जिन विभागों की ग्रेडिंग संतोषजनक नहीं है, उन्हें विशेष सुधार करने के निर्देश दिए। 50 दिवस एवं 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने को कहा गया।

/ जाहिर-सूचना//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार राजेश कुमार इंगले पिता श्री भैया जी इंगले एव रूखमणी हनौते पति श्री माणिक राव हनौते के स्वामित्व का एवं आधिपत्य का एक प्लाट जिसका साईज 41 बाय 41 वर्गफीट है जो अभिलाषा कॉलोनी देवास रोड, उज्जैन में स्थित है, को वै अपनी स्वेच्छा से विक्रय कर रहे है। यदि उपरोक्त वर्णित प्लाट पर किसी का भी किसी भी प्रकार का हक है पूर्व में विक्रय अनुबंध पत्र है, रहन अथवा बंधक है, बैंक का लोन है, या उसपर किसी भी प्रकार की जमानत दी गई है या किसी भी प्रकार का कानूनी भार है तो विज्ञापन प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति पेश करें जिससे कि, उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा उक्त समय अवधि व्यतित होने के पश्चात् यह माना जावेगा कि, संपत्ति पूर्णत: भारमुक्त है एवं उक्त प्लाट का विक्रय कर दिया जावेगा बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

**सिराज अहमद खान ( एडव्होकेट )**
**कार्यालय - बी-331, पार्श्वनाथ सिटी, नागझिरी, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो. 9826220522, 9713267344, 9754561699, 8889098379**

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**एम.पी.एस. यूनिट के आवंटन के लिए ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक -रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे ने मंडल के दाहोद स्टेशन पर एम.पी.एस. यूनिट के आवंटन के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को **IREPS** वेबसाईट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्नानुसार है। **केटलॉग सं.-** MPS-RTM-DIV-26. **अनुबंध का प्रकार** : MPS Units. **लॉट न.** : MPS-RTM-DHD-MPS-4-25-3. **अनुबंध की अवधि** : 05 Years. ई-नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिए ई-नीलामी **दिनांक 14.04.2026 को प्रातः 12:00 बजे प्रारंभ होगी।** प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। **IREPS** के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। **SNP-526**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**केटरिंग यूनिटों के आवंटन के लिये ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक -रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे ने मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर केटरिंग यूनिटों के आवंटन के लिये ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को **IREPS** वेबसाईट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है। केटलॉग संख्या : CTG-RTM-DIV-26. अनुबंध का प्रकार : Catering Units. लॉट नं : Catg-RTM-THDR-GMU-9-23-1, Catg-RTM-PPD-GMU-12-23-1, Catg-RTM-RAU-GMU-8-23-1, Catg-RTM-PIP-GMU-256-26-1, Catg-RTM-RJQ-GMU-7-23-1, Catg-RTM-FTD-GMU-24-23-1, Catg-RTM-FTD-GMU-25-23-1, Catg-RTM-DWX-SMU-251-26-1, Catg-RTM-RNJ-SMU-34-24-1, Catg-RTM-MGN-SMU-252-26-1, Catg-RTM-THDR-SMU-253-26-1, Catg-RTM-NBH-SMU-255-26-1. अनुबंध की अवधि – 5 वर्ष ई-नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिये ई-नीलामी दिनांक 14/04/2026 को 11:30 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। **IREPS** के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटसाईज समापन समय देखा जा सकता है। **SNP-525**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. हारून कामदार उम्र 29 वर्ष पिता सरफराज कामदार, निवासी ग्राम नागोरा, तहसील बदनावर, जिला धार म.प्र.। कृषक ग्राम कजलाना, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन 2. फारूख पटेल उम्र 30 वर्ष पिता जाकीर पटेल जाति नायता पटेल, निवासी - घाटा बिल्लोद चौकी तहसील तहसील देपालपुर, जिला इंदौर म.प्र.। कृषक ग्राम कजलाना, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम कजलाना, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 83 रकबा 0.35 हेक्टेयर भूमि कुल किता 1 कुल रकबा 0.35 हेक्टेयर भूमि को कय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेड़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो या भूमि के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भूमि में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भूमि के विकय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के बाद सूचना मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि का शेष विक्रय मूल्य अदाकर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 26/03/2026

**माधुरी सोनी एड्व्होकेट**
**कार्यालय -रवि सोनी का ऑफीस, टी-13 नागेश्वरधाम कॉलोनी**
**बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो. 8871335849, 7898524515**

**पश्चिम रेलवे द्वारा बांद्रा टर्मिनस ⇌ वीरांगना लक्ष्मीबाई के बीच विशेष ट्रेन का संचालन**

| गाड़ी संख्या | प्रारंभिक एवं गंतव्य स्टेशन | प्रभावी कार्य दिवस | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 02200 | बांद्रा टर्मिनल - वीरांगना लक्ष्मीबाई (सुपरफास्ट) | 04.04.2026 से 11.07.2026 | 05.10 बजे (शनिवार) | 05.00 बजे (अगले दिन) |
| 02199 | वीरांगना लक्ष्मीबाई - बांद्रा टर्मिनल (सुपरफास्ट) | 02.04.2026 से 09.07.2026 | 16.50 बजे (गुरुवार) | 16.10 बजे (अगले दिन) |
| पड़ाव : बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, ब्यावरा-राजगढ़, चाचौड़ा बीनागंज, रूठियाई, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, डबरा और दतिया दोनों दिशाओं में। | | | | |
| संरचना : एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर (इकोनॉमी) शयनयान और द्वितीय सामान्य श्रेणी के डिब्बे। | | | | |

संबंधित विशेष गाड़ियों के पड़ावों संबंधित विस्तृत समय की सूचना हेतु कृपया www.equiry.indianrail.gov.in पर संपर्क करे।

गाड़ी संख्या 02200 की बुकिंग 31.03.2026 से सभी पीआरएस काउंटर्स तथा आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेन विशेष किराये पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक और फॉलो करें : facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें

# मंदसौर नगरपालिका ने पेश किया 545 करोड़ का बजट, नवीन गीता भवन के लिये 15 करोड़ रुपये का प्रावधान

## बजट चर्चा में हुई तीखी बहस, विपक्ष ने कहा कि यह सिर्फ कागजी बजट

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



नगरपालिका परिषद मंदसौर की बजट बैठक सोमवार को नपा सभागृह में संपन्न हुई, जिसमें आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 5 अरब 45 करोड़ 38 लाख 17 हजार 300 रुपये के अनुमानित आय-व्यय के बजट को स्वीकृति प्रदान की गई।

नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता एवं सीएमओ प्रेमकुमार सुमन की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में शहर के सर्वांगीण विकास का खाका खींचा गया। इस बार बजट में आम जनता पर किसी भी प्रकार का नया वित्तीय भार नहीं डाला गया है और संपत्तिकर व जलकर की दरों को यथावत रखा गया है। परिषद ने आगामी वर्ष के लिए 1 करोड़ 51 लाख 50 हजार रुपये की संभावित बचत का अनुमान लगाया है।

बजट पर चर्चा के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली। जहाँ नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर और अन्य पार्षदों ने इसे शहर के विकास का प्रतिबिंब और ऐतिहासिक बजट करार दिया, वहीं नेता प्रतिपक्ष श्रीमती रफत पयामी ने बजट की विसंगतियों पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदारों से 15 बिंदुओं पर जवाब मांगा। उन्होंने जोनल कार्यों के खर्च में अचानक हुई वृद्धि, कर वसूली की वास्तविक स्थिति और कर्मचारियों के वेतन संकट जैसे मुद्दों पर प्रशासन को घेरा।

वित्त एवं राजस्व समिति की सभापति श्रीमती कौशल्या बंधवार द्वारा प्रस्तुत इस बजट में शहर के बुनियादी ढांचे और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। बजट में विशेष रूप से आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारी के मद्देनजर विकास कार्यों के लिए 30 करोड़ रुपये की बड़ी राशि आरक्षित की गई है। इसके साथ ही मंदसौर में एक भव्य नवीन गीता भवन के निर्माण हेतु 15 करोड़ रुपये और शहर की पुरानी पेयजल व सीवरेज समस्याओं के निराकरण के लिए अमृत योजना व सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत करोड़ों रुपये का प्रावधान किया गया है। बजट में महिलाओं की सुविधा के लिए च्पिंक टायलेटज् के निर्माण और मनोरंजन हेतु काला भाटा बांध पर २ करोड़ रुपये की लागत से नए पिकनिक स्पॉट विकसित करने की योजना को भी मंजूरी दी गई है।

शिक्षा और खेल के क्षेत्र में भी परिषद ने उदारता दिखाई है, जिसके तहत ई-लाइब्रेरी के नवीनीकरण के लिए 1.40 करोड़ रुपये और खेल प्रतिभाओं के लिए इंडोर गेम्स कॉम्प्लेक्स व जिम निर्माण हेतु 1.50 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। शहर के सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से चौराहों के विकास, महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना और प्रमुख प्रवेश द्वारों के निर्माण के लिए भी बजट में राशि तय की गई है। साथ ही, आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए नगर के भवनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नए जेसीबी, पोकलेन व कचरा वाहनों की खरीदी का निर्णय लिया गया है। सभापति श्रीमती बंधवार ने राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने 22 लाख रू. एवं सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा ढाई लाख रुपये व विधायक विपिन जैन द्वारा 9 लाख रुपये की राशी अपनी निधि से उपलब्ध कराने पर उनका आभार व्यक्त किया।

बजट बैठक में सीएमओ प्रेमकुमार सुमन ने पार्षदों के सुझावों पर अमल करने का आश्वासन दिया। निर्दलीय पार्षद सुनील बंसल व जलकर सभापति निलेश जैन के बीच भी बहस हुई।

## एल्डर में नियुक्ति पर नगर वासियों में खुशी

**पिपलिया मंडी।** नगर परिषद पिपलिया मंडीमें वरिष्ठ पार्षद एल्डरमैन भाजपा नेता श्री रूपचंद होतवानी, श्री ललित बंबोरिया, पूर्व पार्षद श्रीमती मुक्ति मनोहर काबरा, श्री हेमंत पाटीदार की नियुक्ति होने पर नगर के सभी स्नेही जनों ने उपरोक्त नियुक्ति पर बधाई हार्दिक शुभकामनाये देते हुए मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव डिप्टी सीएम श्री जगदीश देवड़ा भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेश दिक्षित का आभार व्यक्त किया।

## नपा कर्मचारी दशरथ कौशल का निधन

**नीमच।** शहर के फूल वाले कौशल परिवार के सदस्य एवं नगर पालिका के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दशरथ कौशल (फूल बाले) का शुक्रवार को 60 वर्ष की आयु में हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 28 मार्च को सिटी रोड स्थित मुक्तिधाम पर हुआ, जहां परिजनों, समाजजनों व गणमान्य नागरिकों ने अंतिम विदाई देकर शौक श्रद्धांजली अर्पित की। घंटाघर के पास छोटी मंडी शिवगंज निवासी स्व, गजाधरजी कौशल के सुपुत्र तथा धर्मजीत के पिताजी दशरथजी कौशल हंसमुख एवं मिलनसार प्रवत्ति के व्यक्ति थे। वे नगर पालिका में पूरी निष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी पूरी करने के साथ घंटाघर के पास फूलमाला के पैतृक व्यवसाय में भी परिजनों की सहायता करते थे।

## उद्योगपति रणछोड़ गनेड़ीवाल का निधन



**मंदसौर।** उद्योगपति और समाजसेवी रणछोड़ प्रसाद गनेड़ीवाल का सोमवार को निधन हो गया। स्व. लक्ष्मी नारायण गनेड़ीवाल के सुपुत्र और प्रदीप व प्रद्यूमन गनेड़ीवाल के पूज्य पिता रणछोड़ प्रसाद एक सफल उद्यमी होने के समाजसेवी के रूप में पहचाने जाते थे। उन्होंने गनेड़ीवाल जिनिंग-प्रेसिंग मिल के माध्यम से जहाँ आर्थिक क्षेत्र में योगदान दिया, वहीं गनेड़ीवाल चौरिटेबल ट्रस्ट के जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए। उनकी मोक्ष यात्रा आज मंगलवार को सायं 4 बजे निज निवास मिल एरिया स्टेशन रोड मंदसौर से निकलेगी।

## टेम्पों की टक्कर से 6 बाराती घायल

**मन्दसौर।** जिले के अफजलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीखेड़ा में शादी के दौरान निकल रही बिंदोली में शामिल लोगों को एक बिना नम्बर के टेम्पों ने टक्कर मार दी जिससे ६ से अधिक बाराती घायल हो गये। घायलों में तीन को गंभीर चोंटे आने पर उ न्हें उपचार हेतु सिविल हॉस्पिटल मंदसौर भर्ती किया गया है। घटना से गुस्साये लोगों ने आरोपी वाहन चालक को पकड़कर उसकी धुनाई की तथा उसे पुलिस के सुपुर्द किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा 29 मार्च की रात करीब 11 से 11.30 बजे के बीच का है। जिसकी रिपोर्ट गोवर्धन उर्फ राजकुमार पिता राजाराम धनगर निवासी जोगीखेड़ा ने की। फरियादी की रिपोर्ट पर सफेद रंग का टाटा मेजिक टेम्पों बिना नम्बर के चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

## भाजपा जिला कोर कमेटीकी बैठक संपन्न



**रतलाम।** भाजपा जिला कौर कमेटी की बैठक रविवार को हुई। इसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों, नियुक्तियों और समन्वय संबंधी चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की । इसमे संभाग प्रभारी सुरेश आर्य,जिला प्रभारी विवेक जोशी, कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, मथुरालाल डामर, जिला पंचायत अध्यक्ष लालबाई चंद्रवंशी महापौर प्रहलाद पटेल,इंदौर जिला प्रभारी शैलेंद्र डागा, उज्जैन जिला प्रभारी बजरंग पुरोहित एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा मौजूद रहे।यह जानकारी जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने दी।

# रतलाम पुलिस विभाग में सेवानिवृत्त अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



पुलिस विभाग में लंबे समय तक सेवाएं देने के उपरांत सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक श्री बलदेवसिंह चौधरी एवं प्रधान आरक्षक श्री नाथूसिंह को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक गरिमामय समारोह में सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

एसपी अमित कुमार ने दोनों अधिकारियों को पुष्पमाला पहनाकर, शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने दोनों के दीर्घ एवं सराहनीय सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए उनके योगदान को याद किया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की।

समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के पारिवारिक जीवन की जानकारी लेते हुए उन्हें आगामी जीवन परिवार के साथ सुखपूर्वक बिताने एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। उप निरीक्षक बलदेवसिंह चौधरी ने कुल 38 वर्ष 7 माह 21 दिन की उल्लेखनीय सेवा दी, जबकि प्रधान आरक्षक श्री नाथूसिंह ने 41 वर्ष 07 माह 05 दिन का लंबा सेवाकाल पूर्ण किया। दोनों अधिकारियों ने अपने सेवाकाल के दौरान विभिन्न दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करते हुए विभाग को महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक मोहन भर्रावत, मुख्य लिपिक श्रीमती अर्चना आमेरिया, पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य लिपिक श्रीमती अर्चना आमेरिया ने किया।

समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रतलाम पुलिस परिवार की ओर से उनके सेवाकाल के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सफल, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।



# 530 ग्राम एमडी ड्रग्स और 5 किग्रा डोडाचूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

स्थानीय वायडी नगर थाना पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए महू-नीमच हाईवे रोड स्थित स्टील नगर के पास घेराबंदी की। इस दौरान मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर के समीप एक संदिग्ध काले रंग की हुण्डई वर्ना कार क्र. एमपी 33 सी 8850 की जांच के दौरान पुलिस ने कार से 530 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही कार से 5 किलो ग्राम अवैध डोडाचूरा भी जब्त किया गया।

पुलिस ने मौके से आरोपी रमेशचन्द्र पाटीदार पिता टेकचन्द पाटीदार, निवासी रठाना (थाना अफजलपुर) को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मादक पदार्थों के साथ-साथ तस्करी में प्रयुक्त वर्ना कार और एक सैमसंग मोबाइल भी जब्त किया है, जिनकी कुल मश्रका कीमत करीब 10 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# बरबड़ मेले में नागरिकों ने चंटिया रास का लुफ्त उठाया



**रतलाम।** नगर निगम द्वारा 29 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित पांच दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले पहली बार आयोजित पुरूष चंटिया रास में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व नागरिकों ने चंटिया रास का लुफ्त उठाया।पांच दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले में इस बार किये गये नवाचार को नागरिकों सराहते हुए बरबड़ मेला प्रांगण में आयोजित पुरूष चंटिया रास में महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, राजस्व समिति प्रभारी दिलीप गांधी, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण आदि के साथ नागरिकों ने विभिन्न गीतों की धुनों पर चंटिया रास का लुफ्त उठाया।आयोजित चंटिया रास में निर्णायकों द्वारा प्रतिभागियों की इन्ट्री करते हुए उन्हे नम्बर के बैच प्रदान किये प्रतिभागियों द्वारा नम्बर के बैच लगाकर चंटिया रास किया । चंटिया रास में कई प्रतिभागियों ने फेंसी ड्रेस में चंटिया रास किया।महापौर प्रहलाद पटेल ने बताया कि चंटिया रास में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले विजेताओं को फ्रीज, वॉशिंग मशीन, स्मार्ट एलईडी टीवी, फेंसी ड्रेस में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले विजेताओं को कूलर, मिक्सर व इंडक्शन से पुरस्कृत किया जावेगा तथा सांत्वना पुरूस्कार भी प्रदान किये जायेंगे।

# जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन, ज्ञापन भी सौंपा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर और ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस द्वारा केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ गांधी चौराहे पर प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकताओं ने बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि, पेट्रोल-डीजल की किल्लत और 1 अप्रैल से प्रस्तावित बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। आवश्यक वस्तुओं के लिए लोगों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, जो सरकार की विफलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि टैक्स में राहत देकर कंपनियों को फायदा पहुँचाया गया, लेकिन जनता को लाभ नहीं मिला। वहीं, प्रदेश की मोहन यादव सरकार द्वारा बिजली बिल बढ़ाने के निर्णय को उन्होंने जनविरोधी बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। कार्यक्रम का वाचन मंडलम अध्यक्ष रमेश ब्रिजवानी ने किया, संचालन अजय मारू ने किया और आभार डॉ. घनश्याम कुमावत ने माना। इस अवसर पर सोमिल नाहटा, हनीफ शेख, तरूण खीची, युनुस मेव, निर्विकार रातड़िया, अम्बालाल हिंगोरिया, सुनील गुप्ता, शैलेन्द्र गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रदर्शन के पश्चात महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन का वाचन मंडलम अध्यक्ष रमेश ब्रिजवानी ने किया ।

संचालन अजय मारू ने किया जबकि आभार ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. घनश्याम कुमावत ने व्यक्त किया।

# किसानों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ रही है कांग्रेस- मालेचा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मल्हारगढ़



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निदेशानुसार सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ एवं संजीत (बूढ़ा) द्वारा संयुक्त रूप से प्रातः 11.30 बजे गाडगिल चौराहे पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। इसके बाद नगर के प्रमुख मार्गो से नारेबाजी करते हुए एवं गैस सिलेंडर को कंधे पर उठाकर विरोध प्रदर्शन किया गया तथा महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन नायब तहसीलदार पंकज जाट को सौंपा गया। कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर की विशेष उपस्थिति में आयोजित हुआ।

धरने को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मोदी सरकार ट्रम्प के हाथों की कठपुतली बनी हुई है और देश की जनता की समस्याओं से पूरी तरह मुंह मोड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों ने आमजन के बीच हाहाकार मचा दिया है। भाजपा सरकार केवल घोषणाओं की राजनीति कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर जनता त्रस्त है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीत (बूढ़ा) सत्यनारायण पाटीदार ने कहा कि क्षेत्र का किसान आज सबसे अधिक पीड़ित है। सहकारी सोसायटी के ऋण की तिथि बढ़ाना और समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार इन मुद्दों पर पूरी तरह विफल रही है।

पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण हर वर्ग परेशान है। युवा बेरोजगार हैं, किसान कर्ज में डूबा है और आमजन महंगाई से त्रस्त है।

धरना कार्यक्रम को प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव विनोद पटेल, प्रवीण मांगरिया, गणपतलाल पवार, कन्हैया लाल पाटीदार (सुपड़ा), बाबूखा मेवाती, कुंजीलाल पाटीदार (नेनोरा), दिनेश पाटीदार (बालागुड़ा), नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उनियारा, कोहिनूर मेव, सुभाष पाटीदार (पूर्व नेता प्रतिपक्ष), अविंद सोनी, मदन वर्मा, राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन ब्लॉक अध्यक्ष श्याम चावली, शैतान सिंह शक्तावत, ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत पाटीदार सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामचंद्र करुण ने किया आभार ब्लॉक युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष अमानत पठान ने माना।

## न्यूज कालम



## जैन पत्रकार परिषद का अवार्ड समारोह में पत्रकार राहुल जैन सम्मानित

**नीमच।** प्रदेश के जैन पत्रकार परिषद का अवार्ड समारोह उज्जैन के शंकराचार्य मठ में नवरत्न कृपा प्राप्त आचार्य विश्व रत्नसागर जी महाराज साहब के मार्गदर्शन में संपन्न हूआ। समारोह सुबह 10 बजे से शुरू हुआ जिसमें स्वागत भाषण जैन पत्रकार परिषद के प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड ने दिया उसके बाद आचार्य श्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा है कि पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में धैर्य धारण करते हुए अपना काम करता हैं जो एक विरला व्यक्ति ही कर सकता हैं। पत्रकार किसी को अर्श से फर्श पर तो किसी को अर्श से फर्श तक पहुंचाने का माद्दा रखता हैं। जैन पत्रकार परिषद के आयोजन में पूरे प्रदेश से बड़ी संख्या में जैन पत्रकार एकत्रित हुए थे। जिसमे पूरे प्रदेश से 11 पत्रकारों को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया जिसमें नीमच जिले से दैनिक मालव दर्शन के उपसंपादक एवं नीमच जिला प्रेस क्लब रजि. के अध्यक्ष राहुल जैन को पत्रकारिता में उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए कार्यक्रम के लाभार्थी परिवार शा.बाबूलालजी,धनराजजी,डोडिया गांधी परिवार अहमदाबाद ने सम्मानित किया। इस अवसर पर नीमच जिले से राजेश भंडारी,कृष्णकांत जैन,विमल जैन,संजय नागोरी,आयुष भंडारी,अनिल जैन,राजकुमार जैन,संजय जैन उपस्थित थे।

## विवाहिता ने प्रताड़ना से तंग आकर एसीड पीकर किया आत्महत्या का प्रयास

**नीमच ।** शहर के बवाना थाना क्षेत्र के द्वारकापुरी में ससुराल पक्ष की प्रताड़ना परेशान होकर एक विवाहिता ने 28 को एसिड पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर हालत में पीड़िता का किरण पति टीकम यादव का अस्पताल मे उपचार जारी है। मामले में पीड़िता ने सास शांति और दोनों जेठ हेमंत व सोहित यादव गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है । पीड़िता के आरोप है कि सास और के मार्च कीमती सामान बेच दिया। विरोध करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी देती थी। 27 मार्च को जब किरण घर गई, तो आरोपियों ने मारपीट कर गालियां दीं। इसी भय और भर प्रताड़ना से तंग आकर उसने एसिड पिने जैसा आत्मघाती मांग कदम उठाया। अब उसने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## बिना सत्संग और परोपकार के मानव जीवन पशु समान-संत दिग्विजय महा.



**मन्दसौर।** धर्मधाम गीता भवन में स्वामी श्री रामनिवासजी महाराज के सानिध्य में आयोजित सत्संग में रामस्नेही सम्प्रदाय के युवा संत दिग्विजय महाराज ने कहा कि जिस मनुष्य के जीवन में भगवान का स्मरण, साधु संगति और परोपकार नहीं है, उसका जीवन पशु के समान है। संतश्री ने कहा कि भोजन से शरीर पुष्ट होता है, जबकि भजन से मन पुष्ट होता है। स्वस्थ और शांत मन ही ईश्वर की प्राप्ति में सहायक होता है। उन्होंने जीवन की प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि व्यक्ति को शुद्ध सात्विक भोजन, स्नान और परोपकार को समय देना चाहिए। भगवान ने हमें 84 लाख योनियों के बाद यह दुर्लभ मानव तन दिया है, जिसे केवल संसार के भोगों में व्यर्थ नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर रामेश्वर तीर्थ यात्री संघ द्वारा संतश्री को अभिनंदन पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्टी बंशीलाल टांक, शेषनारायण माली, जगदीश सेठिया, रामगोपाल गुप्ता, अशोक रत्नावत, जयप्रकाश सोमानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पं. अशोक त्रिपाठी ने किया और आभार जगदीशचन्द्र चौधरी ने व्यक्त किया।

## निजी अस्पतालों को पीएम राहत योजना में पंजीयन कराना अनिवार्य

**कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये निर्देश**



**मंदसौर।** कलेक्टर एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति की अध्यक्ष अदिति गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिले के सभी नर्सिंग होम और निजी अस्पतालों को पीएम राहत योजना के तहत अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल उपचार मिल सकेगा। पंजीयन न कराने वाले अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए गए। बैठक में परिवहन विभाग को पुलिस के साथ मिलकर वाहनों की फिटनेस, बीमा और चेकिंग की साप्ताहिक रिपोर्ट देने को कहा गया। कलेक्टर ने नगरीय निकायों को पार्किंग स्थलों को जीआईएस पोर्टल पर दर्ज करने और एनएचएआई को उज्जैन-गरोठ मार्ग पर सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही, 1 अप्रैल से टोल प्लाजा पर कैशलेस व्यवस्था लागू करने और ब्लैक स्पॉट्स पर एंबुलेंस की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर लगाने और बिना अनुमति सड़क खोदने वालों पर वसूली की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। रात में एलईडी हेडलाइट के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित किया गया है।



## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल मंदिर का शुभारंभ

**महिदपुर।** जल शक्ति से नव भक्ति अभियान विकासखंड महिदपुर जल गंगा संवर्धन अभियान प्रथम चरण अंतर्गत दिनांक 27 शुक्रवार रामनवमी के पावन पर्व पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड महिदपुर जिला उज्जैन की नवांकुर संस्था श्री स्वर्णगिरी पर्वत तीर्थ क्षेत्र समिति सेक्टर क्रमांक 1 महिदपुर द्वारा विकासखंड समन्वयक श्रीमती नम्रता तिवारी के मार्गदर्शन में ग्राम चिरमिया स्थित स्वर्णगिरी पर्वत पर गांव के वरिष्ठ जन के साथ वृक्ष पूजन कर जल मंदिर का शुभारंभ स्वर्णगिरी पर्वत पीठाधीश्वर महेंद्र गिरी महाराज के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर समिति अध्यक्ष अंतर सिंह आंजना द्वारा उपस्थित जनों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी भंवर सिंह आंजना, करण सिंह आजंना, केसर, रामचंद्र, आसाराम एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## गायत्री महायज्ञ का आयोजन



**महिदपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार और गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन के मार्ग दर्शन में गायत्री परिवार शाखा महिदपुर की प्रज्ञा महिला मंडल समिति पटवारी कॉलोनी ने मारुति मनकामनेश्वर हनुमान मंदिर पर नौ दिन नवरात्रि गायत्री जप अनुष्ठान को पूर्ण कर रामनवमी, दुर्गा नवमी के शुभ अवसर पर गायत्री महायज्ञ द्वारा सभी महिलाओं ने अपना अनुष्ठान की पूर्णाआहुति कर धर्म लाभ उठाया एवं दो बहुरानी का पुंसवन संस्कार भी शाखा के वरिष्ठ परिजन सुभाष दुबे द्वारा सम्पन्न कराया गया। मातृशक्ति स्वरूपा माताओं और बहिनों ने 9 दिवसीय गायत्री अनुष्ठान जप में मधु त्रिवेदी श्रीमती प्रज्ञा शर्मा, श्रीमती सोनू मेहता, श्रीमती पूजा मेहता, श्रीमती अनुराधा सेवक, श्रीमती अनुसुइया शर्मा, श्रीमती सरिता कालरा ,श्रीमती सपना पंड्या, श्रीमती कविता जलांद्रा, श्रीमती सोरम जलांद्रा, श्रीमती स्वाति शर्मा, श्रीमती गीताबाई पंड्या, श्रीमती प्रतिभा पंड्या ने धर्म लाभ उठाया। दो बहुरानी श्रीमती पूजा मेहता, श्रीमती आरती का पुंसवन संस्कार किया गया । यह जानकारी वरिष्ठ परिजन डॉ.राजेश मेहता द्वारा दी गई ।

## संस्कृति ज्ञान परीक्षा में चयनित 15 छात्र सम्मान के लिए शाजापुर रवाना



**सुसनेर।** गायत्री परिवार शांतिकुंज के तत्वावधान में आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण हेतु बस से शाजापुर रवाना किया गया। रवाना होने से पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में यह परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें चयनित छात्रों को आगे सम्मानित किया जाना है। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों में उत्साह का माहौल रहा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम



**सुसनेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 132 वां संस्करण रविवार को सुसनेर मण्डल के बूथ क्रमांक 138 पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तहसील रोड़ स्थित जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में देखा व सुना गया। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय के मुख्य आतिथ्य, मण्डल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन की अध्यक्षता व जिला उपाध्यक्ष डॉ गजेन्द्रसिंह चंद्रावत, वरिष्ठ नेता डॉ धीरेंद्र पाण्डे, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष महावीर जैन, सैनिक प्रकोष्ठ के सीताराम परमार, अजा मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ बीएस वर्मा के विशेष आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर पूर्व मण्डल महामंत्री पवन शर्मा, मण्डल महामंत्री लखन सेन व कालूसिंह नाहरखेड़ा, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, विष्णु भावसार, कमल गर्ग, मोहन कानुडिया, मण्डल उपाध्यक्ष कमल भावसार, कल्याण सिंह कड़ियां, मीडिया प्रभारी दीपक जैन, सह प्रभारी युगल किशोर परमार, सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जमीन विवाद के तीन आरोपियों को भेजा जेल

# शहर में कानून व्यवस्था का उड़ रहा मजाक, खुले-आम लहराई पिस्टल, पुलिस कार्यवाही में उल्लेख नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



मंडी थाना क्षेत्र के अकोदिया मार्ग पर शनिवार की दोपहर को एक ही परिवार के दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने एक पक्ष के तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायाधीश ने जानलेवा हमला करने के इन आरोपियों को जेल भेजने के आदेश दिए। पुलिस द्वारा पकडे गए उक्त आरोपियों के परिजनों ने कई घंटों तक पुलिस थाने पर धरना प्रदर्शन भी किया और आरोप लगाया कि 85 वर्ष के जो वृद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने आए थे उन्हे ही गिरफ्तार कर लिया गया, उधर पुलिस का कहना है कि जिनकी गिरफ्तारी हुई है वे विवाद में मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे और उनके विरूद्ध शिकायत भी दर्ज हुई है। हालांकि पुलिस पर इस मामले में भेदभाव का आरोप भी लगाया जा रहा है। अकोदिया रोड पर तहसील की और जाने वाले मार्ग के पास हुए इस विवाद के वीडियों भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है, जिसमें खोफनाक तस्वीरे सामने आ रही है, आम मार्ग पर तलवार और लकड़ी सहित अन्य हथियार खुलकर चल रहे है। बता दे पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। जिसमें से एक पक्ष के विरूद्ध गंभीर धाराएं है। इस विवाद में भाजपा समर्थित एक पार्षद भी शामिल होने से मामला और तुल पकड़ रहा है। मंडी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार एक पक्ष के सादाब पिता हफीज खां निवासी टीला शुजालपुर की शिकायत पर लल्लू पिता रसूल खां, समीर पिता लल्लू, हसीन पिता रसूल खां, वसीम पिता रसीद खां, आसू खां उर्फ ओसामा पिता प्यारे खां तथा रसूल खां पिता चांद खां के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया। उधर दूसरे पक्ष के फरियादी रसूल पिता चांद खां 85 वर्ष निवासी वन विभाग कार्यालय के पास की शिकायत पर साहिल पिता सईद, हफीज पिता मोहम्मद खां, सादाब पिता हफीज खां व सईद पिता मोहम्मद खां के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने उक्त विवाद के मामले में तीन आरोपी रसूल खां, आसू उर्फ ओसामा एवं वसीम पिता रसीद खां को गिरफ्तार किया है।

अकोदिया रोड पर हुए विवाद के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

**घटना स्थल पर लहराई पिस्टल**

पुस्तेनी जमीनी विवाद में जो मारपीट की घटना और खूनी संघर्ष हुआ वह समीप में स्थित एक होटल के बाहर लगे कैमरे में कैद हुई। जिसमें तलवार, लकड़ी के अलावा पिस्टल भी दिखाई दे रही है। सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि विवाद के दौरान एक युवक बाइक से मौके पर आता है और बाइक खडी कर अपनी जेब से पिस्टल निकालकर दूसरे पक्ष की और निशाना लगाते हुए दिखाई दे रहा है, साथ ही यह पिस्टल लेकर दूसरे और भी जाते हुए दिखाई दे रहा है। पुलिस में दर्ज हुई दोनों एफआईआर में पिस्टल का कोई उल्लेख नहीं है।

घटना स्थल पर पिस्टल लेकर युवक आने की जानकारी आज वीडियों सामने आने के बाद मिली है, इस संबंध में आगामी कार्यवाही की जाएगी। दोनों पक्षों की और से की गई शिकायत में पिस्टल लहराने या उससे धमकाने का कोई उल्लेख नहीं हुआ। तेजप्रकाश बोहरे उपनिरीक्षक पुलिस थाना मंडी

# आंगनवाड़ियों में वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य अभियान के रूप में शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



जलगंगा अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा 19 मार्च को इंदौर से किया गया। यह अभियान प्रदेश के सभी जिलों में चलाया जाएगा। जिसमें आमजन को अभियान से जोड़कर जलसंरक्षण पर फोकस किया जायेगा। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कुमट के निर्देशन में जोर शोर से अभियान चलाया जा रहा है। जनसहयोग से प्राचीन जल संरचनाओं की गाद निकालना, चेकडेम स्टॉपडेम की मरम्मत, नवीन जलसंरचनाओं का निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग, ब्लॉक प्लांटेशन, पुराने अधूरे पड़े कार्यों को पूर्ण करवाया जाएगा। इस अभियान के दौरान ब्लॉक में चिन्हित आंगनवाड़ियों में वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य शुरू हो गए हैं। जिसके तहत बारिश में आंगनवाड़ी भवन की छत का पूरा पानी संरक्षित किया जाएगा। । अभी प्रारंभिक तौर पर समस्त आंगनवाड़ियों में वाटर हार्वेस्टिंग करवाया जा रहा है। तत्पश्चात अन्य शासकीय भवनों में भी वाटर हार्वेस्टिंग कराने की योजना है। वाटर हार्वेस्टिंग के मुख्य लाभ- भूजल रिचार्ज गिरते भूजल स्तर को रोकने में मदद करता है। पानी की सुरक्षा-गर्मियों या सूखे के समय पानी उपलब्ध कराता है। लागत प्रभावी- पीने और घरेलू उपयोग के लिए पानी का एक किफायती स्त्रोत है। फसलों के लिए उत्तम वर्षा के पानी का टीडीएस और पीएच स्तर फसल उत्पादन के लिए बेहतरीन होता है। महिदपुर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मीना झा ने बताया कि वर्तमान में

ग्राम पंचायत बरुखेड़ी (ग्राम सरवनखेड़ा) जनपद महिदपुर जल गंगा संवर्धन अभियान महिदपुर हो चुका है और महिदपुर जनपद में 43 आंगनवाड़ियों में वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य प्रगतिरत है। जिसका उद्देश्य बरसात की एक एक बूंद बचाने का प्रयास है। उन्होंने आमजनों से भी अपील है कि वे अपने अपने घरों में भी वाटर हार्वेस्टिंग जरूर करवाएं। विशेषकर नवनिर्मित भवनों में अनिवार्यतः वाटर हार्वेस्टिंग किया जाना चाहिए। इसकी लागत सामान्यतः 20-30 हजार के मध्य आती है।

## जिले में चना-मसूर उपार्जन हेतु 14 केन्द्र निर्धारित

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा चना एवं मसूर के उपार्जन हेतु जिला उपार्जन समिति की अनुसंशा पर जिले में 14 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गये है। जारी आदेशानुसार बीनागंज अंतर्गत विपणन सहकारी संस्था मर्यादित बीनागंज उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक 2 बीनागंज, तहसील कुंभराज अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. कुंभराज उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक ए1 कुंभराज, तहसील मधुसूदनगढ़ अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. डोंगर मोतीपुर उपार्जन स्थल श्रीराम वेयर हाऊस मधुसूदनगढ़, तहसील राघौगढ अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. गावरी उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक 1 राघौगढ, तहसील गुना अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. पगारा उपार्जन स्थल मंजू शर्मा वेयर हाऊस बीलावावड़ी, सेवा सहकारी समिति मर्या. धमनार उपार्जन स्थल रामकृपा वेयर हाऊस डूंगासरा, विपणन सहकारी संस्था मर्यादित गुना उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक-सी1 नानाखेड़ी एवं सेवा सहकारी समिति मर्या. नानाखेडी. उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक 19 बिलोनिया, तहसील बमोरी अंतर्गत बमौरी सेवा सहकारी समिति मर्या हमीरपुर उपार्जन स्थल हरि राधा वेयर हाउस भौंरा बमौरी सहित अन्य स्थान निर्धारित किया गया हैं।

## डॉ अंबेडकर जयंती मनाने के लिए समन्वय समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

**गुना।** अजाक्स कार्यालय पर रविवार को संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाने के लिए समन्वय समिति के तत्वावधान में सहयोग राशि के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी रणनीति तैयार करने और डॉ अंबेडकर जयंती मनाने के लिए प्रचार प्रसार युद्ध स्तर पर चलाने के लिए निर्णय लिया गया। इस अवसर पर रसीद कट्टों को 5 अप्रैल तक जमा करने के लिए भी सहमति बनी है, जिससे आगामी जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा सके। इसके लिए 31 मार्च को अजाक्स कार्यालय पर अगली बैठक रखी गई है, जिसमें समिति का सर्वसम्मति अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर विद्यार्थियों ने लिखे निबंध

### इको क्लब के तत्वावधान में हुआ आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इको क्लब के तत्वावधान में सिंगल यूज प्लास्टिक के दुरुपयोग एवं उससे होने वाली पर्यावरणीय हानियों को लेकर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और उसके विकल्पों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम कर पर्यावरण हितैषी विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि इको क्लब के माध्यम से महाविद्यालय में लगातार पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन भविष्य में पर्यावरण सुधार एवं नवाचार से जुड़ी पहल को बढ़ावा देंगे। प्रतियोगिता पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपाल द्वारा प्रायोजित पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। इस दौरान विज्ञान संकाय के डॉ. तुषार यादव, डॉ. सुनील कुमार मित्तल, किशोर विश्वकर्मा, संगीता सोनी, पूजा सांखला, जयेश मालवीय, डॉ. सुनील मेवाडा, डॉ. सौरभ नेमा, डॉ. अर्पिता शुक्ला, डॉ. शाकिब मलिक, भूपेन्द्र परमार, विनय सिंह वर्मा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### सारंगपुर में उर्वरक वितरण पूरी तरह ऑनलाइन:

# एक अप्रैल से ई-टोकन सिस्टम से किसानों को बिना लाइन लगे खाद मिलेगा, फसल अनुसार मात्रा तय होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर




सारंगपुर क्षेत्र में किसानों को अब उर्वरक के लिए लंबी कतारों में नहीं लगना पडेगा। 1 अप्रैल से क्षेत्र में ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली लागू की जा रही है। इसके तहत रबी और खरीफ सीजन के लिए उर्वरक का वितरण पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया से होगा। इस नई व्यवस्था के तहत किसानों को पहले ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा, जिसके बाद ही उन्हें उर्वरक मिल पाएगा। किसान अपनी सहकारी समिति, डबल लॉक केंद्र, एम.पी. एग्रो और निजी विक्रेताओं के पास निशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त एम.पी. ऑनलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के कियोस्क पर निर्धारित शुल्क देकर भी पंजीयन कराया जा सकेगा।

उर्वरक खरीदने के लिए किसानों को आधार नंबर के माध्यम से ऑनलाइन ई-टोकन बनाना होगा। पंजीयन के दौरान, फार्मर आईडी में किसान की जमीन (रकबा) एग्री स्टेक के जरिए स्वतः प्रदर्शित होगी। इसके बाद, किसान को अपने खसरा नंबर के अनुसार बोई जाने वाली फसल का चयन करना होगा।

**मोबाइल पर मैसेज और ई-टोकन मिलेगा**

फसल के चयन के आधार पर, सिस्टम स्वतः ही उर्वरक की आवश्यक मात्रा दर्शाएगा। यह प्रक्रिया पूरी होने पर, किसान के मोबाइल पर एक मैसेज और ई-टोकन प्राप्त होगा। इस ई-टोकन के माध्यम से किसान अपने चुने गए विक्रय केंद्र से उर्वरक खरीद सकेंगे। सारंगपुर एसएडीओ राजेश राजपूज के अनुसार यह भी सुनिश्चित किया कि कोई भी किसान इस नई व्यवस्था से वंचित न रहे। सिकमी किसान, मृतक किसान के आश्रित, शारीरिक रूप से असक्षम एवं वृद्ध किसान, संयुक्त खाताधारक (जिनकी भूमि एग्री स्टेक पर प्रदर्शित नहीं हो रही है), वनपट्टाधारी और शासकीय पट्टाधारी किसानों के लिए भी पोर्टल पर विशेष प्रावधान किए गए हैं। इस नई डिजिटल व्यवस्था से पारदर्शिता बढने के साथ-साथ किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा।



## जवासिया कुमार मे युवक पेड़ पर फांसी लगाकर लटका, मौत

**कायथा।** ग्राम जवासिया कुमार मे बंटी उर्फ महेश जाती ब्राह्मण उम्र 42 वर्ष फांसी पर लटका प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 मार्च रविवार दोपहर लगभग 3 बजे कायथा पुलिस को सूचना मिली की ग्राम जवासिया कुमार में एक युवक पेड पर लटका हे सुचना मिलते ही पुलिस ने ग्राम जवासिया कुमार मे बंटी उर्फ महेश व, बाबूलाल के खेत के बीच मेड़ पर खाखरे के पेड़ पर लटका हुआ था मोके पर पहुँच कर पंचगण के सामने युवक को पेड़ से निचे उतारकर पंचनामा बना कर पीएम के लिए तराना भेजा गया।

## इंगोरिया मंडल की प्रथम बैठक गणेश धाम पर आयोजित



**इंगोरिया।** सिद्धि विनायक गणेश धाम पर रविवार को नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष गोपाल आंजना की अध्यक्षता में प्रथम बैठक का आयोजन हुआ। भारतीय जनता पार्टी इंगोरिया मंडल द्वारा आयोजित बैठक में संगठन के कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई । और साथ ही नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष गोपाल आंजना का पदाधिकारियों ने पुष्प मालाओं से स्वागत किया। बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमराव सिंह राठौर, जिला पंचायत सदस्य रामप्रसाद पंड्या, जिला सलाहकार समिति सदस्य शिवराम जाट, पूर्व मंडल अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पंड्या , पूर्व मंडल अध्यक्ष भोमसिंह पंवार , पूर्व मंडी अध्यक्ष विक्रम सिंह दाईजीऔर युवा मोर्चा अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चावड़ा ने संगठन की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा के अन्य पदाधिकारी व क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता साथी उपस्थित थे।

## श्री लव-कुश मंदिर ट्रस्ट के चुनाव सम्पन्न, नई कार्यकारिणी गठित



**गुना।** भगवान श्री लव-कुश मंदिर एवं कुशवाह धर्मशाला ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक विगत दिवस आयोजित की गई, जिसमें ट्रस्ट के चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की गई। इस दौरान रतन सिंह कुशवाह (शिक्षक), डॉ. बी.एल. कुशवाह एवं गजानंद कुशवाह (शिक्षक) को चुनाव अधिकारी बनाया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया की घोषणा की, जिसके पश्चात 29 मार्च 2026 को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से चुनाव संपन्न कराए गए। चुनाव परिणाम में अध्यक्ष पद पर मोहन सिंह कुशवाह, उपाध्यक्ष पद पर सुरेश कुशवाह, सचिव पद पर शिव प्रताप सिंह कुशवाह तथा कोषाध्यक्ष पद पर रविन्द्र कुशवाह निर्वाचित घोषित किए गए। इस दौरान ट्रस्ट के सभी ट्रस्टीगणों ने उत्साहपूर्वक चुनाव में भाग लिया और नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न होने पर सभी सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया।

### सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर

## एकता, अनुशासन एवं स्वास्थ्य का संदेश देती साइक्लोथॉन रैली निकली

**ब्यावरा-राजगढ़।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निदेर्शानुसार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में जिला राजगढ़ में साइकिल रैली (साइक्लोथॉन) का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला मुख्यालय सहित समस्त थाना क्षेत्रों में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में देशभक्ति, एकता, अनुशासन एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना रहा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ के.एल. बंजारे ने पुलिस लाइन राजगढ़ से साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः पुलिस लाइन में संपन्न हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए एकता एवं फिटनेस का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। इस आयोजन के माध्यम से राजगढ़ पुलिस ने समाज में जनसहभागिता को प्रोत्साहित करते हुए एकता, स्वास्थ्य एवं अनुशासन के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल प्रस्तुत की है।

# 50 से अधिक उम्र की महिलाओं को हो सकता है हाइपनिक सिरदर्द

## जानें इसके कारण और लक्षण

हाइपनिक हेडेक एक प्रकार का प्राथमिक सिरदर्द है, जो केवल नींद के दौरान होता है और नींद से अचानक जगाता है। यह सिरदर्द आमतौर पर हर रात एक ही समय पर होता है और 15 मिनट से लेकर 3 घंटे तक रह सकता है। यह सिरदर्द किसी अन्य न्यूरोलॉजिकल समस्या के कारण नहीं होता, इसलिए इसे प्राथमिक सिरदर्द की श्रेणी में रखा गया है।

### हाइपनिक सिरदर्द के लक्षण

हाइपनिक सिरदर्द के लक्षणों को पहचानना इसलिए जरूरी है ताकि इसका सही समय पर इलाज किया जा सके। इसके कुछ लक्षणों को आगे बताया गया है।

- यह सिरदर्द नींद में अचानक उठकर होता है, अधिकतर रात को 1 से 3 बजे के बीच।
- सिरदर्द हल्का से मध्यम या कभी-कभी तेज भी हो सकता है। यह सिर के दोनों ओर या किसी एक तरफ भी हो सकता है।
- यह सिरदर्द 15 मिनट से लेकर 3 घंटे तक रह सकता है।
- यह सिरदर्द अक्सर रोज एक ही समय पर होता है।
- लगातार नींद टूटने के कारण दिन भर थकान, चिड़चिड़ापन और एकाग्रता में कमी हो सकती है।



### किन महिलाओं को होता है अधिक खतरा?

• 50 वर्ष या उससे अधिक उम्र की महिलाएं • जिनका हॉर्मोनल संतुलन बदल रहा हो (रजोनिवृत्ति या मेनोपॉज के बाद) • जिन्हें पहले से माइग्रेन या अन्य सिरदर्द की समस्या रही हो। • जिनकी नींद की गुणवत्ता खराब हो आदि। • हाइपनिक सिरदर्द पुरुषों की तुलना में महिलाओं में ज्यादा देखा गया है, खासकर 50 वर्ष के बाद, जब शरीर में प्राकृतिक रूप से एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन जैसे हार्मोन की मात्रा घटने लगती है।

### हाइपनिक सिरदर्द के कारण

हालांकि हाइपनिक सिरदर्द के सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हैं, फिर भी कुछ संभावित कारण सामने आए हैं:

**हार्मोनल परिवर्तन:** 50 वर्ष की आयु के बाद महिलाओं में मेनोपॉज के कारण हार्मोनल बदलाव होते हैं। एस्ट्रोजन की कमी मस्तिष्क के न्यूरोकेमिकल बैलेंस को प्रभावित करती है, जिससे सिरदर्द की संभावना बढ़ जाती है।

**स्लीप साइकिल में गड़बड़ी:** हाइपनिक हेडेक आमतौर पर नींद के विशेष चरण के दौरान होता है। नींद का यह चक्र यदि बाधित हो जाए तो सिरदर्द की आशंका बढ़ सकती है।

**मेलाटोनिन का स्तर:** मेलाटोनिन एक हार्मोन है जो नींद को नियंत्रित करता है। उम्र बढ़ने पर इसका स्तर घटने लगता है, जिससे नींद की गुणवत्ता और मस्तिष्क की कार्यप्रणाली पर असर पड़ता है।

**कैफीन की कमी:** कुछ मामलों में यह पाया गया है कि नियमित रूप से कैफीन लेने वाले लोग अगर एक दिन भी बिना कैफीन के रहते हैं, तो उन्हें हाइपनिक हेडेक हो सकता है।

---

अच्छी क्वालिटी का भोजन की वजह से हमारी इम्यूनिटी और हड्डियां मजबूत हैं। इसका सीधा मतलब यह निकलता है कि बचपन से ही व्यक्ति जो चीजें खाता है, उसका सीधा असर भविष्य में बॉडी पर देखने के लिए मिलता है।

# बचपन में कितना जरूरी है सही पोषण?

आप सभी ने अक्सर घर के बड़ों को यह कहते हुए सुना होगा कि हम बचपन में बाहर का जंक फूड नहीं खाते थे। ऐसे में अच्छी क्वालिटी का भोजन खाने की वजह से आज हमारी इम्यूनिटी और हड्डियां मजबूत हैं। इस बात का सीधा मतलब यह निकलता है कि बचपन से ही व्यक्ति जो चीजें खाता है, उसका सीधा असर भविष्य में बॉडी पर देखने के लिए मिलता है। यही वजह है कि बचपन से ही पौष्टिक चीजें खाना या यूं कहें कि पोषण का ध्यान रखना शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है। आइए पोषण का ध्यान रखने से होने वाले लाभों के बारे में जानते हैं।



### बचपन में पोषण का ध्यान रखना जरूरी क्यों?

बचपन का पोषण बच्चे की वृद्धि, विकास और दीर्घकालिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रारंभिक वर्षों के दौरान पर्याप्त पोषण स्वस्थ जीवन की नींव तैयार करता है। आइए इससे होने वाले लाभों के बारे में जानते हैं:

### बचपन में अच्छे पोषण के आजीवन लाभ

**वृद्धि और विकास में मददगार:** उचित पोषण शारीरिक विकास और मस्तिष्क विकास का समर्थन करता है।

**मजबूत इम्यूनिटी:** एक अच्छी तरह से पोषित बच्चा संक्रमण और बीमारियों से लड़ने के लिए बेहतर ढंग से तैयार होता है।

**बेहतर संज्ञानात्मक कार्य:** जैसा हमने आपको बताया कि पर्याप्त पोषण मस्तिष्क के विकास का समर्थन करता है, जिससे बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन और संज्ञानात्मक क्षमताएं प्राप्त होती हैं।

**क्रोनिक बीमारियों का कम जोखिम:** बचपन में अच्छा पोषण जीवन में आगे चलकर मोटापा, डायबिटीज और हृदय रोग जैसी क्रोनिक बीमारियों के जोखिम को कम कर सकता है।

**बेहतर मानसिक स्वास्थ्य:** उचित पोषण मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करता है, जिससे चिंता, डिप्रेशन और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम कम होता है।

### बचपन में अच्छा पोषण किस तरह दें?

बचपन में बच्चे को अच्छा पोषण देने के लिए माताओं को डाइट में कुछ हेल्दी चीजों को शामिल करने की जरूरत होती है। आइए इन चीजों के बारे में जानते हैं:

**संतुलित आहार:** विभिन्न प्रकार के संपूर्ण, पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ दे सकते हैं। ऐसे में आपको बच्चे को हेल्दी फलों और सब्जियों जैसी चीजों का सेवन करवाना चाहिए।

**स्तनपान सहायता:** स्तनपान को बढ़ासकती हैं। ये बच्चे और माता दोनों के विकास के लिए फायदेमंद होता है।

**पोषण शिक्षा:** देखभाल करने वालों और माता-पिता को उचित पोषण के बारे में शिक्षित करें।

**पौष्टिक खाद्य पदार्थों तक पहुंच:** स्वस्थ, किफायती खाद्य विकल्पों तक पहुंच सुनिश्चित करें। इससे बच्चे को सही पोषण प्राप्त हो सकता है।

कुल मिलाकर, बचपन में बच्चे के पोषण का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। इससे फिजिकल और मेंटल दोनों हेल्थ का फायदा होता है। साथ ही, बच्चे का इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। अगर आप बच्चे को शुरू से ही अच्छा पौष्टिक खाना खिलाएंगे, तो उनकी हेल्दी फूड ईटिंग हैबिट्स को भी बढ़ावा मिल सकता है।

### बचपन के शुरूआती विकास के लिए मुख्य पोषक तत्व

**प्रोटीन:** वृद्धि और विकास के लिए आवश्यक है।

**आयरन:** स्वस्थ रेड ब्लड सेल्स और मस्तिष्क के विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

**कैल्शियम:** मजबूत हड्डियों और दांतों के लिए आवश्यक है।

**विटामिन-डी:** हड्डियों के स्वास्थ्य और इम्यून सिस्टम के लिए महत्वपूर्ण है।

**ओमेगा-3 फैटी एसिड:** मस्तिष्क के विकास और संज्ञानात्मक कार्य का समर्थन करता है।

---

Sport

आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस का सामना मंगलवार को पंजाब किंग्स से होगा। दोनों टीमें मजबूत हैं और ये मुकाबला काफी रोचक होने की उम्मीद है। आइए जानते हैं कि गुजरात और पंजाब के बीच हेड टू हेड रिकॉर्ड कैसा है...

# आईपीएल में मंगलवार को गुजरात टाइटंस से होगी पंजाब किंग्स की भिड़ंत, जानें कौन किस पर है भारी?

**मुल्लांपुर।** आईपीएल 2026 के चौथे मुकाबले में मंगलवार को पंजाब किंग्स की भिड़ंत गुजरात टाइटंस से होगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। पंजाब और गुजरात के बीच इस लीग में कांटे की टक्कर देखने को मिली है। आईपीएल में पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच अब तक कुल छ,ह मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से पंजाब किंग्स ने तीन मैच जीते हैं जबकि तीन मुकाबलों में ही गुजरात को जीत नसीब हुई है।



### पंजाब को शीर्ष क्रम से होगी आस

आईपीएल 2025 में इन दोनों टीमों की भिड़ंत एक बार हुई थी, जहां पंजाब ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुजरात को 11 रनों से हराया था। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब ने पिछले सीजन फाइनल तक का सफर तय किया था। हालांकि, खिताबी मुकाबले में टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। पंजाब की टीम इस सीजन भी काफी मजबूत दिखाई दे रही है। शीर्ष क्रम में प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी से एक बार फिर पंजाब को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। नंबर तीन पर कप्तान श्रेयर अय्यर जिम्मेदारी संभालते हुए नजर आएंगे। अय्यर ने पिछले सीजन बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 17 मुकाबलों में 175 के स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए थे। पंजाब के कप्तान ने पूरे सीजन में छह अर्धशतक लगाए थे।

नेहल वढेरा और शशांक सिंह से भी पंजाब किंग्स को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। नेहल आईपीएल 2025 में अच्छी लय में दिखाई दिए थे और उन्होंने 16 मुकाबलों में 145 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 369 रन बनाए थे। मार्कस स्टोइनिस, मार्को यानसेन और उमरजई बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान देंगे। वहीं, मिचेल ओवेन और कूपर कोनोली आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन से छाप छोड़ना चाहेंगे।

### गुजरात के लिए सुदर्शन-गिल पर होगी जिम्मेदारी

दूसरी ओर, गुजरात टाइटंस को इस सीजन भी साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल से बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद होगी। सुदर्शन पिछले सीजन सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे और उन्होंने 15 मुकाबलों में 759, जबकि गिल ने 650 रन बनाए थे। हालांकि, जोस बटलर की हालिया फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय जरूर होगी। ग्लेन फिलिप्स के प्रदर्शन पर भी हर किसी की निगाहें रहेंगी। वॉशिंगटन सुंदर, जेसन होल्डर और राहुल तेवतिया बल्ले और गेंद से टीम की नैया को पार लगाने का प्रयास करेंगे। कगिसो रबादा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा और लुक वुड की मौजूदगी में टीम का पेस अटैक दमदार दिख रहा है। वहीं, स्पिन विभाग की कमान राशिद खान के हाथों में होगी, जिनका साथ साई किशोर और सुंदर देंगे।

# मुकाबले में बने रिकॉड्र्स; 14 साल का सूखा खत्म

**मुंबई।** रोहित शर्मा (78) और रेयान रिकेल्टन (81) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ मुंबई ने 13 साल से चले आ रहे हार के सिलसिले को भी तोड़ दिया। दरअसल, मुंबई ने पिछली बार 2012 में सत्र का ओपनिंग मुकाबला जीता था। इसके बाद से वह लगातार 13 साल तक ओपनिंग मैच नहीं जीत पाई थी। अब टीम ने केकेआर को हराकर इस अनचाहे रिकॉर्ड से पीछा छुड़ा लिया है।

वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर ने अजिंक्य रहाणे (67) और अंगकृष रघुवंशी (51) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 220 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन की शतकीय साझेदारियों की सहायता से 19.1 ओवर में चार विकेट पर 224 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।



**आईपीएल में मुंबई का सबसे बड़ा सफल रन चेज:** मुंबई ने कोलकाता के खिलाफ 221 रन का लक्ष्य हासिल कर इतिहास रच दिया। यह आईपीएल में एमआई का अब तक का सबसे बड़ा सफल चेज है, जिसने 2021 में सीएसके के खिलाफ 219 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। वानखेड़े में भी यह सबसे बड़ा चेज बन गया।

**5107 दिनों बाद पहला मैच जीती मुंबई इंडियंस:** मुंबई इंडियंस ने 2012 के बाद पहली बार आईपीएल सीजन का अपना पहला मैच जीता। 5107 दिनों तक टीम अपने ओपनिंग मैच हारती रही, जिसमें 13 लगातार सीजन शामिल हैं।

**सिर्फ पांचवीं बार जीता ओपनिंग मैच:** आईपीएल के 19 सीजन में यह सिर्फ पांचवीं बार हुआ है जब मुंबई ने अपना पहला मैच जीता। इससे पहले 2009 से 2012 तक लगातार चार बार ऐसा हुआ था।

**रोहित शर्मा का सबसे तेज अर्धशतक:** रोहित शर्मा ने सिर्फ 23 गेंदों में फिफ्टी लगाई, जो उनके आईपीएल करियर की सबसे तेज फिफ्टी है। इससे पहले उनका सबसे तेज अर्धशतक 25 गेंदों में आया था।

**एमआई के लिए भी संयुक्त रूप से सबसे तेज फिफ्टी:** रोहित की यह 23 गेंदों वाली फिफ्टी मुंबई के लिए भी उनकी सबसे तेज पारियों में से एक है। उन्होंने 2013 चैंपियंस लीग टी20 में भी इतनी ही गेंदों में अर्धशतक जड़ा था।

**ओपनिंग मैच में दूसरी बार फिफ्टी:** 19 सीजन में यह सिर्फ दूसरी बार है जब रोहित ने सीजन के पहले मैच में अर्धशतक लगाया। पहली बार उन्होंने 2015 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 98 रन बनाए थे।

### पीएसएल में गेंद से छेड़खानी को लेकर घिरे फखर-अफरीदी और रजा

**लाहौर।** पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज फखर जमां, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के बीच पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के मैच के दौरान गेंद से छेड़खानी के आरोपों को खारिज किया है। फखर को मैच रेफरी रोशन महानामा ने पीएसएल की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आचार संहिता की धारा 2.14 के तहत लेवल तीन के अपराध का दोषी पाया था।

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समय: दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समय: सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**STAFF REQUIRED**
SUNRISE COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES
Ingoriya, Ujjain–Badnagar Road
Qualified teaching staff required for BA, B.Com & B.Sc courses.
POSITIONS AVAILABLE:
• Principal
• Assistant Professor
• Lecturer
ELIGIBILITY:
PG, NET/SET, Ph.D (Preferred)
CONTACT (DIRECTOR):
8827448385

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/- ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें 9977140280

## न्यूज कॉलम

### फर्नीचर दुकान में सुबह लगी आग फायर ब्रिगेड ने कहा कारण स्पष्ट नहीं




**इंदौर।** राजेंद्र नगर इलाके में एबी रोड स्थित रीजनल पार्क के आगे फर्नीचर की दो दुकानों में सोमवार अलसुबह भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते दोनों दुकानें जलकर खाक हो गईं। हादसे में लाखों रुपए का फर्नीचर नष्ट हो गया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब 4.15 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही 10 मिनट के भीतर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि यहां संजय और विजय नाम के दो सगे भाई फर्नीचर का कारोबार करते हैं। दोनों की दुकानें पास-पास शेड बनाकर संचालित की जा रही थीं। लकड़ी और अन्य ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते पूरा सामान चपेट में आ गया। दमकलकर्मियों ने करीब 27 हजार लीटर से ज्यादा पानी डालकर आग पर काबू पाया। इसके अलावा नगर निगम के टैंकर ने भी पास के पंप से पानी लाकर मदद की।

### एमडी ड्रग्स के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार एक लाख की एमडी और कार जब्त




**इंदौर।** इंदौर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई के तहत बाणगंगा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी कार में एमडी ड्रग्स लेकर जा रहे थे, जिसे उन्होंने पिछली सीट के पास छिपा रखा था। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, शहर में ड्रग्स के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान पुलिस टीम बीती रात इलाके में गश्त और रूटीन चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध कार नजर आई, जिसे रोककर पूछताछ की गई। कार में सवार तीनों युवक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और अलग-अलग बातें करने लगे। शक होने पर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की और कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार की पिछली सीट के पास 10 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने अपने नाम अनीश पठान (निवासी चंदन नगर), जुबेर खान (निवासी चंद्रभागा) और रेहान मंसूरी (निवासी धार रोड) बताए हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 1 लाख रुपए कीमत की एमडी ड्रग्स और 4 लाख रुपए कीमत की कार जब्त की है। कुल जब्ती करीब 5 लाख रुपए की बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि ड्रग्स कहां से लाई गई थी और किन लोगों तक सप्लाई की जानी थी। पुलिस का मानना है कि पूछताछ में ड्रग्स सप्लाई के बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है।

### भेरूघाट पर खराब ट्रक के कारण लगा जाम, वाहन चालक हुए परेशान



**इंदौर।** खंडवा रोड स्थित भेरूघाट पर रविवार को ट्रक खराब होने से फिर जाम लग गया। इससे 2-3 घंटे तक लोग परेशान होते रहे। स्थानीय रहवासियों के अनुसार छुट्टी का दिन होने से ओंकारेश्वर जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा थी। इससे ट्रैफिक का फ्लो बढ़ गया था। कुछ देर में स्थिति संभाल ली थी, मामले में सिमरोल टीआई कुलदीप खत्री ने बताया एक ट्रक के खराब होने से कुछ समय के लिए स्थिति बिगड़ गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को हटवाकर यातायात को सुचारु किया गया।

महावीर जन्म कल्याणक पर इंदौर में आस्था का महासंगम

# 131 मंदिरों में विशेष पूजा-अभिषेक, कांच मंदिर से निकली भव्य स्वर्ण रथ यात्रा...





दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भगवान महावीर जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर शहर के 131 जैन मंदिरों में प्रातःकाल श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा का अभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना की। पर्व के उल्लास में अधिकतर घरों पर धर्मध्वजा फहराई गई।

दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद, इंदौर के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, आनंद गोधा और प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि आज कांच मंदिर, इंदौर (हुकुमचंद मार्ग) से भव्य स्वर्ण रथ यात्रा निकाली गई। स्वर्ण रथ के सारथी बनने का सौभाग्य रोहित गंगवाल परिवार को प्राप्त हुआ है। शोभायात्रा के प्रमुख संयोजक नकुल पाटोदी और हर्ष जैन थे।

स्वर्ण रथ यात्रा में 11 घोड़े, चार हाईटेक बग्घियां, बैंड-बाजे और पांच गोटों का लवाजमा शामिल थे। रथ में रजत सिंहासन पर भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा विराजित होकर नगर भ्रमण किया।

**यह था शोभायात्रा मार्ग-** शोभायात्रा मल्हारगंज, गोरा कुंड, खजूरी बाजार, राजबाड़ा और जवाहर मार्ग से होते हुए पुनः कांच मंदिर पहुंची। मार्ग में विभिन्न मंदिरों, समाजों और सोशल ग्रुपों द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई तथा कई स्थानों पर स्वागत मंच लगाकर भव्य स्वागत किया गया। गोरा कुंड, राजबाड़ा और जवाहर मार्ग पर निर्णायक मंडल के मंच लगाए गए, जहां श्रेष्ठ तीन झांकियों का चयन किया गया।

**समाज का भोज और पुरस्कार वितरण-** इतरिया बाजार में समाज के भोज की व्यवस्था की गई, जिसके पुण्यार्जक सुभाष सामरिया परिवार हैं। रथ यात्रा के पुरस्कार आकाश जैन कोल परिवार द्वारा प्रदान किए गए।

**युवाओं ने खींचा स्वर्ण रथ-** 100 वर्षों के इतिहास में पहली बार स्वर्ण रथ को मयंक जैन के नेतृत्व में युवा हाथों से खींचा। शोभायात्रा के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न क्षेत्रों में समाजजनों को जिम्मेदारियां सौंपी गई थी।

### महावीर जन्म कल्याणक पर द्वारकापुरी में बहुआयामी स्वास्थ्य शिविर

- महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में श्वेताम्बर जैन महासंघ के तत्वावधान में शीतलनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर, द्वारकापुरी, इंदौर पर बहुआयामी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि शिक्षाविद् एवं अर्थशास्त्री डॉ. जयंतीलाल भंडारी ने कहा कि भगवान महावीर के उपदेशों में अच्छे स्वास्थ्य और संतुलित जीवन के सूत्र समाहित हैं।
- उन्होंने कहा कि अहिंसा, अपरिग्रह, संयम, शाकाहार, क्षमा और जियो व जीने दो जैसे सिद्धांत न केवल आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग हैं, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं। नवकार मंत्र सकारात्मक ऊर्जा प्रदान कर जीवन को संतुलित बनाता है और रोगों से बचाव में सहायक सिद्ध होता है। शिविर में 500 से अधिक लोगों की विभिन्न स्वास्थ्य जांचें एवं उपचार निःशुल्क किए गए।
- इनमें नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन, हृदय रोग जांच, स्त्री रोग परामर्श, डायबिटीज एवं बीपी जांच, घुटनों के एक्स-रे, दंत चिकित्सा सहित अन्य सेवाएं रहीं। शिविर के माध्यम से समाज सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश देते हुए महावीर जन्म कल्याणक को सार्थक रूप से मनाया गया।

## 16 साल की नाबालिग के गले में लगा फंदा

परिवार ने बताया झूला झूलते समय हुआ हादसा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

चंदन नगर इलाके में 16 वर्षीय नाबालिग घर में फांसी के फंदे पर मिली। घटना का पता तब चला, जब शाम तक वह कमरे से बाहर नहीं निकली। परिवार के लोगों ने देखा तो वह फंदे पर मिली।

रविवार सुबह उसने परिवार के साथ नाश्ता किया और दिनभर सामान्य रूप से घर में रही। दोपहर में वह अपनी भाभी से बात करती रही, इसके बाद कमरे में चली गई। परिजनों ने बताया कि शाम तक माहिमा कमरे से बाहर नहीं आई तो मां उसे देखने पहुंची। इसी दौरान घटना का पता चला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। माही के पिता हाट-बाजार में दुकान लगाते हैं। परिवार में माता-पिता और एक भाई हैं। माही के भाई रूपेश के अनुसार वह आठवीं कक्षा में पढ़ रही थी। उन्होने बताया कि वह कमरे में झूला झूल रही थी। इस दौरान अचानक उसके गले में रस्सी का फंदा लग गया। इससे उसका दम घुट गया। परिवार ने पूरी घटना को एक हादसा बताया है।

**कनाड़िया में चौकीदार ने लगाई फांसी-** कनाड़िया थाना क्षेत्र के अंबा मुलिया गांव में 23 वर्षीय युवक रामजीवन बलाई ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने शाम के समय उसे फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। रामजीवन खेत पर चौकीदारी का काम करता था और अपनी मां के साथ रहता था। उसका परिवार देवास जिले के खातेगांव में रहता है। पुलिस दोनों मामलों में आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

मैसेज, ईमेल और लिंक को लेकर रहें सावधान

## आईटीआर भरने, करेक्शन या रिफंड के नाम पर होने वाले साइबर फ्रॉड से बचें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

फाइनेंशियल ईयर खत्म होने वाला है। ऐसे में लोग टैक्स भरते हैं। जिसका फायदा उठाकर ठग अक्सर टैक्स रिफंड, केवाईसी अपडेट या आईटीआर में गलती सुधारने के बहाने फर्जी मैसेज, ई-मेल या फर्जी लिंक भेजकर उन्हें निशाना बनाते हैं।

ऐसे में लोगों को इन साइबर ठगों से बचने और सावधानी रखने की जरूरत है। इसे लेकर इंदौर पुलिस ने सोमवार को एडवाइजरी जारी की है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि ऐसे सभी फर्जी मैसेज, लिंक आदि पर बिना वेरिफाई करे बिल्कुल क्लिक ना करें और ओटीपी/बैंक डिटेल्स भी साझा ना करें। आईटीआर संबंधी सभी काम के लिए केवल अधिकारिक वेबसाइट का इस्तेमाल ही करें।

इंदौर पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी में बताया गया है कि आयकर विभाग के नाम से आने वाले फर्जी कॉल, मैसेज या आईटीआर पेंडिंग मैसेज से सावधान रहें। साइबर ठग टैक्स का डर दिखाकर ओटीपी, बैंक डिटेल या पैसे मांग सकते हैं।

## बेंगलुरु भेजा किराने का सामान रास्ते से गायब

ड्राइवर बोला- रास्ते में हूं, फिर मोबाइल बंद कर हुआ फरार, आगरा के व्यापारी ने दर्ज कराया केस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर




भंवरकुआं थाना क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट से भेजे गए माल के गबन का मामला सामने आया है। पालदा से बेंगलुरु भेजा गया सामान तय समय पर नहीं पहुंचा। ड्राइवर पहले बहाने बनाता रहा, फिर मोबाइल बंद कर गायब हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक आगरा निवासी यतिन गंभीर ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पालदा स्थित वैदांत ऑर्गेनिक्स से 19 मार्च 2026 को ट्रक में माल लोड कर बेंगलुरु भेजा गया था। यह माल बिग बास्केट (पपार्स ट्रेडिंग कंपनी) को 22 मार्च तक पहुंचना तय था।

पहले कहा- रास्ते में हूं, फिर फोन बंद ट्रक चालक देवेंद्र कुमार अहिरवार (निवासी अशोकनगर) ने तय समय पर डिलीवरी नहीं की। पूछने पर उसने एक दिन की देरी बताते हुए रास्ते में होने की बात कही, लेकिन इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया।

जब लगातार संपर्क नहीं हो सका तो मैनेजर दीपक ने बेंगलुरु की कंपनी और एजेंट से बात की। वहां माल नहीं पहुंचने की पुष्टि हुई, जिसके बाद भंवरकुआं थाने में शिकायत की गई। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ गबन का केस दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है।

होटल की फाइव स्टार रेंटिंग करने के लिए

## कमीशन के नाम पर 3.12 लाख ऐंठे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



शहर में ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। लसूड़िया क्षेत्र में टेलीग्राम के जरिए होटल और प्रॉपर्टी को 5 स्टार रेटिंग देने के नाम पर एक युवक से लाखों रुपए की ठगी कर ली गई। मामला साइबर सेल तक पहुंच गया और जांच जारी है।

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक पिंक सिटी निवासी विनय कुमार को 23 नवंबर 2025 को बजाज फिनसर्व कंपनी के नाम से मैसेज मिला। इसमें रोजाना रेटिंग देने पर कमीशन देने का लालच दिया गया। शुरूआत में छोटे अमाउंट डलवाए गए और फिर धीरे-धीरे बड़ी रकम जमा करवाई गई।

**इंसेंटिव का झांसा, बढ़ती गई रकम-** आरोपियों ने पहले करीब 1.62 लाख रुपए खाते में डलवाए। इसके बाद इंसेंटिव का लालच देकर और पैसे मांगते रहे। प्रीति नाम की महिला ने 1 लाख रुपए और डालने पर पूरा पैसा इंसेंटिव के साथ लौटाने की बात कही।

**शक हुआ तो बैंक और साइबर सेल पहुंचा-** मामला शक होने पर विनय ने एचडीएफसी बैंक में कॉल कर ट्रांजेक्शन रुकवाने की कोशिश की और साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित के मुताबिक वह अब तक करीब 3 लाख 12 हजार रुपए आरोपियों को दे चुका है। बाद में आरोपियों ने उसे व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर ब्लॉक कर दिया।

### युवती से 19 लाख की ठगी, जान-पहचान का फायदा उठाया

एक अन्य मामले में युवती के साथ करीब 19 लाख रुपए की ठगी सामने आई है। पुलिस के मुताबिक पारुल नाम की युवती ने शिकायत दर्ज कराई है कि शुभम गुप्ता नाम के व्यक्ति ने कई ट्रांजेक्शन के जरिए उसके खाते से करीब 18.81 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। इस मामले में भी साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है और एफआईआर दर्ज कर ली गई है।






















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com